www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

सत्यमेव जयते

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
ई-संस्करण वार्षिक शुल्क : ₹400/-

वर्ष 1976 से

रोज़गार समाचार

साप्ताहिक

50 वर्ष

खंड-51 अंक-28 पृष्ठ 48 | नई दिल्ली 10 - 16 अक्तूबर 2026 | मूल्य ₹ 12.00 (₹ 530 वार्षिक)

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना


मत्स्य संपदा सशक्तीकरण, नीली अर्थव्यवस्था को नई गति

मछली बाजार की चहल-पहल के पीछे कामकाज की एक पूरी दुनिया है, जो मछुआरों, मत्स्य पालकों, बर्फ संयंत्रों में काम करने वाले लोगों, परिवहनकर्ताओं और व्यापारियों को आजीविका की ऐसी शृंखला में जोड़ती है, जिसका विस्तार जल क्षेत्र से कहीं आगे तक है। उत्पादन, भंडारण, परिवहन और बिक्री के बीच यह जुड़ाव मत्स्य क्षेत्र को समझने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

भारत में मत्स्य क्षेत्र लगभग तीन करोड़ लोगों की आजीविका का आधार है और तटीय तथा वंचित समुदायों के लिए इसका विशेष महत्व है। इसका योगदान घरेलू आय और खाद्य आपूर्ति से लेकर रोज़गार और निर्यात आय तक फैला हुआ है। इसलिए इस क्षेत्र के महत्व को केवल पकड़ी जाने वाली मछलियों की मात्रा से नहीं आंका जा सकता। इसका महत्व मछलियों को बाजार तक पहुंचाने से जुड़े अवसरों में भी निहित है। यहीं नीली अर्थव्यवस्था की अवधारणा रोज़मर्रा के जीवन के संदर्भ में प्रासंगिक हो जाती है। मत्स्य क्षेत्र में इसका अर्थ जलीय संसाधनों के उपयोग को भोजन, रोज़गार और आय से जोड़ना है और साथ ही भविष्य के लिए इन संसाधनों का संरक्षण करना भी है। इसमें जल संसाधन जितने महत्वपूर्ण हैं, उतने ही महत्वपूर्ण वे लोग और व्यवसाय भी हैं, जिनकी आजीविका इन पर निर्भर है।

समुद्री मत्स्य पालन से आगे

मत्स्य पालन की आम छवि समुद्र से तट पर लौटती नाव की होती है। लेकिन इस क्षेत्र की गतिविधियों का एक बड़ा हिस्सा समुद्र तट से दूर उन तालाबों और जलाशयों में भी होता है, जहां मछलियां पाली जाती हैं। मत्स्य विकास में तटीय और समुद्री क्षेत्रों के साथ-साथ अंतर्देशीय क्षेत्रों, हिमालयी तथा पूर्वोत्तर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भी शामिल किया गया है। इससे इस क्षेत्र का दायरा परंपरागत रूप से समुद्री मत्स्य पालन से जुड़े समुदायों से आगे बढ़ता है। इन विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन को सहायता प्रदान करना वर्ष 2020 में शुरू की गई प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के उद्देश्यों में से एक है। इसके दायरे में मत्स्य पालन की बेहतर पद्धतियां, प्रशिक्षण, रोग निगरानी और उत्पादन को बाजार से जोड़ने वाली सुविधाएं शामिल हैं। जलाशयों में मत्स्य पालन के लिए इस्तेमाल होने वाले तालाबों और पिंजरों के लिए सहायता भी इस प्रयास का हिस्सा है।



एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आवश्यकता से अधिक भूमि और पानी का उपयोग किए बिना उत्पादन कैसे बढ़ाया जाए। कुछ मत्स्य पालन प्रणालियों में अपशिष्ट हटाने के बाद पानी को छानकर उसका दोबारा उपयोग किया जाता है। एक अन्य विधि में लाभकारी सूक्ष्मजीवों का इस्तेमाल किया जाता है। इस विधि को बायोफ्लॉक कहा जाता है। ये सूक्ष्मजीव पानी को साफ रखने में मदद करते हैं और छोटे-छोटे गुच्छे बनाते हैं, जिन्हें मछलियां खा सकती हैं। दोनों तकनीकें अलग-अलग हैं, लेकिन इनका उद्देश्य मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देते हुए संसाधनों का अधिक कुशल उपयोग करना है। गतिविधियों का दायरा भी बढ़ रहा है। समुद्री शैवाल की खेती और सजावटी मछलियों का पालन खाद्य उपयोग के लिए मछली उत्पादन से अलग उद्यम के अवसर प्रदान करते हैं। इन गतिविधियों के लिए सहायता इस बात को रेखांकित करती है कि मत्स्य क्षेत्र केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि अलग-अलग जरूरतों और संभावनाओं वाली परस्पर संबंधित गतिविधियों का समूह है।

इस अंक में 5,589+ रिक्तियां

मछली पकड़ने के बाद का काम

मछली उत्पादन कार्य का केवल एक हिस्सा है। खरीदार तक पहुंचने से पहले उसकी गुणवत्ता बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बर्फ, शीत भंडारण और परिवहन को भले ही मछली पकड़ने वाली नौकाओं या तालाबों जितना ध्यान न मिले, लेकिन ये उत्पादन को बिक्री से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पीएमएमएसवाई के तहत बुनियादी ढांचा सहायता में इन सुविधाओं के साथ मत्स्य बंदरगाह, नावों से मछलियां उतारने के स्थान और खुदरा तथा थोक बाजार भी शामिल हैं।

बर्फ, पकड़ी जाने वाली मछलियों की संख्या तो नहीं बढ़ाती, लेकिन मत्स्य गतिविधियों के दौरान मछलियों को ताजा रखने और उनके खराब होने की आशंका कम करने में मदद करती है। इसका महत्व पहले से किए गए उत्पादन को सुरक्षित रखने में है। यही सिद्धांत बताता है कि भंडारण और परिवहन मत्स्य विकास के हिस्से महत्वपूर्ण क्यों हैं। पानी में किए जाने वाले काम के साथ-साथ बाजार तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया पर भी ध्यान देना आवश्यक है।

ये सहायक गतिविधियां मत्स्य क्षेत्र को उन लोगों के लिए भी प्रासंगिक बनाती हैं, जो स्वयं मछली पकड़ते या पालते नहीं हैं। बर्फ संयंत्र चलाना, परिवहन सेवा संचालित करना, भंडारण का प्रबंधन करना या मत्स्य बिक्री केंद्र के माध्यम से मछलियां बेचना अलग-अलग प्रकार के रोज़गार हैं। पीएमएमएसवाई के तहत स्वीकृत परियोजनाओं में इन सभी गतिविधियों के लिए सुविधाएं शामिल हैं, जिनमें जीवित मछली बिक्री इकाइयां, कियोस्क और बाजार भी शामिल हैं। यही आजीविका का व्यापक संबंध है। उत्पादन से सेवाओं की जरूरत पैदा होती है और ये सेवाएं उत्पादकों को खरीदारों तक पहुंचने में मदद करती हैं। मत्स्य पालक की बाजार तक पहुंच और परिवहनकर्ता का व्यवसाय भले ही अलग-अलग पेशे हों, लेकिन दोनों एक ही उत्पाद को बाजार तक पहुंचाने की प्रक्रिया से जुड़े हुए हैं।

विदेशी बाजारों तक पहुंच

भारतीय मत्स्य उत्पादों का बाजार देश की सीमाओं से बाहर तक फैला हुआ है। पीएमएमएसवाई की छह वर्षीय समीक्षा के अनुसार, मत्स्य निर्यात से होने वाली आय 2019-20 के 46,663 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 73,890 करोड़ रुपये हो गई। पूरे क्षेत्र से संबंधित ये आंकड़े घरेलू खाद्य आपूर्ति और आजीविका में इस क्षेत्र की भूमिका के साथ-साथ विदेशी व्यापार के बढ़ते महत्व को दर्शाते हैं। हालांकि, निर्यात ऐसी गतिविधि नहीं है, जो कोई खेप भारत से रवाना होने के समय ही शुरू होती है। यह उससे पहले होने वाले उत्पादन, सावधानीपूर्वक रखरखाव, भंडारण और परिवहन जैसे कार्यों से जुड़ा है। योजना के तहत गुणवत्ता प्रमाणन और उत्पादन से लेकर बिक्री तक विभिन्न चरणों में मछलियों का पता लगाने वाली ट्रेसबिलिटी प्रणालियों के लिए भी सहायता शामिल है। ये उपाय उत्पाद को बाजार तक पहुंचाने में सहायक भौतिक सुविधाओं में किए जाने वाले निवेश के साथ-साथ चलते हैं।

विदेशी बाजारों में मजबूत उपस्थिति केवल बिक्री के लिए पर्याप्त मात्रा में मछली उपलब्ध होने पर निर्भर नहीं करती। उत्पादकों को ऐसी सेवाओं और खरीदारों से जुड़ाव की भी आवश्यकता होती है, जो व्यापार को संभव बनाते हैं। इसलिए निर्यात वृद्धि और स्थानीय आजीविका के अवसर विभिन्न चरणों में किए जाने वाले कार्यों के माध्यम से आपस में जुड़े हुए हैं। अवसर केवल विदेशों में अधिक बिक्री करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन संपर्कों को बेहतर बनाने में भी है, जिनके माध्यम से मछुआरे, मत्स्य पालक और संबंधित व्यवसाय बाजार में भागीदारी करते हैं। उत्पादन और बाजार तक पहुंच के लिए निरंतर सहायता का उद्देश्य अधिक आय के अवसर पैदा करना है, जबकि मत्स्य क्षेत्र रोज़गार और निर्यात आय के माध्यम से अर्थव्यवस्था में योगदान देता है।

शेष पृष्ठ 2 पर

अस्वीकरण

'रोज़गार समाचार', सोशल मीडिया अथवा किसी अन्य अनधिकृत मंच पर प्रसारित भर्ती विज्ञापनों की प्रामाणिकता के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती संबंधी प्रामाणिक जानकारी के लिए केवल एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार के आधिकारिक मुद्रित संस्करण, www.eneversion.nic.in पर उपलब्ध आधिकारिक ई-संस्करण तथा संबंधित भर्ती संस्थानों की आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करें। - संपादक

Follow us @Employ_News

Follow us @EmploymentNews

पृष्ठ 1 का शेष

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य संपदा सशक्तीकरण, नीली अर्थव्यवस्था को नई गति



भागीदारी को आसान बनाना

आजीविका को सहारा देने में सुविधाओं तक पहुंच एक पहलू है। वित्त, बीमा और सामूहिक प्रतिनिधित्व तक पहुंच इसका दूसरा पहलू है। पीएमएमएसवाई, मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों के लिए सहायता प्रदान करती है। ये संगठन मछुआरों और मत्स्य पालकों को एक साथ लाते हैं तथा उनकी मोलभाव की क्षमता को मजबूत करने का प्रयास करते हैं। इस तरह की सहायता इस तथ्य को स्वीकार करती है कि बाजार में किसी छोटे उत्पादक की स्थिति केवल उसके उत्पादन से निर्धारित नहीं होती; संगठित होने और आर्थिक हितों से सामूहिक रूप से निपटने की उसकी क्षमता भी महत्वपूर्ण होती है।

राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल प्लेटफॉर्म, एक एकीकृत डिजिटल प्रणाली उपलब्ध कराता है, जिसके माध्यम से लाभार्थी संस्थागत ऋण, जलीय कृषि बीमा और अन्य सेवाओं तक पहुंच सकते हैं। यह सहकारी समितियों और प्रशिक्षण को भी सहायता प्रदान करता है। इसके साथ ही योजना में मछुआरों की सुरक्षा, बीमा और आजीविका सहायता भी शामिल है। ये ऐसी जरूरतें हैं, जो केवल उत्पादन बढ़ाने या सुविधाओं के निर्माण तक सीमित नहीं हैं। ये सभी क्षेत्र मत्स्य क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की अलग-अलग जरूरतों को सामने लाते हैं। तालाब, नाव या बिक्री केंद्र इस तस्वीर का एक हिस्सा हैं। कौशल, वित्तीय पहुंच और जोखिमों से सुरक्षा भी उतने ही महत्वपूर्ण हिस्से हैं।

आजीविका के स्रोत को सुरक्षित रखना

मत्स्य अर्थव्यवस्था अंततः उन संसाधनों पर निर्भर करती है, जो इसे बनाए रखते हैं। इसलिए इसके दीर्घकालिक विकास में केवल उत्पादन और व्यापार ही नहीं, बल्कि जल और जलीय जीवन का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग भी शामिल है। पीएमएमएसवाई में संसाधन-कुशल मत्स्य पालन और संरक्षण के लिए सहायता शामिल है, जबकि इसकी तटीय ग्राम पहल बुनियादी ढांचे, आजीविका और मछलियों को पकड़ने के बाद उनके रखरखाव से संबंधित सुविधाओं के माध्यम से जलवायु अनुकूलन क्षमता पर ध्यान देती है।

इससे क्षेत्र के विभिन्न हिस्से एक-दूसरे से जुड़ते हैं। बेहतर उत्पादन पद्धतियां पानी में होने वाली गतिविधियों से संबंधित हैं। भंडारण और परिवहन उसके बाद की प्रक्रिया को संभालते हैं। बाजार उत्पाद को खरीदारों से जोड़ते हैं, जबकि वित्त, प्रशिक्षण और सामूहिक संगठन इस पूरी प्रक्रिया में शामिल लोगों को सहायता प्रदान करते हैं। इस दृष्टि से देखें तो मत्स्य क्षेत्र न तो केवल ग्रामीण व्यवसाय है और न ही केवल निर्यात कारोबार। यह आर्थिक गतिविधियों के विभिन्न चरणों में भोजन, उद्यम और आजीविका को एक-दूसरे से जोड़ता है। नीली अर्थव्यवस्था में इसका योगदान इन्हीं आपसी संबंधों और उन जलीय संसाधनों को बनाए रखने में निहित है, जिन पर यह क्षेत्र निर्भर करता है।

(पीआईबी से प्राप्त इनपुट के साथ ईएन टीम द्वारा संकलित लेख)

मुंबई पत्तन प्राधिकरण

विज्ञापन सं. DR-20 दिनांक: 28/09/2026

निम्नलिखित वर्ग-I एवं वर्ग-II पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

वर्ग-I		
i.	सहायक कार्यकारी अभियंता (सिविल)	05 - 02 UR, 01 OBC, 01 SC, 01 ST
ii.	कार्यकारी अभियंता (सिविल)	13- 12 UR, 1 PwBD (SLD, MI)
iii.	उप सामग्री प्रबंधक	01 UR
iv.	कार्यकारी अभियंता (दूरसंचार / इलेक्ट्रॉनिक्स)	01 UR
v.	लेखा अधिकारी श्रेणी - I	01 UR
vi.	सहायक यातायात प्रबंधक श्रेणी - I	01 UR
vii.	सहायक संपदा प्रबंधक श्रेणी - I	02-01 UR, 01 SC
वर्ग-II		
i.	सहायक सुरक्षा अधिकारी	01 OBC

विस्तृत जानकारी MbPA की वेबसाइट **www.mumbaiport.gov.in** (People & Career/Jobs Menu) पर उपलब्ध है।

a) उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को उक्त MbPA वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक है।

b) आवेदन जमा करने और शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि **28/10/2026** है।

व्यवस्थापक (मानव संसाधन)

EN 28/73



रोज़गार समाचार

अम्बरीष बी. किशोर
मुख्य संपादक

रहीसुद्दीन रिहान
संपादक

अक्षित मलिक
उप-संपादक (विज्ञापन)

मिहिर कुमार बासु
उत्पादन अधिकारी

शशि प्रकाश सिंह
सहायक निदेशक (उत्पादन)

अभिषेक चतुर्वेदी
संपादक (प्रसार)

पता : रोज़गार समाचार, सातवां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003

विज्ञापन :
sec-advertise-moib@gov.in

प्रसार और शिकायत
en-support@gov.in

संपादकीय : 011-24369426
विज्ञापन : 011-24369429/30
प्रसार : 011-24044000/24044001
लेखा (विज्ञा.) : 011-24369419

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
अनुसंधान केंद्र इमारत (आर सी आई)
डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रक्षेपास्त्र समष्टि
विज्ञान कांचा, हैदराबाद- 500069
ईमेल / Email Id: hrd.apply@gov.in

Government of India, Ministry of Defence
Defence Research & Development Org (DRDO)
RESEARCH CENTRE IMARAT
Dr. APJ Abdul Kalam Missile Complex
Vignyana Kancha, Hyderabad - 500 069
ईमेल / Email Id: hrd.apply@gov.in

विज्ञप्ति अधिसूचना सं. आर सी आई/ एच आर डी / शिक्षुता / विज्ञापन / 2027
वर्ष 2027 के लिए शिक्षुओं की नियुक्ति
(शिक्षु अधिनियम 1961 के अधीन, संशोधित 1961, 1973, 1992, 2019 & 2025)
Advertisement Notification No. RCI / HRD / Apprenticeship/Advt/2027
ENGAGEMENT OF APPRENTICES FOR THE YEAR 2027
(Under The Apprentices Act 1961 as amended in 1961, 1973, 1992, 2019 & 2025)

अनुसंधान केंद्र इमारत, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल कॉम्प्लेक्स, डी आर डी ओ की एक प्रमुख प्रयोगशाला है जो युवा एवं मेधावी भारतीय नागरिकों से एक वर्ष की अवधि के लिए शिक्षुओं की नियुक्ति (स्नातक, डिप्लोमा, एवं आई टी आई) हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नवत् है:

Research Centre Imarat (RCI) a premier laboratory of Dr APJ Abdul Kalam Missile Complex, DRDO invites online applications from young and meritorious Indian Nationals for the Engagement of Apprentices (Graduate, Diploma and ITI) for a period of One year as per the details given below:

क्रम संख्या S. No.	शिक्षुता प्रशिक्षण वर्ग Apprenticeship Training Category	अनिवार्य अर्हता Essential Qualification	रिक्तियों की संख्या No. of Vacancies	छात्रवृत्ति Stipend
1.	स्नातक शिक्षु / Graduate Apprentice	B.E. / B.Tech in ECE, Instrumentation Engg, EEE, CSE, Mechanical, Chemical Engg. Metallurgical Engg, Safety Engg, Aeronautical Engg. Aerospace Engg and Civil Engg.	50*	सरकार के मानदण्डों के अनुसार. संदर्भ राजपत्र दिनांक 03/ सितंबर/2025 As per Govt. norms. Refer Gazette dated 03/Sep/2025
2.	तकनीकी शिक्षु (डिप्लोमा) / Technician Apprentice (Diploma)	Diploma in ECE, Instrumentation Engg. EEE, CSE, Mechanical, Chemical Engg, Metallurgical Engg and Safety Engg.	30*	
3.	ट्रेड शिक्षु आई टी आई उत्तीर्ण (एन सी वी टी / एस सी वी टी संबद्ध) Trade Apprentice ITI pass out (NCVT/ SCVT Affiliation)	ITI in Fitter, Welder, Turner, Machinist, Mechanic-Diesel, Electronic Mechanic, Electrician, and COPA (Computer Operator Programming Assistant) Draughtsman Engg (Mech) and Grinder.	115*	

* रिक्तियां भिन्न हो सकती हैं. / Vacancies may vary.

नोट : स्नातक एवं तकनीकी शिक्षु के संबंध में डी बी टी के अंतर्गत शिक्षुता एवं प्रशिक्षण बोर्ड (बी ओ ए टी) से 50 प्रतिशत की छात्र वृत्ति प्राप्त करने के लिए बैंक खाते का आधार से जुड़ा होना अनिवार्य है.

Note: In respect of Graduate & Technician Apprentice, it is mandatory to have Aadhaar Seeded Bank account to receive 50% of stipend from Board of Apprenticeship and Training (BOAT) under Direct Benefit Transfer (DBT) Scheme.

आवेदन की प्रक्रिया / Application Procedure:

1. आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे सभी पात्रता मापदंड और अन्य मानदंडों को पूरा करते है जिसका उल्लेख विस्तृत विज्ञप्ति **https://drdo.gov.in** में किया गया है.

   Before applying, the candidates should ensure that he/she fulfils the eligibility criteria and other norms mentioned in the detailed Advertisement available on **https://drdo.gov.in**.

2. बी.ई. / बी.टेक. / डिप्लोमा अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रेशन एन ए टी एस 2.0 पोर्टल **https://nats.education.gov.in** पर और आई टी आई ट्रेड शिक्षु को **https://apprenticeshipindia.gov.in** पर अनिवार्य रूप से करना होगा.

   Registration of B.E / B.Tech / Diploma candidates on **NATS 2.0 portal https://nats.education.gov.in** and ITI trade apprentices on **https://apprenticeshipindia.gov.in** is mandatory.

3. बी.ई. / बी.टेक. / डिप्लोमा अभ्यर्थी **https://nats.education.gov.in** पर लॉगइन करके अनुसंधान केन्द्र इमारत एम्प्लॉयमेंट आई डी **STLRAC000010** का चयन करके आवेदन कर सकते है.

   B.E/B.Tech / Diploma candidates may apply by logging into portal **https://nats.education.gov.in** by selecting **Research Centre Imarat, DRDO. Enrolment ID: STLRAC000010**.

4. आई टी आई ट्रेड अभ्यर्थी **https://apprenticeshipindia.gov.in** पोर्टल पर लॉगइन करके अप्रेन्टिस अपॉर्चुनिटी पर क्लिक करके स्थापना के नाम की खोज को **'रिसर्च सेंटर इमारत, (स्थापना आई डीः E05203600040)** के साथ टाईप करके संबंधित ट्रेड का चयन करके आवेदन करें.

   ITI trade candidates may apply by logging into portal **https://apprenticeshipindia.gov.in** by clicking on **'Apprenticeship Opportunities'** and by typing in **'Search by Establishment Name'** with **'RESEARCH CENTRE IMARAT', DRDO. (Establishment ID: E05203600040)** and click **Apply** after choosing your respective trade.

5. अभ्यर्थी की आयु **01 सितम्बर 2026** तक 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए.

   Candidate should not be less than 18 years of age as on **01st September 2026**.

6. वे नियमित अभ्यर्थी जिन्होंने अर्हक परिक्षाओं (वर्ष **2022, 2023, 2024, 2025** और **2026** के स्नातक, डिप्लोमा और आई टी आई ट्रेड) में (70 प्रतिशत या 7.5 और इससे अधिक सीजीपीए (CGPA) प्राप्त किया हैं) केवल वे ही आवेदन करने के लिए पात्र होंगे.

   The regular candidates who secured **70 % or CGPA 7.5** and above in the qualifying examinations (Graduate, Diploma and ITI trade, for the years **2022, 2023, 2024, 2025 & 2026**), **are only eligible to apply**.

7. आवेदन प्राप्ति की तारीख रोजगार समाचार पत्र में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **30 दिन** है.

   The last date for receipt of online application is **30 days** from the date of publication of Advertisement in Employment News Paper.

निदेशक, आरसीआई / Director, RCI

CBC 10301/11/0112/2627 EN 28/95

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, छठा तल, टावर-एफ
नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029

रिक्ति परिपत्र संख्याः 1-11/2026-मानव संसाधन

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के मुख्यालय, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर कनिष्ठ हिंदी अनुवादक के पद को भरने के संबंध में-आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार.

उक्त विषयक भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली के समसंख्यक परिपत्र दिनांक 14 अगस्त 2026 के संदर्भ में, जिसके अंतर्गत भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा अपने मुख्यालय नई दिल्ली में निम्नलिखित पद को अन्यत्र सेवा-शर्तों पर प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे-

पद का नाम	वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन
कनिष्ठ हिंदी अनुवादक	सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के तहत वेतन लेवल-6, रुपये 35400-112400

2. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि को **23 अक्टूबर, 2026** तक बढ़ाया गया है.

3. अन्य विवरण तथा आवेदन पत्र भादूविप्रा की वेबसाइट **www.trai.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं.

CBC 06202/11/0057/2627

EN 28/87

विज्ञापन सं. 3/2026-27

वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007
दूरभाषः 011-27402400, 27667102, फैक्स सं.: 011-27666549, वेबसाइटः www.vpci.org.in

भर्ती प्रक्रिया रद्द किए जाने संबंधी सूचना

सभी संबंधित व्यक्तियों की सामान्य जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट (वीपीसीआई) में निम्नलिखित शिक्षणेत्तर पदों पर भर्ती के लिए रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन सं. davp 17169/11/0018/2021, दिनांक 14-20 नवंबर, 2020; विज्ञापन सं. davp 17169/11/0011/2122, दिनांक 23-29 अक्तूबर, 2021 (शुद्धिपत्र) तथा विज्ञापन सं. CBC 17169/12/0007/2324, दिनांक 27 मई-2 जून, 2023 (शुद्धिपत्र) के अनुसार संचालित भर्ती प्रक्रिया को अपरिहार्य प्रशासनिक परिस्थितियों के कारण संस्थान द्वारा रद्द कर दिया गया है.

क्र. सं.	पद का नाम	क्र. सं.	पद का नाम
01	अनुभाग अधिकारी	08	कनिष्ठ अभियंता (विद्युत)
02	वरिष्ठ सहायक	09	वरिष्ठ तकनीकी सहायक
03	फार्मासिस्ट	10	तकनीकी सहायक
04	सहायक	11	प्रयोगशाला सहायक
05	आशुलिपिक	12	प्रयोगशाला परिचर
06	कनिष्ठ सहायक	13	नर्सिंग अधिकारी
07	चालक (साधारण ग्रेड)	14	पुस्तकालय परिचर

शुल्क वापसी के लिए उपर्युक्त विज्ञापनों एवं उनके शुद्धिपत्रों के प्रत्युत्तर में आवेदन करने तथा शुल्क का भुगतान करने वाले सभी अभ्यर्थियों को रोजगार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज में इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर निम्नलिखित गूगल फॉर्म भरना आवश्यक है.

शुल्क वापसी हेतु गूगल फॉर्म का लिंकः

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLScyjdYv5LQLEmLY5E5NBYw_KZTMurr2msgDZRIOjBwmexu2Yw/viewform?usp=header

निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त अनुरोधों पर शुल्क वापसी के लिए विचार नहीं किया जाएगा.

CBC 17169/11/0002/2627 निदेशक

EN 28/82

नाविक भविष्य निधि संगठन

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधीन
पताः तीसरी मंजिल, कृपानिधि, 9, वालचंद हीराचंद मार्ग
बैलार्ड एस्टेट, मुंबई, महाराष्ट्र-400001
ई-मेलः spfo-commr@spfo.gov.in, वेबसाइटः www.spfo.gov.in
दूरभाषः 022-22662044/22616925

नाविक भविष्य निधि संगठन, मुंबई में **प्रशासनिक-सह-लेखा अधिकारी (A/AO)** के 01 पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए केंद्र/राज्य सरकारों, स्वायत्त निकायों, विश्वविद्यालयों तथा सरकारी उपक्रमों के पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह पद वेतन स्तर-10 में प्रारंभ में 03 वर्षों के लिए भरा जाएगा. इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विस्तृत विज्ञापन के लिए नाविक भविष्य निधि संगठन की आधिकारिक वेबसाइट **www.spfo.gov.in** पर **Career** कॉलम तथा समुद्री महानिदेशालय की वेबसाइट **www.dgma.gov.in** देखें.

2. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में विज्ञापन जारी होने की तिथि से 45 दिन है.

(कैप्टन नितिन मुकेश)
आयुक्त
नाविक भविष्य निधि संगठन
मुंबई

CBC 37221/11/0001/2627
EN 28/62



केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद्

आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन, भारत सरकार
जवाहर लाल नेहरू भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी अनुसंधान भवन
नं. 61-65, सांस्थानिक क्षेत्र, सम्मुख 'डी' ब्लॉक, जनकपुरी, नई दिल्ली- 110058
ई-मेलः dg-ccras@nic.in वेबसाइटः www.ccras.nic.in, फोनः 011-28525852, फैक्सः 28520748

विज्ञापन सं. 05/2026/पीएच.डी.

आयुर्वेद और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में पीएच.डी. अध्येतावृत्तियों/ नेट परीक्षा उत्तीर्ण गैर आयुष (गैर चिकित्सकीय) अभ्यर्थियों के लिए कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति (जेआरएफ) हेतु

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत केन्द्रीय अनुसंधान परिषद निम्नानुसार संबंधित चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं समन्वय हेतु कार्य करती हैं:

i. आयुर्वेदः केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् (सीसीआरएएस)

ii. योग एवं प्राकृतिक चिकित्साः केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (सीसीआरवाईएन)

2. इस संबंध मे उपरोक्त वर्णित केन्द्रीय अनुसंधान परिषदों की ओर से सीसीआरएएस, गैर आयुष अभ्यर्थियों जो संबंधित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा मुख्यतः संयुक्त सीएसआईआर- यूजीसी एलएस (नेट) डीबीटी जैव तकनीक में जेआरएफ, जैव तकनीकी पात्रता परीक्षा (बीईटी) आईसीएआर के एआईसीई- एसआरएफ (पीजीएस); एवं आईसीएमआर जेआरएफ उत्तीर्ण कर चुके है तथा जो अपनी रुचि अनुसार विश्वविद्यालय/ संस्थान में पीएच. डी कार्यक्रमों को करने के लिए आयुष से संबंधित परियोजनाओं में अनुसंधान आरंभ करने के इच्छुक हैं, द्वारा आवेदन आमंत्रित करती हैं. अनुसंधान परियोजना बायोमेडिकल साइन्स के क्षेत्र में जैव विज्ञान पर बल देते हुए यथा माइक्रोबायोलॉजी, फिजियोलॉजी, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, जेनेटिक्स, ह्यूमन बायोलॉजी, बायोइनफोरमेटिक्स, बायोटेक्नोलॉजी, इम्यूनोलॉजी, फार्माकोलॉजी, जूलॉजी, इनवायरमेन्ट साइन्स, बॉटनी, वेटेरनरी साइन्स और फार्मेसी इत्यादि, रसायन विज्ञान यथा बायो कैमिस्ट्री, कैमिस्ट्री के साथ सम्मिलित एनालिटिकल कैमिस्ट्री, इनोर्गेनिक कैमिस्ट्री, फ़िज़िकल कैमिस्ट्री एवं ऑर्गेनिक कैमिस्ट्री फाइटो कैमिस्ट्री, मैडिसनल कैमिस्ट्री और नैचुरल प्रोडक्ट कैमिस्ट्री इत्यादि, फिजिकल साइन्स (जिसमें बायोफिजिक्स सम्मिलित है): सोशल साइंस जैसे मानस रोगों के लिए साईकोलोजी व जनसांख्यिकीय सर्वेक्षण के लिए सोशियोलॉजी और बायोस्टेटिक्स में होनी चाहिए. पद्धतियों के अनुसार अध्येतावृत्तियों की संख्या निम्नवत है:

अनुसंधान परिषद्	विषय	अध्येतावृत्तियों की संख्या	वेबसाइट
सीसीआरएएस	आयुर्वेद	16	http://www.ccras.nic.in
सीसीआरवाईएन	योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	04	http://www.ccryn.gov.in

टिप्पणीः उपरोक्त अध्येतावृत्तियों की संख्या अस्थायी एवं परिवर्तन के अधीन है.

3. **आवश्यक योग्यताः** उपरोक्त वर्णित जैव चिकित्सा विज्ञान (जैव विज्ञान पर बल देते हुए)/ रसायन विज्ञान/ भौतिक विज्ञान/ बायोस्टेटिक्स, में स्नातकोत्तर व संबंधित योग्य वैधता अवधि का राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) प्रमाण पत्र धारक हो.

4. **अधिकतम आयुः** रोज़गार समाचार पत्र में जारी विज्ञापन की तिथि तक 28 वर्ष स्वीकार्य होगी. इस आयु सीमा में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग, शारीरिक रूप से विकलांग (केवल निम्न प्रचलन अक्षमता) एवं महिला आवेदकों के मामले में, पांच वर्ष की छूट होगी.

5. **अध्येतावृत्ति व सहायता निधिः** अभ्यर्थियों द्वारा चयनित मान्यताप्राप्त संस्थान के अधीन पीएच. डी. करने वाले को अध्येतावृत्ति प्रदान की जाएगी एवं उनकी अध्येतावृत्ति के दौरान वे 2 वर्षों के लिए कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) जो कि अगले 2-3 वर्षों के लिए वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता (एसआरएफ) के रूप में विस्तारित की जा सकती है, अर्थात कुल अवधि अधिकतम 5 वर्षों की होगी. विश्वविद्यालय / संस्थान के लिए कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता हेतु रुपये 37,000/- एवं वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता हेतु रुपये 42,000/- की मासिक अध्येतावृत्ति होगी (अनुमोदित होने पर DST मानदंडों के अनुसार वृद्धि सम्भावित), जिसमें प्रत्येक माह का गृह किराया भत्ता + रुपये 20,000/- का वार्षिक आकस्मिक निधि सम्मिलित है. इसके अतिरिक्त रुपये 1,00,000/- की अनुसंधान आकस्मिक सहायता निधि (एक कालिक) प्राप्त करने के लिए अपनी अध्येतावृत्ति ग्रहण के तीन माह के भीतर परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते है, जिसका अनुमोदन संबंधित अनुसंधान परिषद् के निर्णय के अधीन होगा.

6. **आवेदन प्रक्रियाः** इच्छुक अभ्यर्थी, जिनके पास निर्धारित शैक्षणिक योग्यताएं हैं, उन्हें केवल ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है. किसी भी परिस्थिति में हार्ड कॉपी अथवा ईमेल द्वारा भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे. अभ्यर्थियों को सीसीआरएएस पीएच.डी. पोर्टल **(https://phd-ccras.org.in/)** पर पंजीकरण करना होगा तथा तत्पश्चात् आवेदन पत्र, शोध प्रस्ताव एवं सभी आवश्यक दस्तावेज संबंधित विषय (आयुर्वेद तथा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा) के लिए ऑनलाइन जमा करने होंगे. जिन अभ्यर्थियों को आयुष की एक से अधिक विधाओं में आवेदन करना है, उन्हें संबंधित क्षेत्रों में अलग-अलग ऑनलाइन आवेदन करना होगा.अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे पंजीकरण / आवेदन लिंक खुलने से पूर्व (अर्थात् रोज़गार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर) सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें. केवल शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ही संबंधित परिषदों द्वारा साक्षात्कार हेतु सूचित एवं आमंत्रित किया जाएगा. अभ्यर्थियों को दृढ़तापूर्वक सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइटों पर नियमित रूप से अद्यतन जानकारी एवं अधिसूचनाएं देखते रहें.

7. अंतिम तिथिः रोज़गार समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन की तिथि से दो माह (60 दिन) के लिए होगी.

CBC 17216/11/0013/2627 EN 28/47 प्रशासनिक अधिकारी (स्था.)

मुख्य अभियंता

इंजीनियरिंग विभाग, संघ राज्य क्षेत्र, चंडीगढ़

प्रथम तल, रूम नं. 117, यूटी सचिवालय, सेक्टर-9 डी, चंडीगढ़-160009
दूरभाष संख्याः 0172-2740091, 2740192, फैक्सः 0172-2740276
ई-मेल आईडीः ce-chd@nic.in

रिक्ति परिपत्र

इंजीनियरिंग विभाग, संघ राज्य क्षेत्र, चंडीगढ़, अधिसूचित भर्ती नियम दिनांक 27.11.2017, जो दिनांक 20.04.2022 की अधिसूचना द्वारा संशोधित किए गए हैं, में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुसार निम्नलिखित रिक्तियों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरना चाहता है. नियुक्ति की अवधि एक वर्ष होगी, जिसे तीन वर्ष की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है. इस पद के लिए केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध-सरकारी संगठनों/स्वायत्त या सांविधिक संगठनों के अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतनमान	समूह
1.	कार्यकारी अभियंता (सिविल)	04	7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे लेवल-11, रुपये 67,700–2,08,700	समूह-क

अधिसूचित भर्ती नियमों के अनुसार विस्तृत पात्रता मानदंड तथा प्रतिनियुक्ति के आधार पर उक्त पद के लिए आवेदन करने के लिए आवेदन-पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज की सूची (**अनुलग्नक-I**) चंडीगढ़ प्रशासन की वेबसाइट अर्थात् **Chandigarh.gov.in/ Public Notice** पर देखी जा सकती है.

पात्र एवं इच्छुक अधिकारियों, जिन्हें तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता है, के आवेदन निर्धारित प्रारूप (**अनुलग्नक-क**) में उचित माध्यम से उपर्युक्त पते पर इस प्रकार भेजे जाएं कि वे रोज़गार समाचार में विज्ञापन के अगले प्रकाशन की तारीख (अर्थात् 10.10.2026-16.10.2026) से **45वें दिन** पड़ने वाली तारीख को या उससे पहले प्राप्त हो जाएं. आवेदन-पत्र के साथ पिछले पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की फोटो प्रतियां भी संलग्न की जाएं, जो कम से कम अवर सचिव या समकक्ष पद के अधिकारी द्वारा विधिवत् सत्यापित की गई हों. आवेदन अग्रेषित करते समय यह प्रमाणित किया जाए कि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत विवरण सही हैं तथा अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक अथवा सतर्कता संबंधी मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है. साथ ही, नियोक्ता/कैडर नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित की जाए (**अनुलग्नक-II**). यह भी पुष्टि की जाए कि संबंधित अधिकारी का चयन होने की स्थिति में उसे उसके वर्तमान कर्तव्यों से कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

उम्मीदवारों द्वारा दावा की गई शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के समर्थन में प्रमाण-पत्र/दस्तावेज संलग्न न होने की स्थिति में, ऐसे आवेदन-पत्रों पर उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारित करने के लिए विचार नहीं किया जाएगा। अर्थात्, अपूर्ण आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे और उन्हें तत्काल अस्वीकृत कर दिया जाएगा.

आवेदकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए निर्णायक तिथि रोज़गार समाचार में रिक्ति/पद के प्रकाशन की प्रथम तिथि को छोड़कर निर्धारित की जाएगी. अर्थात्, 10.10.2026 को रोज़गार समाचार में प्रकाशित रिक्ति के लिए निर्णायक तिथि की गणना **11.10.2026** से की जाएगी (प्रकाशन की प्रथम तिथि को छोड़कर). **उक्त पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 24.11.2026 है.**

यह ध्यान दिया जाए कि प्रतिनियुक्ति के आधार पर पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(मोहित सिंगल)
कार्यकारी अभियंता (डब्ल्यू एंड ई),
मुख्य अभियंता कार्यालय, संघ राज्य क्षेत्र, चंडीगढ़
मोबाइल नं. 9815666007

EN 28/66

महानिदेशालय, भा.ति.सी.पु.

भारत सरकार, गृह मंत्रालय
ब्लॉक-2, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड
नई दिल्ली -110003

एफ नं. I-21018/07/2026/कार्मिक-26363-68 दिनांकः 17 जुलाई, 2026

भा.ति.सी.पु. में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (गृह मंत्रालय), भारत सरकार, नई दिल्ली में वेतन मैट्रिक्स स्तर-11 (रु. 67,700-2,08,700) और केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों को यथा देय अन्य भत्तों के साथ **वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी** के 02 (दो) पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं.

2. आवेदन प्रपत्र साथ में पद के विवरण, उक्तक पद के लिए अपेक्षित अर्हता, पात्रता मानदंड आदि भा.ति.सी.पु.ब. की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात **https://www.itbpolice.nic.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **दो माह** है. तदनुसार हर तरह से विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र की हार्ड प्रति आवेदन प्राप्ति की नियत तिथि से पर्याप्त पहले पहुंच जानी चाहिए. आवेदन-पत्र उचित माध्यम से अग्रेषित किए जाने चाहिए और ये **"वरि. प्रशासनिक अधिकारी (कार्मिक), महानिदेशालय, भा.ति.सी.पु., ब्लॉक-2, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003"** को प्रेषित किए जाने चाहिए.

3. अपूर्ण आवेदनों, आवेदन पत्र की अग्रिम प्रति और नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा और सरसरी तौर पर ही अस्वीकार कर दिया जायेगा.

(महेन्द्र सिंह)
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (कार्मिक)

अनुलग्नक-II

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल में वेतन मैट्रिक्स स्तर-11 (रु. 67,700-2,08,700) में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के 02 (दो) पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए पात्रता और अन्य शर्तें:

1. पद का विवरण: वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
2. वेतन मैट्रिक्स स्तर: 11 (रु. 67,700-2,08,700)
3. रिक्तियों की संख्या: 02 (दो)
4. पद का वर्गीकरण: सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित, अनुसचिवीय
5. आयु सीमा: आवेदन प्राप्ति की बंद होने की तिथि को **56 वर्ष** से अधिक नहीं.
6. सेवा का दायित्व: रिक्तियों की उपलब्धता के अनुरूप, दिल्ली
7. प्रतिनियुक्ति की अवधि: 04 वर्ष से अधिक नहीं.
8. प्रतिनियुक्ति के जरिए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का पद भरने के लिए भर्ती नियमों में यथा निर्धारित पात्रता शर्तें:-

केंद्रीय सरकार के अधिकारी:-

(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, **अथवा**

(ii) मूल संवर्ग विभाग में स्तर-10 (रु. 56100-177500) या समकक्ष में पदों में नियमित आधार पर नियुक्ति के उपरांत पांच वर्ष की सेवा के साथ. **और**

(ख) नामतः निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हता और अनुभव रखते हैं:-

(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बैचलर डिग्री; **और**

(ii) सरकारी विभाग में प्रशासन या स्थापना या लेखा कार्य में दो वर्ष का अनुभव.

टिप्पणी 1: फीडर श्रेणी में विभागीय अधिकारी जो कि पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के लिए पात्र नहीं होंगे. इसी प्रकार, प्रतिनियुक्तिवत पदोन्नति से नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे.

टिप्पणी 2:- प्रतिनियुक्ति की अवधि इस नियुक्ति से ठीक पहले इसी या केंद्रीय सरकार के किसी अन्य संगठन या विभाग में धारित अन्य निःसंवर्गीय पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित साधारणतः चार वर्ष से अधिक नहीं होगी.

टिप्पणी 3:- प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की बंद होने की तिथि को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

9. अन्य शर्तें:

i) प्रतिनियुक्ति के लिए नियुक्त/चयनित व्यक्तियों पर भा.ति.सी.पु.ब. अधिनियम-1992 और भा.ति.सी.पु.ब. नियम 1994 लागू होंगे.

ii) अधिकारी अवकाश यात्रा रियायत के हकदार होंगे: समय-समय पर यथा संशोधित सीसीएस (एलटीसी) नियम, 1988 के अनुरूप.

iii) सीसीएस (अवकाश) नियम के अनुरूप अवकाश देयता.

iv) अधिकारी प्रशासनिक/सतर्कता की दृष्टि से मुक्त होना चाहिए.

v) अधिकारी का स्वच्छ सेवा रिकॉर्ड होना चाहिए.

vi) केंद्रीय सरकार चिकित्सा उपस्थिति नियम लागू होंगे.

10. इच्छुक और योग्य अधिकारियों के आवेदन-पत्र, निर्धारित प्रोफॉर्मा (संलग्न) में अपना जीवनवृत्त, साथ में पिछले 05 वर्ष के लिए अद्यतन एपीएआर रिपोर्ट (प्रत्येक पृष्ठ पर सत्यापित प्रतियां) और सतर्कता मुक्ति उचित माध्यम से **"वरि. प्रशासनिक अधिकारी (कार्मिक), महानिदेशालय, भा.ति.सी.पु., गृह मंत्रालय/भारत सरकार, ब्लॉक-2, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003"** के पास एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **दो माह के भीतर** पहुंच जाने चाहिए. अधिकारी का एक बार मनोनयन हो जाने पर उन्हें अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

आवेदक के कार्यालय/विभागाध्यक्ष द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण-पत्र
(उप सचिव की रैंक से नीचे के अधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं किया जाना चाहिए)

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा प्रेषित विवरण उसके सेवा रिकॉर्ड के अनुसार सही हैं.
2. यह प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के विरुद्ध कोई भी अनुशासनात्मक/सतर्कता मामला लंबित या अवेक्षित नहीं है.
3. उसकी सत्यनिष्ठा संदेह रहित प्रमाणित की जाती है.
4. सक्षम अधिकारी से विधिवत हस्ताक्षरित और मोहर लगी, मूल रूप में पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिरोपित, बड़ी/छोटी पेनाल्टी के विवरण संलग्न हैं.
5. उसे प्रतिनियुक्ति पर चयन होने पर भा.ति.सी.पु.ब. में आसाइनमेंट प्राप्त करने के लिए उसकी ड्यूटी से मुक्त कर दिया जाएगा.
6. संवर्ग मुक्ति
7. अदालती मामलों के विवरण, यदि कोई हैं.

स्थान..... हस्ताक्षर.....
तिथि..... नाम.....
पदनाम, साथ में कार्यालय मोहर
टेलीफोन नंबर .....

CBC 19143/11/0006/2627

EN 28/7

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स

सी-डॉट C-DOT

विज्ञापन संख्या C-DOTD/HR/REC/2026/09/01 दिनांकः 10 अक्टूबर 2026

रिक्ति सूचना

सी-डॉट में संविदात्मक आधार पर निम्नलिखित पद हेतु रिक्ति के लिए अधिसूचना

सी-डॉट में नीचे उल्लिखित पदों को भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्र. सं.	पद का नाम	तरीका	सीटीसी	रिक्तियों की संख्या	आवेदन कैसे करें
1.	युवा पेशेवर - उत्पाद अभियांत्रिकी एवं अनुरक्षण	संविदात्मक आधार पर	12 लाख/ वर्ष	5	इच्छुक और पात्र उम्मीदवार केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन कर सकते हैं और अपना आवेदन जमा कर सकते हैं.

नौकरी विवरण और आवेदन प्रक्रिया सहित विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया सी-डॉट वेबसाइट के 'करियर' अनुभाग पर जाएं:

https://www.cdot.in/cdotweb/web/careers.phplang=en#current_openings

आवेदन की अंतिम तिथि रोजगार समाचार (अंग्रेजी) में प्रकाशन की तिथि से **30 दिन के भीतर** है. सभी सरकारी उम्मीदवारों को वेबसाइट में दिए गए विवरण के अनुसार उचित माध्यम से अपना आवेदन भेजना होगा.

प्रमुख - कार्मिक एवं मानव संसाधन और कानूनी

CBC 06268/11/0008/2627 EN 28/28

डेक्कन डेवलपमेंट सोसाइटी

फ्लैट नं. 101, किशन रेजीडेंसी, स्ट्रीट नं. 5, बेगमपेट
हैदराबाद - 500016, तेलंगाना.

कृषि विज्ञान केंद्र, संगारेड्डी (मेडक-1) (गैर-सरकारी संगठन) की योजना के अंतर्गत निम्नलिखित रिक्त पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह पद योजना के साथ सह-समाप्ति वाला है.

क्र. सं.	रिक्त पद/वेतनमान	पदों की संख्या	शैक्षणिक योग्यताएं
1.	विषय-वस्तु विशेषज्ञ (पशुपालन) (पीबी-3, रु. 15,600-39,100, ग्रेड पे रु. 5,400)	01	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से पशु चिकित्सा विज्ञान/पशु विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समकक्ष योग्यता.

नोटः आवेदन विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से **30 दिनों** के भीतर पहुंच जाने चाहिए. आवेदन-पत्र एवं अन्य विवरणों के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ddsindia.org** तथा **www.ddskvk.in** देखें.

सचिव
डीडीएस
बेगमपेट

EN 28/38 हैदराबाद - 500016

भारतीय विज्ञान संस्थान

बेंगलुरु-560012, (भारत)

सं. आईआईएससी/एकेड/मध्य) वर्ष प्रवेश/2026/01 दिनांक: 02.09.2026

शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए पीएच.डी. कार्यक्रमों के लिए मध्य-वर्ष प्रवेश सूचना

(सत्र जनवरी 2027 से आरंभ हो रहा है)

भारतीय विज्ञान संस्थान में नियमित (1) अनुसंधान कार्यक्रमों (2) बाह्य पंजीकरण कार्यक्रम (ईआरपी) में प्रवेश के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. आवेदकों से अनुरोध है कि वे आईआईएससी की वेबसाइट (अर्थात **https://www.iisc.ac.in → Admissions→Degree Programmes**) पर दिए गए अलग-अलग लिंक पर उपलब्ध पात्रता मानदंड, विशेषज्ञता, अनुसंधान क्षेत्रों, चयन प्रक्रिया और अन्य विवरणों की जांच कर लें.

शैक्षणिक योग्यता रखने वाले आवेदक, उन उम्मीदवारों सहित जो अपनी अर्हक परीक्षाओं के अंतिम सेमेस्टर/वर्ष में हैं परंतु **01 जनवरी, 2027** तक डिग्री प्रदान करने के लिए सभी अपेक्षाएं (जैसे कि परीक्षाएं, परियोजना शोध-प्रबंध, मौखिक परीक्षा आदि) पूरी होने के प्रति आशान्वित हैं, और **31 मार्च 2027** को या इससे पहले आवश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, आवेदन करने के पात्र हैं.

1. अनुसंधान कार्यक्रम [पीएच.डी]

1.1 विभाग / केंद्र / इकाई

विज्ञान संकाय में पीएच.डी.: इन ऑर्गेनिक और फिजिकल केमिस्ट्री, मैटेरियल्स रिसर्च, डेवलपमेंटल बायोलॉजी और जेनेटिक्स, न्यूरोसाइंस, ऑर्गेनिक केमिस्ट्री, फिजिक्स, सॉलिड स्टेट और स्ट्रक्चरल केमिस्ट्री, और इंस्ट्रूमेंटेशन और एप्लाइड फिजिक्स.

इंजीनियरी संकाय में पीएच.डी.: एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, वातावरणीय और समुद्री विज्ञान, केमिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस और ऑटोमेशन, इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, नैनो साइंस और इंजीनियरिंग, डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग, और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजीज.

अंतरविषयक क्षेत्रों में पीएच.डी.: ऊर्जा (इंटरडिसिप्लिनरी सेंटर फॉर एनर्जी रिसर्च द्वारा ऑफ़र किया गया), गणितीय विज्ञान (IISc मैथमेटिक्स इनिशिएटिव (IMI) द्वारा ऑफ़र), साइबर फिजिकल सिस्टम्स (रॉबर्ट बॉश सेंटर फॉर साइबर फिजिकल सिस्टम्स द्वारा ऑफ़र), और ब्रेन, कंप्यूटेशन और डेटा साइंस.

चिकित्सा विज्ञान में पीएच.डी.: चिकित्सा विज्ञान (चिकित्सा विज्ञान प्रभाग द्वारा ऑफ़र).

1.2 पात्रता: निम्नलिखित डिग्रियों में, व्यक्तिगत विभागों/क्षेत्रों के लिए लागू, न्यूनतम द्वितीय श्रेणी या समकक्ष डिग्री रखने वाले आवेदक आवेदन करने के पात्र हैं:

क्रम सं.	अर्हक डिग्री	राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं में उत्तीर्ण (प्रवेश का तरीका)
1	इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में बैचलर डिग्री/4-वर्षीय बैचलर ऑफ साइंस	वैध गेट स्कोर/नेट जेआरएफ* अनिवार्य है.
2	विज्ञान में मास्टर डिग्री / अर्थशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, मैनेजमेंट, कॉमर्स, प्रचालन अनुसंधान, कंप्यूटर साइंस/एप्लीकेशन में मास्टर डिग्री	वैध गेट स्कोर/नेट जेआरएफ अनिवार्य है.
3	इंजीनियरिंग / टेक्नोलॉजी / वास्तुकला / कृषि / फार्मेसी / वेटेरिनरी साइंसेज में मास्टर डिग्री	वैध गेट स्कोर/नेट जेआरएफ/जीपैट होना वांछनीय है.
4	केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थान (पीपीपी मोड में आईआईआईटीज सहित) से चार वर्ष की न्यूनतम अवधि और 10 में से न्यूनतम 8 के सीजीपीए या इसके समकक्ष के साथ किसी भी पाठ्यक्रम के स्नातक	वैध गेट स्कोर/नेट जेआरएफ वांछनीय है.
5	एमबीबीएस/एमडी/एमडीएस/फार्मा डी	वैध नीट-पीजी, गेट स्कोर/नेट जेआरएफ होना वांछनीय है.
6	बी फार्मा	वैध जीपैट स्कोर/नेट जेआरएफ अनिवार्य है.
7	बीडीएस (बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी)	वैध नेट जेआरएफ अनिवार्य है.
8	शिक्षा मंत्रालय/सं.ला.से.आ./अभातशिप द्वारा मान्यताप्राप्त प्रोफेशनल सोसायटियों (जैसे इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स की एएमआईई) की बी.ई./बी.टेक. के समकक्ष परीक्षाएं. **नोट:** केवल वे उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र हैं, जिन्होंने शिक्षा मंत्रालय से मान्यताप्राप्त प्रोफेशनल सोसायटियों (जैसे एएमआईई) में 31.05.2013 तक एनरोलमेंट कराया हो.	वैध गेट स्कोर/नेट जेआरएफ अनिवार्य है
9	न्यूनतम 8.5 सीजीपीए या समकक्ष के साथ आईआईएससी से जीवन विज्ञान/रासायनिक विज्ञान में मास्टर डिग्री	वैध गेट स्कोर/नेट जेआरएफ अनिवार्य है (कोई न्यूनतम कट ऑफ नहीं)
10	आईआईएससी से 1 वर्ष एम इंजी.	गेट के जरिए एम.इंजी कार्यक्रम में प्रवेश अवश्य प्राप्त किया होना चाहिए

टिप्पणी:

1. गेट/जीपैट/जेस्ट/नेट जेआरएफ/अन्य राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र/स्कोर कार्ड **01 जनवरी 2027** को वैध होना चाहिए.
2. *नेट जेआरएफ में सम्मिलित है-जेआरएफ के लिए संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी, जेआरएफ के लिए यूजीसी-नेट, डीबीटी जेआरएफ, आईसीएमआर जेआरएफ, जेस्ट, एनबीएचएम रिसर्च अवार्ड, इन्सपायर.

नेट जेआरएफ विधि के जरिए आवेदन करने के लिए पात्रता हेतु आवेदकों ने कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति (जेआरएफ अवश्य उत्तीर्ण की होनी चाहिए. जिन उम्मीदवारों ने केवल लेक्चररशिप (एलएस)/सहायक प्रोफेसरशिप के लिए / श्रेणी- 2 या श्रेणी-3 के तहत अर्हता प्राप्त की है, वे आईआईएससी में अनुसंधान कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र नहीं हैं.

3. इन्सपायर विधि के जरिए आवेदन कर रहे आवेदकों के पास साक्षात्कार के समय डीएसटी से जारी, चयन के स्तर II पर उनके आवेदन पर विचार के लिए वैध अनंतिम इन्सपायर ऑफर अवश्य होना चाहिए.
4. जो आवेदक बायोलॉजी और अंतरविषयक जीवन विज्ञान -2026 (JGEEBILS) की संयुक्त स्नातक प्रवेश परीक्षा में सफल हुए हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं.
5. नीट पीजी/आईएनआई-सीईटी/एआईएपीजीईटी उत्तीर्ण करने वाले आवेदक मेडिकल साइंसेज में पीएच.डी. के लिए आवेदन कर सकते हैं.

टिप्पणी: जिन उम्मीदवारों को उपर्युक्त किसी भी विभाग में मई 2026 में आयोजित साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था, वे भी आवेदन करने के पात्र हैं.

1.3 चयन प्रक्रिया:

उम्मीदवारों को राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा और/या उपर्युक्त सारणी में उल्लिखित अर्हक डिग्री में उनके प्रदर्शन के आधार पर व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए अल्पसूचीबद्ध किया जायेगा. चयन साक्षात्कार (कुछ विभागों में अंतिम साक्षात्कार से पहले, अभिरुचि परीक्षा/प्रारंभिक साक्षात्कार) में प्रदर्शन के आधार पर किया जायेगा.

2. बाह्य पंजीकरण कार्यक्रम (पीएच.डी.)

बाह्य पंजीकरण कार्यक्रम (ईआरपी) का उद्देश्य है:

(1) आरएंडडी संगठनों/उद्योगों से पेशेवर और

(2) उपयुक्त सरकारी एजेंसियों से मान्यताप्राप्त इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल्स, वेटरिनरी, मेडिकल कॉलेजों/विश्वविद्यालयों से संकाय सदस्य.

2.1 पात्रता

शैक्षणिक अर्हताएं नियमित उम्मीदवारों के अनुरूप समान हैं. किसी एक राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा जैसे कि जेआरएफ के लिए सीएसआईआर-यूजीसी नेट, जेआरएफ के लिए यूजीसी-नेट, डीबीटी जेआरएफ, आईसीएमआर जेआरएफ, गेट, एनबीएचएम वांछनीय है. इसके अलावा उम्मीदवार ने संबंधित शैक्षणिक वर्ष की पहली जनवरी को दो वर्षीय पूर्णकालिक रोजगार अवश्य पूरा कर लिया होना चाहिए. उम्मीदवारों को उनके नियोक्ता संगठनों द्वारा आधिकारिक तौर पर प्रायोजित किया होना चाहिए और अनिवार्यतः ऑनलाइन फार्म भरना चाहिए तथा आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने चाहिए. विस्तृत पात्रता मानदंड के लिए कृपया **https://iisc.ac.in/admissions/external-registration-programme-ph.d/** पर पधारें.

2.2 चयन प्रक्रिया: व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर.

आवेदन कैसे करें:- ऊपर वर्णित सभी कार्यक्रमों के लिए आवेदन-पत्र ऑनलाइन उपलब्ध हैं. ऑनलाइन आवेदन करने के लिए **www.iisc.ac.in → Admissions → Apply Online → Online Admissions portal** पर पधारें.

महत्वपूर्ण तिथियां

आवेदनों की ऑनलाइन प्रस्तुति के लिए वेबसाइट खुलने की तिथि	06.10.2026
आवेदनों की ऑनलाइन प्रस्तुति के लिए अंतिम तिथि (वेबसाइट 26.10.2026 को 23.59 बजे बंद हो जायेगी)	26.10.2026
साक्षात्कार की तिथि	16.11.2026-20.11.2026
सत्र की शुरूआत	01.01.2027

आवेदन शुल्क

श्रेणी	आवेदन शुल्क*
सामान्य/अपिव/ईडब्ल्यूएस	रु. 800/-
अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी	रु. 400/-
ईआरपी उम्मीदवार (सभी श्रेणियां)	रु. 2000/-

*फीस अप्रतिदेय है, बैंक या भुगतान गेटवे सेवा के कोई भी प्रभार आवेदक को वहन करने चाहिए.

भुगतान विकल्प: नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और यूपीआई के जरिए ऑनलाइन भुगतान.

हाल के अद्यतनों के लिए, कृपया आईआईएससी वेबसाइट (**https://iisc.ac.in/admissions/**) पर पधारें.

टिप्पणियां:

1. अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी (निःशक्तता ग्रस्त व्यक्ति) और कश्मीरी विस्थापित, कश्मीरी पंडित/कश्मीरी हिंदू परिवारों (गैर विस्थापित), जो कि कश्मीर घाटी में रह रहे हैं, के लिए आरक्षण/रियायतें/छूट: भारत सरकार के विनियमों के अनुरूप.
2. अर्हक परीक्षा में निर्धारित न्यूनतम श्रेणी अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए ''उत्तीर्ण श्रेणी'' के तौर पर शिथिल की गई है.
3. ईडब्ल्यूएस/अपिव (एनसीएल) (**www.ncbc.nic.in** पर उपलब्ध अपिव की केंद्रीय सूची के अनुसार) के अधीन आवेदन कर रहे आवेदकों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनके पास साक्षात्कार और प्रवेश के समय 01 अप्रैल 2026 को या इसके बाद जारी वैध ईडब्ल्यूएस/अपिव-एनसीसी प्रमाणपत्र (अर्थात वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए) होना चाहिए.
4. छात्रवृत्तियां: सभी नियमित पीएच.डी. छात्र जो कि संस्थान ज्वाइन करते हैं, मा.सं.वि.मं./सीएसआईआर/यूजीसी/आईसीएमआर/डीबीटी/डीएसटी/अभातशिप/डीएई (एनबीएचएम) से छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैं, जो कि प्रवेश की विधि पर निर्भर करता है. मेधावी छात्रों के लिए बहुत सी भारतीय और बहुराष्ट्रीय एजेंसियों और व्यावसायिक घरानों से छात्रवृत्तियां उपलब्ध हैं.
5. आईआईएससी के पास बहुत सी मैरिट आधारित निजी/डोनर अध्येतावृत्तियां हैं जो कि आईआईएससी के रिसर्च (पीएच.डी.) कार्यक्रमों के लिए बढ़ी हुई मासिक अध्येतावृत्ति (दो गुणा तक) प्रदान करती हैं. पात्रता सहित अधिक विवरण **https://odaa.iisc.ac.in/fellowshipsconsolidated/** से प्राप्त किया जा सकता है.
6. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश संबंधी अद्यतन जानकारी के लिए वेबसाइट **www.iisc.ac.in/admissions** और प्रवेश पोर्टल नियमित रूप से देखते रहें. उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश संबंधी सभी पूर्ण मामलों, अनुसंधान के क्षेत्रों आदि के संबंध में स्वयं को अवगत कराने के लिए उस विभाग की वेबसाइट को भी देख लें.

EN 28/33 रजिस्ट्रार

अस्वीकरण

रोज़गार समाचार में प्रकाशित आलेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने होते हैं। यह आवश्यक नहीं है कि ये विचार सरकार अथवा उस संगठन के हों, जिससे वे संबंधित हैं। रोज़गार समाचार में प्रकाशित विज्ञापनों की सामग्री संगठन अथवा उनके प्रतिनिधियों से संबंधित होती है। अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले सामग्रियों के सही होने और उनके प्रभावों के बारे में स्वयं को अवश्य संतुष्ट कर लेना चाहिए। इन विज्ञापनों की विषयवस्तु/पाठ्य सामग्री को लेकर उत्पन्न किसी भी दायित्व के प्रति रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं है।

-संपादक

सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता

विशिष्ट श्रेणी के अंतर्गत सम विश्वविद्यालय

(सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन), ई.एम. बाईपास रोड, पंचसायर, कोलकाता-700094

विज्ञापन सं.: SRFTI/RECTT/2026-27/006

रोज़गार सूचना

सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता निम्नलिखित पदों पर सीधी भर्ती और प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है.

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	आरक्षण	वेतन स्तर	भर्ती का माध्यम
1.	लेखा अधिकारी	01 (एक)	अना	स्तर-7 (रु. 44,900-1,42,400/-)	सीधी भर्ती के आधार पर
2.	सहायक	01 (एक)	लागू नहीं	स्तर-5 (रु. 29,200-92,300/-)	प्रतिनियुक्ति के आधार पर

विस्तृत जानकारी के लिए www.srfti.ac.in पर लॉग ऑन करें.

CBC 22107/11/0013/2627 EN 28/13

भारत सरकार
Government of India

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
Ministry of Development of NER

उत्तर-पूर्वी परिषद सचिवालय
North Eastern Council Secretariat
प्रशासन अनुभाग
Administration Section
नांग्रिम हिल्स, शिलांग
Nongrim Hills
Shillong -793003
Website:
https://necouncil.gov.in

कॉम्प. सं.: 4827

दिनांक: 22 सितंबर, 2026

निरस्तीकरण सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रतिनियुक्ति के आधार पर **अनुसंधान अधिकारी (योजना)** के 01 (एक) पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने संबंधी दिनांक 11.02.2026 का रिक्ति परिपत्र संख्या ADMN-12012(11)/2/2026-ADMN, जो दिनांक 28 फरवरी-6 मार्च, 2026 के रोज़गार समाचार में प्रकाशित हुआ था, अधिकारी के ग्रहणाधिकार वाले पद पर वापस लौटने के परिणामस्वरूप प्रशासनिक कारणों से निरस्त/वापस लिया जाता है.

(एल.एस. गांगटे/L.S. Gangte)
निदेशक (प्रशासन)
Director (Admn.)
Ph. No.: 0364-2522647
EN 28/37

Publications Division

Career Calling

OPPORTUNITIES FOR ALL

A comprehensive guide to modern career choices. "Career Calling" compiles notable career articles from recent editions of Employment News to help you in finding the perfect career path.

Buy online:

www.publicationsdivision.nic.in

Book Gallery
Soochna Bhawan, Lodhi Road
New Delhi

www.amazon.in

सीडैक CDAC
प्रगत संगणन विकास केंद्र
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भारत सरकार

जहाँ प्रतिभा और प्रौद्योगिकी का संगम होता है।

हमसे जुड़ें! आपके विचार तय करेंगे, भविष्य की दिशा।

वैज्ञानिक और तकनीकी पद

परियोजना प्रबंधक/प्रोग्राम मैनेजर
(न्यूनतम 9 वर्षों का अनुभव)

वरिष्ठ परियोजना अभियंता/ मॉड्यूल लीड/प्रोजेक्ट लीड
(न्यूनतम 4 वर्षों का अनुभव)

परियोजना अभियंता
फ्रेशर/अनुभवी

परियोजना सहभागी
फ्रेशर/अनुभवी

योग्यता-
1. बीई/बी.टेक या समकक्ष डिग्री OR
2. विज्ञान/कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर OR
3. एमई/एम.टेक या समकक्ष डिग्री OR
4. पीएचडी

तकनीकी सपोर्ट पद

परियोजना सहायक
(योग्यता के आधार पर न्यूनतम 1 या अधिक वर्षों का अनुभव)

परियोजना तकनीशियन
(योग्यता के आधार पर न्यूनतम 4 या अधिक वर्षों का अनुभव)

योग्यता-
1. प्रासंगिक ट्रेड में आईटीआई/एनसीवीटी ट्रेड प्रमाणपत्र OR
2. प्रासंगिक क्षेत्र में अभियांत्रिकी में डिप्लोमा OR
3. सीएस/इलेक्ट्रॉनिक्स/आईटी/ कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक

गैर तकनीकी पद

विविध परियोजना स्टाफ
योग्यता- स्नातक

परियोजना सपोर्ट स्टाफ
(योग्यता के आधार पर न्यूनतम 0-3 वर्षों का अनुभव)
योग्यता-
1. कम से कम 50% अंकों के साथ स्नातक OR
2. स्नातकोत्तर

परियोजना अधिकारी
(योग्यता के आधार पर न्यूनतम 0-3 वर्षों का अनुभव)

फंक्शन एसोसिएट (कार्य सहयोगी)
(योग्यता के आधार पर न्यूनतम 4 + वर्ष का अनुभव)
योग्यता-
1. सीए/सीएस/सीएमए OR
2. प्रासंगिक क्षेत्र में दो वर्ष का पूर्णकालिक एमबीए/स्नातकोत्तर पेशेवर योग्यता/ सीए इंटर/ सीएमए इंटरमीडिएट

*पदवार विस्तृत योग्यता और अनुभव सी-डैक की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

विज्ञापन सं. - CORP/JIT/03/2026

कार्य स्थल – संपूर्ण भारत

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2026

विस्तृत आवेदन और आवेदन करने के लिए www.cdac.in के कैरियर (career) पृष्ठ पर जाएं।

CBC 06132/11/0007/2627

राष्ट्रीय उन्नति के लिए प्रौद्योगिकी उन्नति

EN 28/29

IISER KOLKATA

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान कोलकाता
Indian Institute of Science Education and Research Kolkata

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
मोहनपुर–741246, जिला–नदिया, पश्चिम बंगाल

विज्ञापन सं. : **IISER-K/Admn./NT-06/2026** दिनांक : **10.10.2026**

सीधी भर्ती के जरिए निम्नलिखित पदों को भरने के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्र. सं.	पद का नाम	ग्रुप	7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल	रिक्तियों की संख्या	श्रेणी	आयु सीमा
1	पुस्तकालयाध्यक्ष	ए	लेवल – 14	01	अनारक्षित	56
2	उप–पुस्तकालयाध्यक्ष	ए	लेवल – 12	01*	अनारक्षित	50

*** बेंचमार्क विकलांगता (PwBD) वाले व्यक्तियों [एक हाथ, एक पैर, कम दृष्टि, सुनने में अक्षम] के लिए आरक्षित**

अधिक जानकारी और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए, कृपया संस्थान की वेबसाइट: **http://apply.iiserkol.ac.in/jobs** पर जाएं।

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **31/10/2026, 17:30** बजे है।

डीन (प्रशासन),
आईआईएसईआर कोलकाता

EN 28/42

एफ नं. ए-12026/14/2024-प्रशा. 1

भारत सरकार

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण

प्रशासन- I अनुभाग

धरोहर भवन

24, तिलक मार्ग, नई दिल्ली-110001

प्रत्नकीर्तिमपावृणु

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में वेतन मैट्रिक्स रु. 67700-208700/- के स्तर 11 में अधीक्षण पुरातत्व वास्तुकार समूह 'क' (राजपत्रित) गैर-अनुसचिवीय का एक (01) पद भरना.

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में वेतन मैट्रिक्स रु. 67700-208700/- के स्तर 11 में **अधीक्षण पुरातत्व वास्तुकार** समूह 'क' (राजपत्रित) गैर-अनुसचिवीय का एक (01) पद केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ शासित प्रदेश प्रशासनों या स्वायत्त संस्था या वैधानिक संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान के अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) से भरने का प्रस्ताव है:

(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, **या**

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (रु. 56100-177500) या समकक्ष में स्तर-10 में पद में नियमित आधार पर नियुक्ति के उपरांत ग्रेड में पांच वर्षों की सेवा के साथ.

(ख) नीचे विनिर्दिष्ट अर्हताएं और अनुभव रखते हैं.

(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वास्तु कला में बैचलर डिग्री,

(ii) वास्तुकार अधिनियम, 1972 (1972 का 20) के अधीन वास्तुकार परिषद के साथ वास्तुकार के तौर पर पंजीकृत, **और**

(iii) स्मारकों या ऐतिहासिक भवनों आदि के संरक्षण में पांच वर्षों का अनुभव.

टिप्पणी 1: फीडर श्रेणी में विभागीय अधिकारी जो कि पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के लिए पात्र नहीं होंगे. इसी तरह प्रतिनियुक्तिवत् पदोन्नति से नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे.

टिप्पणी 2: प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) की अवधि इस नियुक्ति से ठीक पहले इसी या केंद्रीय सरकार के किसी अन्य संगठन या विभाग में धारित अन्य निःसंवर्गीय पद में प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) की अवधि सहित साधारणतः तीन वर्षों से अधिक नहीं होगी.

टिप्पणी 3: प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) से नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को **छप्पन वर्ष** से अधिक नहीं होगी.

ड्यूटियां

1. विश्व धरोहर स्मारकों की संरक्षण योजना और स्थल प्रबंधन योजना तैयार करना.
2. स्मारकों के लिए स्थिति मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार करना.
3. स्मारकों और स्थलों की संभावित सूची के लिए नामांकन डोजियर्स, संरक्षण की स्थिति (एसओसी) आदि तैयार करना और संवीक्षा.
4. स्मारकों के साथ सुविधाओं और अन्य भवनों का डिज़ाइन तैयार करना और संवीक्षा.
5. स्मारकों के भीतर/आसपास संरक्षण और विकास से जुड़ी डीपीआर की संवीक्षा
6. संरक्षित स्मारकों के संरक्षण संबंधी अनुमानों की संवीक्षा.
7. समय-समय पर निदेशक (संरक्षण और विश्व धरोहर) द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्य.

सभी पदों के लिए सामान्य शर्तें एवं निबंधनः-

1. प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए चयनित अधिकारी तीन वर्षों की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति पर होंगे जिसे अधिकतम पांच वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है और समय-समय पर यथा संशोधित कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 2/12/87-स्था दिनांक 29.04.1988 में निर्धारित प्रतिनियुक्ति की शर्तों से शासित होंगे और वेतन समय-समय पर यथा संशोधित कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 1/99/91-स्था (वेतन-II) दिनांक 05.01.1994 के अनुरूप विनियमित किया जायेगा.
2. नीचे दिये गये प्रोफॉर्मा (अनुलग्नक-क) में दो प्रतियों में ऐसे अधिकारियों, जिन्हें उनका चयन होने पर कार्यमुक्त किया जा सकता हो, के आवेदन-पत्र, साथ में अधिकारियों की अद्यतन और पूर्ण वागोरि/एपीएआर संलग्न करते हुए अधोहस्ताक्षरी के पास उचित माध्यम से रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भेजे जा सकते हैं. अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त या अन्य प्रकार से अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा.
3. आवेदन-पत्र अग्रेषित करते समय, यह सत्यापित और प्रमाणित किया जाए कि अधिकारियों द्वारा प्रेषित विवरण सही है और अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई/दायर अदालती मामला लंबित या अवेक्षित नहीं है तथा पिछले दस वर्षों के दौरान अधिकारियों पर कोई बड़ी/छोटी पेनाल्टी अधिरोपित नहीं की गई है.
4. पद के लिए आवेदन करने वाले अधिकारियों को बाद में अपना नामांकन वापस लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी.

तैनाती का आरंभिक स्थान : **धरोहर भवन, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मुख्यालय, नई दिल्ली.**

(अनिमेश देव राय)
उप निदेशक (प्रशासन)
भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण
धरोहर भवन, 24, तिलक मार्ग, नई दिल्ली -110001

अनुलग्नक-I

बायो-डाटा प्रारूप

1. नाम और पता (बड़े अक्षरों में)	
2. जन्म तिथि (ईस्वी सन् में)	
3. i) सेवा में प्रवेश की तिथि	
ii) केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि	
4. शैक्षणिक योग्यता	
5. क्या पद के लिए आवश्यक शैक्षिक और अन्य योग्यताएं संतोषजनक हैं. (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित के बराबर माना गया है, तो उसके लिए प्राधिकार बताएं)	
विज्ञापन/ रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित आवश्यक योग्यताएं/अनुभव	**अधिकारी के पास योग्यताएं /अनुभव**
अनिवार्य	**अनिवार्य**
ए) योग्यता	ए) योग्यता
बी) अनुभव	बी) अनुभव
वांछनीय	**वांछनीय**
ए) योग्यता	ए) योग्यता
बी) अनुभव	बी) अनुभव

5.1 **नोटः** इस कॉलम को आवश्यक और वांछनीय योग्यताओं को दर्शाने के लिए विस्तृत किया जाना चाहिए, जैसा कि परिपत्र जारी करने और रोजगार समाचार में विज्ञापन जारी करने के समय प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा आरआर में उल्लेख किया गया है.

5.2 डिग्री और स्नातकोत्तर योग्यता के मामले में, वैकल्पिक/मुख्य विषय और सहायक विषय उम्मीदवार द्वारा इंगित किए जा सकते हैं.

6. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों में, आप पद के लिए आवश्यक अनिवार्य योग्यताओं और कार्य अनुभव को पूरा करते हैं.	

6.1 **नोटः** बोरोइंग डिपार्टमेंट को उम्मीदवार द्वारा प्राप्त प्रासंगिक आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव (जैसा कि बायोडाटा में दर्शाया गया है) की पुष्टि करते हुए अपने विशिष्ट विचार/टिप्पणियाँ प्रदान करनी होंगी, जो कि आवेदन किए गए पद के संदर्भ में हो.

7. कालानुक्रमिक क्रम में रोजगार का विवरण. अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें, यदि नीचे दी गई जगह अपर्याप्त है.

कार्यालय/ संस्थान	नियमित आधार पर धारित पद	से	तक	नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड और ग्रेड वेतन / वेतनमान	कार्य का प्रकार (विस्तार से) आवेदित पद के लिए आवश्यक अनुभव को दर्शाते हुए

* **महत्वपूर्णः** एसीपी/एमएसी के तहत प्रदान किया गया वेतन बैंड और ग्रेड वेतन अधिकारी का निजी मामला है, इसलिए इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए. केवल नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/ वेतनमान का उल्लेख किया जाना चाहिए. वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड पे के साथ एसीपी/एमएसीपी का विवरण, जहां उम्मीदवार द्वारा ऐसे लाभ प्राप्त किए गए हैं, नीचे दर्शाए जा सकते हैः

कार्यालय/संस्थान	एसीपी/एमएसीपी योजना के तहत आहरित वेतन, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन	से	तक

8. वर्तमान रोजगार का प्रकार यानी तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी	

9. यदि वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर धारित की गई है, कृपया बताएं

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि	ख) प्रतिनियुक्ति/ संविदा पर नियुक्ति की अवधि	(ग) मूल कार्यालय/ संगठन का नाम जिससे आवेदक संबंधित है.	(घ) मूल संगठन में स्थायी आधार पर धारित पद का नाम और वेतन

9.1 **नोटः** यदि अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर हैं, तो ऐसे अधिकारियों के आवेदन मूल कैडर/विभाग द्वारा कैडर क्लीयरेंस, सतर्कता क्लीयरेंस और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र के साथ अग्रेषित किए जाने चाहिए.

9.2 **नोट :** उपरोक्त कॉलम 9(सी) और (डी) के तहत जानकारी उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति कैडर/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण किए हुए है, लेकिन अभी भी अपने मूल कैडर/संगठन में ग्रहणाधिकार बनाए हुए है.

10. यदि आवेदक द्वारा पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण किया गया है, तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से लौटने की तिथि और अन्य विवरण	

11. **वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरणः** कृपया बताएं निम्न के तहत कार्यरत हैं (संबंधित कॉलम में अपने नियोक्ता का नाम दर्शाएं) **(क)** केन्द्र सरकार (ख) राज्य सरकार (ग) स्वायत्त संगठन (घ) सरकारी उपक्रम (ङ) विश्वविद्यालय (च) अन्य	
12. कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में काम कर रहे हैं या फीडर ग्रेड में हैं या फीडर से फीडर ग्रेड में हैं	
13. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो वह तिथि बताइए जिससे संशोधन हुआ और पूर्व संशोधित स्तर भी बताएं	

14. प्रति माह आहरित कुल परिलब्धियां

पीबी में मूल वेतन	ग्रेड वेतन	कुल परिलब्धियां

(शेष पृष्ठ 9 पर)

(पृष्ठ 8 का शेष)

15. यदि आवेदक किसी ऐसे संगठन से संबंधित है जो केन्द्र सरकार के वेतनमान का पालन नहीं करता है, तो संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची, जिसमें निम्नलिखित विवरण दर्शाया गया हो, संलग्न की जाए.

वेतनमान और वेतन वृद्धि दर के साथ मूल वेतन	महंगाई वेतन/अंतरिम राहत अन्य भत्ते आदि, (ब्रेक-अप विवरण सहित)	कुल परिलब्धियां

16. क. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप आवेदित पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हो (इसमें अन्य बातों के अलावा (i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित के अतिरिक्त कार्य अनुभव के बारे में जानकारी प्रदान की जा सकती है) (नोटः यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग शीट संलग्न करें)

16.ख. उपलब्धियांः-
उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के संबंध में जानकारी देंः-
(i) शोध प्रकाशन और रिपोर्ट तथा विशेष परियोजनाएं
(ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा
(iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थाओं/समाजों से संबद्धता और;
(iv) अपने नाम से पंजीकृत या संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट
(v) आधिकारिक मान्यता से संबंधित कोई शोध/ नवाचार
(vi) कोई अन्य जानकारी
(नोटः यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग शीट संलग्न करें)

17. कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) हेतु आवेदन कर रहे हैं.	
18. क्या आप एससी/एसटी से संबंधित हो	

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ा है और मैं अच्छी तरह से जानता हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव के संबंध में दस्तावेजों द्वारा समर्थित बायोडाटा में दी गई जानकारी का भी चयन समिति द्वारा पद के लिए चयन के समय मूल्यांकन किया जाएगा. मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही और सत्य हैं और मेरे चयन पर प्रभाव डालने वाला कोई भी महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया/रोका नहीं गया है.

दिनांक : ..... (उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

पता : .....

नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन

1. आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य एवं सही है. आवेदक के पास विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव है. यदि चयन होता है, तो उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि;

(i) श्री/श्रीमती _____ के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है.

(ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है.

(iii) उनका सीआर डोजियर मूल रूप में संलग्न है/भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर की रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित पिछले 5 वर्षों के एसीआर की फोटोकॉपी संलग्न है.

(iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर कोई बड़ा/छोटा दंड नहीं लगाया गया है, अथवा पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर लगाए गए बड़े/छोटे दंडों की सूची संलग्न है (जैसा भी मामला हो).

प्रतिहस्ताक्षरित

EN 28/20 (नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी मुहर सहित)

पर्यावरण विज्ञान संभाग
Division of Environmental Sciences

भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली

I.C.A.R. - Indian Agricultural Research Institute, New Delhi-110012

पर्यावरण विज्ञान संभाग, भाकृअनुप–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा परिसर, नई दिल्ली–110012 में क्रमशः NACAP परियोजना के अंतर्गत **YP-II** (14 पद) एवं **YP-I** (03 पद), NMSHE परियोजना के अंतर्गत **PA-II** (01 पद) एवं **PA** (01 पद)तथा MoEF&CC परियोजना के अंतर्गत **YP-II** (01 पद) के संविदात्मक पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

पदवार पात्रता, वांछनीय योग्यता/अनुभव तथा अन्य जानकारी के विवरण के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट **www.iari.res.in** पर Latest Updates के अंतर्गत Contractual Jobs टैब देखें. आवेदन **31 अक्तूबर, 2026** तक ई-मेल **env.sci.recruitment@gmail.com** पर भेजे जाने चाहिए. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा और उनसे नवंबर, 2026 के प्रथम सप्ताह में (संभावित रूप से) ऑनलाइन माध्यम से साक्षात्कार में शामिल होने की अपेक्षा की जाएगी.

सहायक प्रशासनिक अधिकारी
पर्यावरण विज्ञान संभाग

EN 28/45 भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012

राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था (नीति आयोग)
नीति भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था (नीति आयोग), नई दिल्ली निम्नलिखित पद के लिए प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) के आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता हैः

क्र. सं.	पद का नाम	वेतन मैट्रिक्स में स्तर	पदों की संख्या	पद्धति
1.	पुस्तकालय और सूचना अधिकारी	स्तर-11	1	प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) या प्रोन्नति

विस्तृत रिक्ति परिपत्र नीति आयोग की वेबसाइट लिंक पर देखे जा सकते हैंः **https://www.niti.gov.in/work-niti/vacancy-circular.** रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **60 दिनों** के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन उचित माध्यम से **अवर सचिव (प्रशा. IV), नीति आयोग, कक्ष सं. 403, नीति भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली 110001 को अग्रेषित किया जाना चाहिए.**

(अरविंद कुमार)
अवर सचिव (प्रशा.IV)

CBC 54102/11/0002/2627 EN 28/4

राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था (नीति आयोग)
नीति भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली -110001

राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था (नीति आयोग), नई दिल्ली निम्नलिखित पद के लिए प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) के आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता हैः

क्र. सं.	पद का नाम	वेतन मैट्रिक्स में स्तर	पदों की संख्या	पद्धति
1.	सहायक कल्याण अधिकारी	स्तर-6	1	प्रतिनियुक्ति द्वारा, जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है

विस्तृत रिक्ति परिपत्र नीति आयोग के वेबसाइट लिंक पर देखे जा सकते हैंः **https://www.niti.gov.in/work-niti/vacancy-circular.** रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **42 दिनों के भीतर** आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन उचित माध्यम से **अवर सचिव (प्रशा. IV), नीति आयोग, कक्ष सं. 403, नीति भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली 110001** को अग्रेषित किया जाना चाहिए.

(अरविंद कुमार)
अवर सचिव (प्रशा.IV)

CBC 54102/11/0003/2627 EN 28/5

भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय

राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी
5वां तल, 15-एनबीसीसी टावर, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066

शुद्धिपत्र

दिनांक 18-24 जुलाई, 2026 के रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन संख्या 03/2026 के अंतर्गत नीचे उल्लिखित पदों को भरने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख को इस शुद्धिपत्र के रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से **एक माह** तक बढ़ाया जाता है. विवरण निम्नानुसार हैः

क्र. सं.	पद का नाम	वेतन स्तर (7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार)	आवेदन का माध्यम	पदों की संख्या
1.	निदेशक (वित्त एवं प्रशासन)	14	प्रतिनियुक्ति/ संविदा	01
2.	निदेशक (परियोजना/तकनीकी)	14	प्रतिनियुक्ति/ संविदा	01
3.	उप निदेशक (परियोजना/तकनीकी)	12	प्रतिनियुक्ति/ संविदा	02
4.	सहायक निदेशक (वित्त एवं प्रशासन)	11	प्रतिनियुक्ति	01

विस्तृत पात्रता मानदंड, आवेदन प्रारूप अथवा किसी परिवर्तन/अद्यतन के लिए कृपया वेबसाइट **https://nrida.dord.gov.in** पर **'Advertisement'** आइकन के अंतर्गत अथवा **https://www.dord.gov.in** पर **'offerings'** आइकन के अंतर्गत देखें. राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी (NRIDA) के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर विज्ञापित पद/रिक्ति को रद्द करने, वापस लेने, उसमें संशोधन करने अथवा उसे न भरने का अधिकार सुरक्षित है. आवेदकों को अपने आवेदन केवल निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने होंगे, ऐसा न करने पर उनके आवेदन सीधे अस्वीकार कर दिए जाएंगे.

CBC 35104/11/0018/2627 सहायक निदेशक (वित्त एवं प्रशासन)

EN 28/12

भारतीय तटरक्षक में शामिल हों

(रक्षा मंत्रालय)

भारतीय तटरक्षक में तटरक्षक नामांकित व्यक्ति परीक्षा (सीजीईपीटी) के जरिए नामांकित व्यक्तियों की भर्ती-बैच 01/2027 और 02/2027

कर्मचारी चयन आयोग

द्वारा

आवेदन-पत्र 06 अक्टूबर (1100 बजे) से 21 अक्टूबर 26 (1730 बजे) तक ''ऑनलाइन'' स्वीकार किए जायेंगे



1. **पात्रता शर्तें:** कर्मचारी चयन आयोग के जरिए भारतीय तटरक्षक में नामांकित व्यक्ति के तौर पर भर्ती के लिए, नीचे यथा निर्धारित शैक्षणिक अर्हताएं और आयु रखने वाले पुरुष और महिला भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं.

1. **पद वार शैक्षणिक अर्हता.**

1.1. **नाविक (सामान्य ड्यूटी).** विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिषद (सीओबीएसई) से मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड से गणित और भौतिकी के साथ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण.

1.2. **नाविक (घरेलू शाखा).** विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिषद (सीओबीएसई) से मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण.

1.3. **स्वास्थ्य विज्ञानी-I** केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार से मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) या समकक्ष.

1.4. **यांत्रिक.** विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिषद (सीओबीएसई) से मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (अभातशिप) से अनुमोदित 03 या 04 वर्ष की अवधि का इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/टेलीकम्यूनिकेशन (रेडियो/पावर) इंजीनियरिंग में डिप्लोमा.

अथवा

विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिषद (सीओबीएसई) से मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड से 10वीं और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (अभातशिप) से अनुमोदित 02 या 03 वर्ष की अवधि का इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/टेलीकम्यूनिकेशन (रेडियो/पावर) इंजीनियरिंग में डिप्लोमा.

टिप्पणी:- इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/टेलीकम्यूनिकेशन (रेडियो/पावर) इंजीनियरिंग शाखा में यांत्रिक संवर्ग में भर्ती के लिए समकक्ष डिप्लोमा की सूची नीचे किए गए उल्लेख के अनुसार है:-

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (डिप्लोमा)	मैकेनिकल इंजीनियरिंग (डिप्लोमा)	इलेक्ट्रॉनिक्स/टेलीकम्यूनिकेशन (रेडियो/पावर) इंजीनियरिंग (डिप्लोमा)
इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स (पावर सिस्टम)	मरीन इंजी/मरीन इंजी. एंड सिस्टम्स	एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजी.
इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजी.	मैकेनिकल इंजी.	इलेक्ट्रॉनिक इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजी.
इलेक्ट्रिकल और इंस्ट्रूमेंटेशन इंजी.	मैकेनिकल इंजी. (उत्पादन)	इलेक्ट्रॉनिक्स इंजी.
इलेक्ट्रिकल और मैकेनिक इंजी.	मैकेनिकल इंजी. (ऑटोमोबाइल)	इलेक्ट्रॉनिक्स (फाइबर ऑप्टिक्स)
इलेक्ट्रिकल इंजी.	मैकेनिकल इंजी. (रेफ्रिजेरेशन एंड एअर कंडीशनिंग)	इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजी.
इलेक्ट्रिकल इंजी. (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड पावर)	मैकेनिकल इंजी. (रिपेयर एंड मेंटेनेंस)	इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल इंजी.
इलेक्ट्रिकल इंजी. (औद्योगिक नियंत्रण)	उत्पादन इंजी.	इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजी.
इलेक्ट्रिकल इंजी. (इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल)	शिप बिल्डिंग इंजी.	
इलेक्ट्रिकल पावर सिस्टम इंजी.		

टिप्पणी: 1.उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपनी अंकशीट में यथा वर्णित सभी विषयों के अंक भरने हैं. ऑनलाइन आवेदन में गलत या अपूर्ण अंक भरने से उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है.

2. यांत्रिक के पद के लिए आवेदन कर रहे उम्मीदवार और जिनके पास चरण-II भर्ती प्रक्रिया से पूर्व मूल डिप्लोमा प्रमाणपत्र नहीं हैं, उन्हें चरण-II भर्ती के संचालन के दौरान कालेज/विश्वविद्यालय प्रमुख से विधिवत हस्ताक्षरित अनंतिम प्रमाणपत्र लेकर आना और अपलोड करना अनिवार्य हैं. यद्यपि चरण-III के संचालन के दौरान मूल डिप्लोमा प्रमाणपत्र लेकर आना अनिवार्य है. यदि चरण-III के आयोजन के दौरान मूल दस्तावेज नहीं होते हैं तो उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी.

2. **आयु.** प्रासंगिक तिथियां नीचे दी गई हैं:

2.1. **नाविक (जीडी)** . 01/27 और 02/27 बैच उम्मीदवार का जन्म 01 नवंबर 2005 से 01 मई 2009 के बीच होना चाहिए.

2.2. **यांत्रिक.** 01/27 बैच उम्मीदवार का जन्म 01 मई 2005 से 01 मई 2009 के बीच होना चाहिए.

2.3. **नाविक (डीबी).** 02/27 बैच उम्मीदवार का जन्म 01 नवंबर 2005 से 01 अक्टूबर 2009 के बीच होना चाहिए.

2.4. **स्वास्थ्य विज्ञानी-I** 02/27 बैच उम्मीदवार का जन्म 01 नवंबर 2002 से 01 अक्टूबर 2009 के बीच होना चाहिए.

2.5. संबंधित श्रेणियों के लिए आयु में लागू छूट निम्नानुसार है:-

क्रमांक	श्रेणी	छूट
1.	अपिव	03 वर्ष
2.	अजा/अजजा	05 वर्ष

3. रिक्ति प्रत्येक बैच के लिए संभावित रिक्तियां निम्नानुसार हैं:-

3.1. **सीजीईपीटी-01/27 बैच**

3.1.1. नाविक (सामान्य ड्यूटी) के पद के लिए पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं. रिक्तियां निम्नानुसार हैं:-

पद	लिंग	अना (सामा.)	ईडब्ल्यूएस	अपिव	अजा	अजजा	कुल
नाविक (सामान्य ड्यूटी)	पुरुष	44	11	36	14	12	117
	महिला	08	01	03	01	00	13

3.1.2. इन पदों के लिए केवल पुरुष उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं.

पद	अना (सामा.)	ईडब्ल्यूएस	अपिव	अजा	अजजा	कुल
यांत्रिक (मैकेनिकल)	09	02	05	05	07	28
यांत्रिक (इलेक्ट्रिकल)	10	02	05	03	03	23
यांत्रिक (इलेक्ट्रॉनिक्स)	05	00	01	02	01	09

3.2. **सीजीईपीटी-02/27 बैच**

3.2.1. नाविक (सामान्य ड्यूटी) के पद के लिए पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं. रिक्तियां निम्नानुसार हैं:-

पद	लिंग	अना (सामा.)	ईडब्ल्यूएस	अपिव	अजा	अजजा	कुल
नाविक (सामान्य ड्यूटी)	पुरुष	48	11	36	14	08	117
	महिला	05	01	04	02	01	13

3.2.2. इन पदों के लिए केवल पुरुष उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं.

पद	अना (सामा.)	ईडब्ल्यूएस	अपिव	अजा	अजजा	कुल
नाविक (घरेलू शाखा)	11	02	07	05	00	25
स्वास्थ्य विज्ञानी-I	09	01	05	05	00	20

टिप्पणी: 1. नाविक (जीडी) के लिए पुरुष उम्मीदवारों के लिए जोन वार भर्ती संचालित की जायेगी अर्थात रिक्तियों को पांच जोनों में वितरित किया जायेगा. पांच जोनों में प्रत्येक के लिए अलग मैरिट सूची तैयार की जायेगी. विभिन्न जोनों के अंतर्गत शामिल राज्यों का विवरण निम्नानुसार है:-

1.1. **उत्तर-** जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़.

1.2. **पश्चिम-** गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, गोवा, दादर और नगर हवेली, दमन और दीव.

1.3. **पूर्व** - पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा, मेघालय, मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम, ओडिशा.

1.4. **दक्षिण-** आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह, तमिलनाडु, पुदुचेरी, केरल, कर्नाटक, लक्षद्वीप.

1.5. **मध्य** - मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार.

2. ये जोन वार रिक्तियां पंजीकरण के दौरान प्रदर्शित/उल्लेखित की जायेंगी. यदि किसी जोन विशेष में अजा/अजजा/अपिव (गैर संपन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए कोई रिक्ति नहीं हैं तो ऐसे उम्मीदवार अनारक्षित उम्मीदवारों के तौर पर आवेदन कर सकते हैं. तब ऐसे उम्मीदवार कोई आयु छूट या उत्तीर्ण अंक छूट या आवेदन शुल्क से छूट और यात्रा किराये की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र नहीं होंगे.

3. नाविक (जीडी) महिला, यांत्रिकों, नाविक (डीबी) और स्वास्थ्य विज्ञानी-1 के पदों के लिए भर्ती अखिल भारतीय आधार पर की जायेगी.

4. जोन वार/अखिल भारतीय रिक्तियां संभावित हैं और परिवर्तन हो सकता है.

चयन प्रक्रिया

5. उम्मीदवार का चयन चरण-I, II, III और IV में उनके प्रदर्शन (बाद के पैरों में विस्तार से उल्लेख किया गया है), चिकित्सा जांच के दौरान निर्धारित चिकित्सा मानदंडों के पूरा करने और संबंधित बैच में पद के लिए उपलब्ध रिक्तियों की संख्या के आधार पर किया जायेगा. भारतीय तटरक्षक में भर्ती के लिए चरण-I, II, III और IV में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है. यांत्रिकों के पद के लिए उम्मीदवारों का चयन केवल सीजीईपीटी-01/27 के लिए और नाविक (डीबी) और स्वास्थ्य विज्ञानी-1 के लिए सीजीईपीटी-02/27 के लिए होगा. यद्यपि उम्मीदवारों का सीजीईपीटी-01/27 अथवा सीजीईपीटी-02/27 बैच के लिए नाविक (जीडी) के पद हेतु चयन मैरिट क्रम, उपलब्ध रिक्तियों और प्रशासनिक अपेक्षा के अनुरूप होगा. उम्मीदवार किसी बैच विशेष में अपने चयन का दावा नहीं कर सकते. सीजीईपीटी के चरण-I, II और III की परीक्षा प्रारंभ होने से पहले सभी उम्मीदवारों की अनिवार्य रूप से पहचान की जांच की जायेगी. पहचान की जांच में चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में निम्नलिखित का सत्यापन/मिलान शामिल होगा:-

(शेष पृष्ठ 11 पर)

(पृष्ठ 10 का शेष)

5.1. **पंजीकरण के दौरान लाइव इमेज कैप्चर** – उम्मीदवार को पंजीकरण के दौरान नवीनतम फोटोग्राफ अपलोड कराना होगा. इसके अलावा, पंजीकरण के दौरान उम्मीदवार की लाइव इमेज कैप्चर की जायेगी. अपलोड की गई फोटो में अभ्यर्थी के चेहरे की विशेषताओं का मिलान रियल टाइम फोटो से किया जायेगा. फोटो के मिलान के बाद ही उम्मीदवार आवेदन प्रस्तुत करने के लिए योग्य होगा. इसके अलावा, ऑनलाइन आवेदन पत्र के पंजीकरण के दौरान अभ्यर्थी की रियल टाइम फोटो और आवेदन पत्र में अभ्यर्थी की फोटो का बाद के सभी चरणों में अभ्यर्थी के चेहरे की विशेषताओं/शारीरिक बनावट के साथ मिलान किया जाएगा.

5.2. **बायोमीट्रिक**

5.2.1. ऑनलाइन परीक्षा के पहले चरण-I की भर्ती में केवल बाएं अंगूठे का बायोमेट्रिक लिया जाएगा. यदि चरण-I के दौरान बाएं अंगूठे का बायोमेट्रिक कैप्चर नहीं किया जाता है, तो दाएं अंगूठे का बायोमेट्रिक लिया जाएगा और बाद में सत्यापन के लिए इसका उपयोग किया जाएगा. बाएं और दाएं अंगूठे के अलावा, बायोमेट्रिक के लिए किसी अन्य उंगली पर विचार नहीं किया जाएगा.

5.2.2. पहले ही यह जांच कर लेने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है कि बायोमेट्रिक मशीनें फिंगरप्रिंट इमेज को कैप्चर करने में सक्षम है. यदि मेंहदी, वैक्स आदि के कारण बायोमेट्रिक मशीन फिंगरप्रिंट इमेज को कैप्चर नहीं कर पाती है तो उम्मीदवार को परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

5.2.3. ऑनलाइन आवेदन में यथा अपलोडिड हस्ताक्षर.

5.2.4. पहचान के चिन्ह, जैसा कि ऑनलाइन आवेदन में उल्लेख किया गया है.

टिप्पणी: ऊपर वर्णित पहचान के लिए किसी भी चरण में जांच में असफलता से उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी.

6. सीजीईपीटी परीक्षा के विभिन्न चरणों के विवरण नीचे दिए गए हैं:-

6.1. **चरण-I (कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा)**

6.1.1. **पहचान सत्यापन** चरण-I में ऑनलाइन आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा भरे गए विवरण के अनुसार उम्मीदवार की पहचान की जांच की जाएगी. उम्मीदवारों को अपने संबंधित परीक्षा केंद्र पर रिपोर्टिंग के समय सत्यापन के लिए निम्नलिखित दस्तावेज लेकर आना अपेक्षित होगा:-

6.1.1.1. वैध मूल पहचान पत्र (आधार कार्ड **अथवा** पैन कार्ड **अथवा** मतदाता पहचान पत्र **अथवा** ड्राइविंग लाइसेंस **अथवा** पासपोर्ट) जैसा कि ऑनलाइन आवेदन-पत्र में प्रस्तुत/अपलोड किया गया है. जिन उम्मीदवारों के पास आधार कार्ड है उन्हें ऑनलाइन आवेदन भरते समय पहचान के सबूत के लिए पहले विकल्प के तौर पर आधार कार्ड अपलोड करना होगा.

6.1.1.2. ई-प्रवेश पत्र का एक प्रिंटआउट (ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट स्वीकार्य होगा बशर्ते कि उसमें उम्मीदवार का फोटोग्राफ, क्यूआर कोड्स और अन्य सभी विवरण स्पष्ट दिखाई/पढ़ने योग्य हैं.

6.1.1.3. पासपोर्ट आकार के दो रंगीन फोटोग्राफ जैसा कि ऑनलाइन आवेदन में अपलोड किए गए हैं.

टिप्पणी: उम्मीदवारों को पहचान के दस्तावेज, जो कि उन्होंने ऑनलाइन आवेदन में पहचान के सत्यापन के उद्देश्य के लिए अपलोड किए हैं, लेकर आना है. ऑनलाइन आवेदन और ई-प्रवेश पत्र में वर्णित उम्मीदवार के विवरणों (नाम, पहचान के प्रमाण के विवरण, जन्म तिथि) का मिलान उम्मीदवार द्वारा यथा अपलोडिड समान पहचान सबूत (आधार कार्ड या पैन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस या पासपार्ट) के साथ किया जायेगा. उपरोक्त दस्तावेजों में ऑनलाइन आवेदन में भरी गई और ई-प्रवेश पत्र के संबंध में उपरोक्त दस्तावेजों में नाम/जन्म तिथि/पहचान पत्र संख्या/फोटोग्राफ में कोई भी त्रुटि पाये जाने पर उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है. यह नोट कर लें कि चरण-1 में किसी अन्य दस्तावेज की जांच नहीं की जायेगी और यह केवल प्रारंभिक बुनियादी पहचान सत्यापन है.

6.1.2. **बायोमीट्रिक रिकार्डिंग.** जिन उम्मीदवारों की पहचान का सत्यापन मूल दस्तावेजों से कर लिया जाता है उनकी चरण-1 में बायोमीट्रिक रिकॉर्डिंग की जाएगी. चरण-1 में कैप्चर किए गए बायोमीट्रिक डाटा का मिलान किया जाएगा और बाद के सभी चरणों में पुनः कैप्चर और सत्यापन किया जाएगा.

6.1.3. **कम्प्यूटर आधारित परीक्षा:** प्रत्येक 01 अंक के कुल 100 अंकों के साथ कम्प्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की जायेगी. प्रश्न पत्र द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) और वस्तुनिष्ठ प्रकार (बहु विकल्प प्रश्न) का होगा. परीक्षा की अवधि एक घण्टा होगी. गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं होंगे. विस्तृत पाठ्यक्रम **www.ssc.gov.in** पर उपलब्ध है.

6.1.3.1. संबंधित श्रेणियों के लिए सभी पदों के लिए उत्तीर्ण अंक मानदंड निम्नानुसार है:-

क्रमांक	श्रेणी	उत्तीर्ण अंक
1.	अना/ईडब्ल्यूएस/अपिव	40
2.	अजा/अजजा	35

6.1.3.2. **अंकों का सामान्यीकरण.** यदि परीक्षा एक से अधिक पारियों में आयोजित की जाती है तो उम्मीदवारों द्वारा अर्जित अंकों को सामान्यीकृत किया जायेगा और इन सामान्यीकृत स्कोर्स का प्रयोग अंतिम मैरिट तथा कट आफ अंकों के निर्धारण के लिए किया जायेगा.

6.1.3.3. चरण-1 का परिणाम **www.ssc.gov.in** पर उम्मीदवार के डैशबोर्ड पर अपलोड किया जायेगा.

6.2. **चरण-II (भारतीय तटरक्षक द्वारा विनिर्दिष्ट भर्ती केंद्रों पर भर्ती प्रक्रिया)** कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा में प्रदर्शन और आईसीजी भर्ती केंद्रों की हैंडलिंग क्षमता के आधार पर उम्मीदवारों को चरण-II के लिए लघुसूचीबद्ध किया जायगा तथा अनंतिम ई-प्रवेश पत्र जारी किया जाता है. सीजीईपीटी-01/27 और सीजीईपीटी-02/27 बैचों के लिए लघुसूचीबद्ध उम्मीदवारों के लिए चरण-II संयुक्त रूप से आयोजित किया जायेगा. **ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को नीचे पैरा 7.5 में यथा वर्णित अतिरिक्त दस्तावेज अपलोड करने होंगे को दी गई अवधि के भीतर वरीयतन तिथि और केंद्र का चयन करना होगा. अतिरिक्त दस्तावेज अपलोड करने या तिथि/केंद्र का विकल्प भारतीय तटरक्षक द्वारा निर्धारित समय के भीतर प्रस्तुत करने में असफल रहने पर उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है. चरण-II परीक्षाओं के लिए तिथि और केंद्र का आवंटन पहले आओ पहले पाओ आधार पर किया जायेगा. उम्मीदवारों को तिथि और केंद्र के चयन के लिए विकल्प दिया जायेगा. तिथि और केंद्र जहां पर सीटें उपलब्ध हैं, चयन के लिए उम्मीदवारों को दर्शाई जायेंगी.** चरण-II की अवधि 1-2 दिन है और आवंटित केंद्र पर संचालित किया जायेगा. चरण-II में निम्नलिखित परीक्षा शामिल है जो कि केवल अर्हक प्रकृति की होगी.

6.2.1. **बेसिक पहचान और बायोमीट्रिक सत्यापन** चरण-II के लिए रिपोर्ट करने वाले सभी उम्मीदवारों को प्रवेश द्वार पर बेसिक पहचान जांच के उपरांत भारतीय तटरक्षक भर्ती केंद्रों में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी और आगे उपरोक्त पैरा 5 में यथा उल्लिखित बायोमीट्रिक सत्यापन किया जायेगा. जिन उम्मीदवारों की पहचान प्रवेश द्वार पर सत्यापित नहीं होती है उन्हें आईसीजी भर्ती केंद्रों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जायेगी और इसके बाद उन्हें भर्ती प्रक्रिया से आयोग्य घोषित कर दिया जायेगा.

6.2.2. **शारीरिक फिटनेस परीक्षा (पीएफटी).** पीएफटी से गुजरने वाले उम्मीदवार ऐसा अपने स्वयं के जोखिम पर करेंगे. सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने पास स्पोर्टस रिग (जूते, टी शर्ट, ट्राउजर आदि) रख लें. पीएफटी में सम्मिलित है:-

क्रमांक	लिंग	1.6 कि.मी. दौड़ के लिए समय	स्क्वैट्स (उठक-बैठक)	पुश-अप्स	घुटने मोड़कर सिट-अप्स
1.	पुरुष	06 मिनट 30 सेकेंड	20	15	15
2.	महिला	08 मिनट	15	10	10

टिप्पणी. पीएफटी के सभी चार परीक्षण बगैर ब्रेक के लगातार संचालित किये जायेंगे. इन परीक्षणों में कोई भी ब्रेक होने से पीएफटी में असफल किया जा सकता है.

6.2.3. **मूल्यांकन और अनुकूलता परीक्षा.** पीएफटी में अर्हक उम्मीदवार चरण-II भर्ती प्रक्रिया के आगे के चरणों के लिए अर्हता के लिए ऑनलाइन/ओएमआर आधारित परीक्षा में शामिल होंगे. यह परीक्षा अर्हक प्रकृति की है और प्राप्त अंकों को अंतिम मैरिट सूची में शामिल नहीं किया जायेगा. परिणाम की घोषणा परीक्षा के आयोजन के उपरांत स्थल पर कर दी जायेगी.

6.2.4. **दस्तावेज सत्यापन.** ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उपलब्ध कराई सभी सूचनाओं का सभी मूल दस्तावेजों जैसे कि कक्षा 10वीं/कक्षा 12वीं/फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड या पैन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट)/अधिवास प्रमाणपत्र/जाति प्रमाण-पत्र/व्यक्तिशः विषय और कुल अंकों या सीजीपीए, जो भी लागू है, के साथ मिलान होना चाहिए. उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र, अपलोड किए गए दस्तावेजों और चरण-II में सत्यापन के लिए प्रस्तुत मूल दस्तावेजों में "नाम, जन्म तिथि, माता-पिता का नाम, विषयवार अंक/सीजीपीए (जैसा भी लागू हो), दस्तावेजों की वैधता, श्रेणी प्रमाण पत्र विवरण, मूल निवास प्रमाण पत्र आदि" से संबंधित जानकारी में कोई भी अंतर/विसंगति/त्रुटि पाए जाने पर दस्तावेज सत्यापन के दौरान उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. **सभी दस्तावेजों के जारी होने की तिथि आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले की होनी चाहिए.** अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों की वैधता कम से कम 31 दिसंबर 2027 तक होनी चाहिए. ऑनलाइन आवेदन में कोई भी झूठी घोषणा उम्मीदवारी को रद्द करने का कारण बनेगी. दस्तावेज सत्यापन कई चरणों में आयोजित किया जाएगा. किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की असंगति, विसंगति या झूठे/फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी नामांकन के बाद भी, लागू नियमों के अनुसार, रद्द कर दी जाएगी.

6.2.5. **भर्ती चिकित्सा परीक्षा:** भर्ती चिकित्सा अधिकारी निर्धारित चिकित्सा मानकों के अनुसार उम्मीदवारों की चिकित्सा फिटनेस का आकलन करेंगे और उन्हें योग्य या अयोग्य घोषित करेंगे. वे सभी उम्मीदवार जिन्होंने दस्तावेज सत्यापन उत्तीर्ण कर लिया है, उन्हें भर्ती चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा. **भर्ती चिकित्सा परीक्षा में चिकित्सकीय रूप से अयोग्य पाए जाने वाले और अपील करने के इच्छुक उम्मीदवारों को तुरंत नामित सैन्य अस्पताल (आईसीजी द्वारा आवंटित) में भेजा जाएगा.** उम्मीदवारों को भर्ती चिकित्सा परीक्षा पूरी होने के 14 दिनों के भीतर नामित एएफएमएस अस्पताल अस्पताल में रिपोर्ट करना होगा. पुनर्विचार चिकित्सा परीक्षा को अंतिम माना जाएगा और उम्मीदवार को किसी अन्य या उसी अस्पताल में दोबारा अपील करने का कोई अधिकार नहीं होगा.

टिप्पणी: 1. स्टेज-II भर्ती केंद्र पर भर्ती चिकित्सा परीक्षा में योग्य घोषित किए गए उम्मीदवारों को, भारतीय तटरक्षक द्वारा दस्तावेजों की आगे की संवीक्षा के दौरान दस्तावेज सत्यापन में अयोग्य ठहराया जा सकता है, क्योंकि दस्तावेज सत्यापन का कार्य स्टेज-II के संचालन के पश्चात और अंतिम मेरिट/परिणाम प्रकाशित होने से पूर्व भी कई चरणों में किया जाता है.

2. भर्ती चिकित्सा अधिकारी और सशस्त्र बल अस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टर (आईसीजी द्वारा आवंटित) भर्ती चिकित्सा परीक्षा, अपील चिकित्सा परीक्षा और नामांकन से पूर्व चिकित्सा परीक्षा के दौरान किसी उम्मीदवार को योग्य या अयोग्य घोषित करने वाले अंतिम प्राधिकारी हैं.

6.2.6. **चरण-III के लिए अंतिम मेरिट सूची तैयार करना:** भारतीय तटरक्षक बल उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का (उनकी अनुपस्थिति में) पुनः सत्यापन कर सकता है और मेरिट सूची तैयार करने के लिए केवल उन्हीं उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा जो अंततः दस्तावेज सत्यापन में सफल होंगे और भर्ती/अपील मेडिकल में फिट घोषित किए जाएंगे. सभी चरणों को उत्तीर्ण करने और इस विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यक मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों के लिए नाविक (जीडी) पुरुष के लिए [क्षेत्र-वार और श्रेणी-वार) तथा नाविक (जीडी) महिला, यांत्रिक, नाविक (डीबी) और स्वास्थ्य विज्ञानी-I के लिए अखिल भारतीय (श्रेणी-वार) मेरिट सूची तैयार की जाएगी. नाविक (जीडी) पद के लिए सीजीईपीटी-01/27 या सीजीईपीटी-02/27 बैच में उम्मीदवारों का चयन मेरिट सूची और रिक्तियों की संख्या के अनुसार होगा. अभ्यर्थी को किसी विशेष बैच में चयन का दावा नहीं कर सकता. उम्मीदवारों की योग्यता सूची केवल चरण-I में प्राप्त अंकों, चरण-II के सभी भागों में उत्तीर्ण होने और उपलब्ध रिक्तियों की संख्या पर आधारित होगी. मूल्यांकन परीक्षा के अंक अंतिम योग्यता का हिस्सा नहीं होंगे, बल्कि केवल टाई (समान अंक) की स्थिति को हल करने के लिए उपयोग किए जाएंगे. चरण-I में दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के समान अंक होने की स्थिति में योग्यता में समानता की स्थिति के समाधान का नियम इस प्रकार है (जहां भी समानता का हल होगा, उसके बाद अगला चरण नहीं होगा):-

6.2.6.1. आयु में बड़ा उम्मीदवार मैरिट में ऊपर रखा जायेगा.

5.2.6.2. मूल्यांकन परीक्षा में अधिक अंक अर्जित करने वाला उम्मीदवार.

टिप्पणी:- जो उम्मीदवार अजा/अजजा श्रेणी के अंतर्गत आवेदन कर रहे हैं और अपने किराए की प्रतिपूर्ति चाहते हैं, उन्हें चरण-II के दौरान यात्रा भत्ते का दावा करने के लिए मूल श्रेणी प्रमाण पत्र, स्व-सत्यापित अजा/अजजा प्रमाण पत्र की दो फोटोकॉपी, मूल ट्रेन/बस टिकट, एनईएफटी भुगतान के लिए रद्द किया हुआ चेक और वेबसाइट से डाउनलोड किया गया यात्रा फॉर्म लाना होगा. चरण-II की परीक्षा पूरी होने के बाद या उसके बाद के किसी भी चरण में यात्रा भत्ते के दावे के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

6.3. **चरण -III.** जो अभ्यर्थी चरण-I और चरण-II में सफल होंगे और उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार मेरिट में आएंगे, उन्हें आईएनएस चिल्का में रिपोर्ट करने के लिए अनंतिम रूप से लघुसूचीबद्ध किया जाएगा और उन्हें अनंतिम ई-प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा. चरण-III सीजीईपीटी-01/27 बैच में नाविक (जीडी) और यांत्रिक तथा सीजीईपीटी-02/27 बैच में नाविक (जीडी), नाविक (डीबी) और स्वास्थ्य विज्ञानी-I जैसे प्रत्येक संवर्ग के लिए अलग-अलग आयोजित किया जाएगा. चरण-III की अवधि 1-2 दिन है. चूंकि आईएनएस चिल्का एक नौसेना प्रशिक्षण संस्थान है, इसलिए प्रशिक्षण आधार पर प्रचलित सत्यापन प्रक्रियाएं आईसीजी उम्मीदवारों पर भी लागू होती हैं. चरण-III में निम्नलिखित शामिल हैं:-

6.3.1. **बुनियादी पहचान सत्यापन:** – आईएनएस चिल्का में भर्ती के चरण-III के लिए रिपोर्ट करने वाले सभी उम्मीदवारों का आधार-आधारित पहचान सत्यापन किया जाएगा. पिछले दो वर्षों के दौरान आधार में जनसांख्यिकीय विवरण (नाम, जन्म तिथि, शारीरिक बनावट) में किए गए परिवर्तनों की सूक्ष्म जांच की जाएगी. किसी भी प्रकार की विसंगति या बेमेल होने की स्थिति में:-

6.3.1.1. उम्मीदवारों को वैध समर्थित दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिए.

6.3.1.2. प्रामाणिक परिवर्तनों पर शपथ पत्र के साथ विचार किया जा सकता है.

6.3.1.3. संदिग्ध घोटाले या वैध सबूत न होने पर उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है.

6.3.2. **दस्तावेज सत्यापन.** ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उपलब्ध कराई सभी सूचनाओं का सभी मूल दस्तावेजों जैसे कि कक्षा 10वीं/कक्षा 12वीं/फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड या पैन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट)/अधिवास प्रमाणपत्र/जाति प्रमाण-पत्र/व्यक्तिशः विषय और कुल अंकों या सीजीपीए, जो भी लागू है, के साथ मिलान होना चाहिए. ''नाम, जन्म तिथि, माता-पिता का नाम, दस्तावेजों की वैधता, जाति प्रमाणपत्र'' आदि विवरण के संबंध में उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत सूचना और अपलोड किए गए दस्तावेजों तथा सत्यापन हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की असंगति/बेमेल/त्रुटि होने से दस्तावेज सत्यापन की विफलता मानी जायेगी और उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी. सभी दस्तावेजों की जारी होने की तिथि आवेदन प्राप्ति बंद होने की तिथि या इससे पहले की होनी चाहिए. सभी अपलोडिड दस्तावेजों की वैधता कम से कम 31 दिसंबर, 27 होनी चाहिए. ऑनलाइन आवेदन में कोई भी घोषणा झूठी होने पर उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी.

6.3.3. **आईएनएस चिल्का में नामांकन-पूर्व चिकित्सीय परीक्षण:** चयनित सभी उम्मीदवारों का नामांकन-पूर्व चिकित्सीय परीक्षण आईएनएस चिल्का में भर्ती चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया जाएगा. नामांकन-पूर्व चिकित्सीय परीक्षण का आयोजन चरण-II के दौरान किए गए भर्ती चिकित्सीय परीक्षण और आईएनएस चिल्का में उम्मीदवारों

(शेष पृष्ठ 12 पर)

(पृष्ठ 11 का शेष)

की रिपोर्टिंग की तिथि के बीच के समय अंतराल पर निर्भर करेगा. जो अभ्यर्थी चिकित्सीय रूप से अयोग्य पाए जाते हैं और अपील करना चाहते हैं, उन्हें आईएनएस चिल्का के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा आवंटित नामित सैन्य अस्पताल (आईएनएचएस निवारिनी या आईएनएचएस कल्याणी) में तुरंत भेजा जाएगा. ऐसे अभ्यर्थियों को निर्धारित सैन्य अस्पतालों में रिपोर्ट करना होगा और अपील मेडिकल परीक्षा के भाग के रूप में अधिकतम पांच कार्य दिवसों के भीतर अपील मेडिकल पूरा करना होगा. पुनर्विचार चिकित्सा परीक्षा को अंतिम माना जाएगा और उम्मीदवार को किसी अन्य या उसी अस्पताल में दोबारा अपील करने का कोई अधिकार नहीं होगा.

6.3.4. **दस्तावेजों की प्रस्तुति:** सभी अभ्यर्थियों को चरण-III में ई-प्रवेश पत्र के साथ मूल दस्तावेज, पुलिस सत्यापन प्रपत्र और अन्य संबंधित प्रपत्र जमा करने होंगे. अभ्यर्थियों के पास अपने मूल निवास स्थान या वर्तमान निवास स्थान में से किसी एक का पुलिस सत्यापन होना चाहिए, जो आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किया गया हो. सत्यापित पुलिस सत्यापन रिपोर्ट के बिना या प्रतिकूल टिप्पणियों वाली रिपोर्ट वाले अभ्यर्थी नामांकन के लिए पात्र नहीं होंगे.

5.4. **चरण-IV**. चरण-IV के अंतर्गत चरण-III में प्रस्तुत मूल शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों का संबंधित बोर्डों, विश्वविद्यालयों या राज्य सरकार के प्राधिकरणों के माध्यम से सत्यापन/प्रमाणन किया जाएगा. यदि संबंधित बोर्डों, विश्वविद्यालयों या राज्य सरकार द्वारा दस्तावेज फर्जी पाए जाते हैं, तो अभ्यर्थी की सेवा समाप्त कर दी जाएगी.

7. आवेदन कैसे करें.

7.1. आवेदन पत्र **'केवल ऑनलाइन' 06 अक्टूबर (1100 बजे) से 21 अक्टूबर 26 (1730 बजे)** तक स्वीकार किये जायेंगे. उम्मीदवारों को **www.ssc.gov.in** पर लॉग इन करना होगा और स्वयं के पंजीकरण के लिए अनुदेशों का पालन करें. उम्मीदवारों को अपना पंजीकृत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर याद रखना होगा और इसे आवेदन फार्म के साथ एनक्रिप्ट किया जायेगा. यदि अभ्यर्थी अपना ईमेल आईडी या मोबाइल नंबर भूल जाता है, तो वह अभ्यर्थी के डैशबोर्ड में लॉगिन नहीं कर पाएगा और न ही अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर पाएगा या अपना परिणाम देख पाएगा और इसके लिए भारतीय तटरक्षक उत्तरदायी नहीं होगा. पंजीकृत ईमेल आईडी या मोबाइल नंबर पुनः प्राप्त करने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

7.2. उम्मीदवारों को निर्देशित किया जाता है कि वे पंजीकरण में किए गए उल्लेख के अनुसार आवेदन फार्म भरने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करें.

7.3. उम्मीदवारों को **www.ssc.gov.in** पर उपलब्ध बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यूज) का पालन करना होगा.

7.4. अभ्यर्थी केवल **एक पद** के लिए आवेदन कर सकता है. यदि कोई अभ्यर्थी किसी विशेष भर्ती चक्र के दौरान कई आवेदन भरता है, तो अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत केवल नवीनतम भरे गए आवेदन पर ही विचार किया जाएगा और पहले भरे गए सभी आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे. हालांकि, एकाधिक आवेदन भरने के लिए परीक्षा शुल्क वापस नहीं किया जाएगा. ऑनलाइन आवेदन की पात्रता के लिए आगे जांच की जाएगी और किसी भी प्रकार से अपात्र पाए जाने पर इसे किसी भी स्तर पर अस्वीकार किया जा सकता है. ऑनलाइन आवेदन से संबंधित किसी भी पूछताछ के लिए, उम्मीदवार ई-मेल **support@parikshasaarthi.in** और टेलीफोन नंबर 7620207872 के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं.

7.5. **भर्ती के विभिन्न चरणों के दौरान अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज:** उम्मीदवारों को दो चरणों में दस्तावेज अपलोड करने होंगे. केवल मूल दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां ही अपलोड की जाएंगी. फोटोकॉपी या स्व-सत्यापित फोटोकॉपी स्वीकार नहीं की जाएंगी.

7.5.1. **चरण-I से पहले ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के दौरान सभी उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किये जाने वाले अनिवार्य दस्तावेज.**

7.5.1.1. पंजीकरण पोर्टल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार हाल की पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो **(आवेदन खुलने की तिथि से तीन महीने से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए)**.

7.5.1.2. **पंजीकरण के दौरान लाइव ईमेज** – उम्मीदवार की पंजीकरण के दौरान लाइव ईमेज भी कैप्चर की जाएगी. अपलोड की गई फोटो में उम्मीदवार के चेहरे की विशेषताओं का मिलान वास्तविक समय की फोटो से किया जाएगा. यदि लाइव फोटो और अपलोडिड फोटो का मिलान होगा तो ही उम्मीदवार आवेदन जमा कर सकेगा.

7.5.1.3. उम्मीदवार के स्कैन किए हुए हस्ताक्षर की ईमेज.

7.5.1.4. जन्म तिथि का प्रमाण (श्रेणी 10 की अंक शीट या जन्म प्रमाणपत्र).

7.5.1.5. पहचान का सबूत (आधार कार्ड या पैन कार्ड या वोटर आईडी कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट).

7.5.1.6. यदि उम्मीदवार भारतीय तटरक्षक कार्मिक या सिविलियन है, सेवा प्रमाणपत्र/अनापत्ति प्रमाणपत्र.

7.5.1.7. नाविक (जीडी) पुरुष के पद के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को जोन-वार भर्ती के लिए उम्मीदवार का जोन निर्धारित करने हेतु एक वैध मूल निवास प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा. **जिन राज्यों में दोनों प्रमाण पत्र यानी मूल निवास और आवासीय प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं, वहां केवल मूल निवास प्रमाण पत्र ही स्वीकार किया जाएगा.**

7.5.1.8. नाविक (जीडी) महिला, यांत्रिक, नाविक (डीबी) और स्वास्थ्य विज्ञानी-I के पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अधिवास प्रमाण पत्र तभी अपलोड करना होगा जब उन्हें कद जैसे चिकित्सा मानकों में छूट चाहिए.

7.5.2. **चरण-II के लिए अल्पसूचीबद्ध होने पर अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज**. यदि उम्मीदवार को चरण-II भर्ती प्रक्रिया के लिए अल्पसूचीबद्ध किया जाता है, तो उसे निम्नलिखित प्रमाण पत्र अपलोड करने होंगे:-

7.5.2.1. **सभी पदों के लिए सभी उम्मीदवार**

7.5.2.1.1. श्रेणी प्रमाणपत्र [अजा/अजजा/अपिव (गैर संपन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस].

7.5.2.1.2. यदि उम्मीदवार सेवारत है, सरकारी संगठन से अनापत्ति प्रमाणपत्र. अनापत्ति प्रमाणपत्र विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि या उसके बाद का होना चाहिए.

7.5.2.2. **स्वास्थ्य विज्ञानी-I उम्मीदवार (7.5.2.1 के अलावा).**

7.5.2.2.1. 8वीं श्रेणी अंक शीट.

7.5.2.2.2. 10वीं श्रेणी अंक शीट (यदि पूर्ण है).

7.5.2.2.3. 10वीं श्रेणी प्रमाणपत्र (यदि पूर्ण है).

7.5.2.2.4. आईटीआई प्रमाणपत्र और अंक शीट.

7.5.2.3. **नाविक (डीबी) उम्मीदवार (7.5.2.1 के अतिरिक्त).**

7.5.2.3.1. 10वीं श्रेणी अंक शीट.

7.5.2.3.2. 10वीं श्रेणी प्रमाणपत्र.

7.5.2.3.3. 10वीं श्रेणी की अतिरिक्त अंकशीट (यदि लागू है).

7.5.2.4. **नाविक (जीडी) उम्मीदवार (7.5.2.1 और 7.5.2.3 के अतिरिक्त).**

7.5.2.4.1. 12वीं श्रेणी अंक शीट.

7.5.2.4.2. 12वीं श्रेणी प्रमाणपत्र.

7.5.2.4.3. 12वीं श्रेणी की अतिरिक्त अंकशीट (यदि लागू है).

7.5.2.5. **यांत्रिक उम्मीदवार (7.5.2.1 और 7.5.2.3 के अतिरिक्त).**

7.5.2.5.1. 12वीं श्रेणी अंक शीट (यदि पूर्ण है).

7.5.2.5.2. 12वीं श्रेणी प्रमाणपत्र (यदि पूर्ण है).

7.5.2.5.3. डिप्लोमा के सभी वर्षों/सेमेस्टरों की अंक शीट

7.5.2.5.4. डिप्लोमा उत्तीर्ण प्रमाणपत्र.

7.5.2.5.5. 12वीं श्रेणी/डिप्लोमा की अतिरिक्त अंकशीट (यदि लागू है).

टिप्पणी: 1. अजा/अजजा/अपिव (गैर संपन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस आवेदकों के मामले में, जो कि अपने संबंधित कोटे का लाभ ले रहे हैं, ऑनलाइन आवेदन का या तो वर्तमान अथवा स्थाई पता वही होना चाहिए जो पता जाति प्रमाणपत्र (अजा, अजजा और अपिव (गैर संपन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस में वर्णित है.

2. ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र, **भारत सरकार के प्रारूप के अनुसार.**

3. **उम्मीदवारों का अपिव (गैर संपन्न वर्ग) प्रमाण पत्र भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के निर्धारित प्रारूप के अनुसार होना चाहिए** तथा बाद में ऑनलाइन सत्यापन हेतु उस पर क्यूआर/बार कोड होना चाहिए. जाति प्रमाण पत्र में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार संबंधित सरकारी आदेशों में उल्लिखित व्यक्तियों/वर्गों (संपन्न वर्ग) से संबंधित नहीं है.

4. इसके अतिरिक्त, अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव) के उम्मीदवारों को एक वैध और नवीनतम अपिव (गैर संपन्न वर्ग) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.

5. अपलोड किए जाने वाले सभी दस्तावेजों का आकार पोर्टल में वर्णित विशिष्टताओं के अनुरूप होना चाहिए.

6. ऑनलाइन आवेदन के दौरान अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों (अजा/अजजा/अपिव (गैर संपन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस/अंक शीटें/शैक्षणिक प्रमाणपत्र/पहचान का सबूत/अधिवास प्रमाणपत्र) की जारी होने की तिथि और चरण-II के लिए अल्पसूचीबद्ध होने पर अपलोड किए गए दस्तावेज आवेदन की अंतिम तिथि या उससे पहले के होने चाहिए और दस्तावेज सत्यापन के दौरान सभी दस्तावेजों की वैधता कम से कम 31 दिसंबर 2027 तक होनी चाहिए.

7. अपलोड किए जाने वाले सभी दस्तावेज हिंदी या अंग्रेजी में होने चाहिए. यदि दस्तावेज अंग्रेजी या हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में है, तो उम्मीदवार को दस्तावेज की मूल प्रति और उसका अंग्रेजी अनुवाद दोनों अपलोड करना होगा.

8. धुंधली फोटो, हस्ताक्षर और अपलोड किए गए दस्तावेजों वाले आवेदन दस्तावेज सत्यापन के दौरान अस्वीकार कर दिए जाएंगे. अपलोड किए गए दस्तावेजों में छवियों की स्पष्टता अनिवार्य है. ऑनलाइन आवेदन में अपलोड किए गए दस्तावेजों की छवियों में कोई भी विसंगति या कमी उम्मीदवारी रद्द होने का कारण बनेगी. अपलोड किए गए दस्तावेज स्पष्ट, पठनीय और पूर्ण होने चाहिए अन्यथा उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी. अपलोड किए गए दस्तावेज स्पष्ट, पठनीय और पूर्ण होने चाहिए, अन्यथा उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. पूरा दस्तावेज स्कैन करके अपलोड किया जाना चाहिए, उदाहरण के लिए यदि जन्म प्रमाण पत्र, श्रेणी प्रमाण पत्र, पहचान प्रमाण (आधार कार्ड या पैन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट), 10वीं कक्षा या 12वीं कक्षा के दो या अधिक पृष्ठ हैं, तो सभी पृष्ठों को एक ही फाइल में समाहित करके ऑनलाइन आवेदन में अपलोड किया जाना चाहिए. अपूर्ण या आंशिक स्कैन किए गए दस्तावेज अपलोड किए जाने से उम्मीदवारी निरस्त हो सकती है.

8. **परीक्षा शुल्क:** अजा/अजजा श्रेणी की रिक्तियों के लिए आवेदन करने के पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों को छोड़कर (जिन्हें शुल्क भुगतान से छूट प्राप्त है), सभी उम्मीदवारों को नेट बैंकिंग, वीजा/मास्टर/मेस्ट्रो डेबिट कार्ड या यूपीआई के माध्यम से **ऑनलाइन 550/- रुपये (केवल पांच सौ पचास रुपये)** का शुल्क जमा करना होगा. परीक्षा के लिए ई-प्रवेश पत्र केवल उन्हीं उम्मीदवारों को जारी किया जाएगा जिन्होंने परीक्षा शुल्क का सफलतापूर्वक भुगतान कर दिया है या जो शुल्क छूट के पात्र हैं.

टिप्पणी:

1. एक बार भुगतान कर दिया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही उसे किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए सुरक्षित रखा जा सकता है.

2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अंतर्गत रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को परीक्षा शुल्क से छूट के पात्र हैं. यदि यह पाया जाता है कि परीक्षा शुल्क में छूट/अन्य लागू रियायतें प्राप्त करने के लिए फर्जी अजा/अजजा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है, तो उम्मीदवारों को भर्ती/प्रशिक्षण के किसी भी चरण में सेवामुक्त/अस्वीकृत किए जाने की संभावना है.

3. यदि उम्मीदवार ने शुल्क का ऑनलाइन भुगतान किया है और खाते से राशि काट ली गई है (अर्थात असफल भुगतान), तो कृपया जांचें कि क्या शुल्क उस खाते में स्वतः वापस आ गया है जहां से लेन-देन शुरू हुआ था या अपने खाते में राशि के स्वतः वापसी के लिए 15 कार्य दिवसों की प्रतीक्षा करें और मूल खाते में लेन-देन की स्थिति की जांच करें.

4. यदि किसी अभ्यर्थी से एक ही आवेदन के लिए एक से अधिक भुगतान प्राप्त होते हैं, तो उन्हें वापस नहीं किया जाएगा.

9. **परीक्षा शहर:** उम्मीदवार को चरण-I प्रक्रिया के आवेदन में परीक्षा शहर के लिए प्राथमिकताएं देनी होंगी. उम्मीदवारों को वर्तमान/संचार पते के सबसे नजदीक का पहला विकल्प भरना होगा. चरण-II के लिए अल्पसूचीबद्ध किए जाने पर उम्मीदवार को चरण-II परीक्षा के लिए तिथि और केंद्र चुनने का विकल्प दिया जाएगा. चरण-I और चरण-II दोनों के परीक्षा केंद्र एक बार आवंटित होने के बाद किसी भी परिस्थिति में नहीं बदले जाएंगे.

नोट: भारतीय तटरक्षक बल के पास चरण-I और चरण-II के लिए परीक्षा शहर आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित है, जो उम्मीदवार की पसंद के अनुसार हो भी सकता है और नहीं भी.

10. परीक्षा का संभावित कार्यक्रम इस प्रकार है:-

बैच	परीक्षा के लिए संभावित तिथियां		
	चरण-I	चरण-II	चरण-III
सीजीईपीटी-01/27	नवंबर 2026 के आरंभ/मध्य में	फरवरी 2027 के अंत में	मई 2027 के आरंभ में शुरुआत
सीजीईपीटी-02/27			अक्टूबर 2027 मध्य

टिप्पणी: 1. भारतीय तटरक्षक उस तिथि की घोषणा करेगा जब चरण-I, II और III के लिए ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड हेतु उपलब्ध होंगे. उम्मीदवारों को निर्देशित किया जाता है कि वे विभिन्न चरणों के ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने तथा अन्य जानकारी के लिए नियमित रूप से अपनी संबंधित लॉगिन आईडी में प्रवेश करें.

2. ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में विफलता और विभिन्न भर्ती चरणों में उपस्थित न होने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. यदि उम्मीदवार दैनिक आधार पर महत्वपूर्ण भर्ती सूचना की नियमित रूप से जांच करने में विफल रहता है, तो भारतीय तटरक्षक बल जिम्मेदार नहीं होगा.

11. **परिणाम की घोषणा.**

11.1. चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण से तृतीय चरण तक प्रत्येक चरण का परिणाम उम्मीदवार के खाते में लॉग इन करके प्राप्त किया जा सकता है. इसके अतिरिक्त, प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण में कदाचार में लिप्त उम्मीदवारों को उनके प्राप्तांक की सूचना नहीं दी जाएगी तथा संबंधित पद एवं श्रेणी की कट-ऑफ भी प्रदर्शित नहीं की जाएगी.

11.2. बैच-III (यानी सीजीईपीटी 01/27 और सीजीईपीटी 02/27) का परिणाम पृथक रूप से घोषित किया जाएगा और यह अभ्यर्थी के डैशबोर्ड पर उपलब्ध होगा, जिसे लॉगिन आईडी के माध्यम से देखा जा सकता है.

12. **प्रत्येक चरण में अपेक्षित दस्तावेजों की सूची.** सीजीईपीटी परीक्षा के सभी चरणों में अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेज लाने होंगे.

12.1. **चरण-I**

12.1.1. वैध मूल पहचान का सबूत (आधार कार्ड या पैन कार्ड या वोटर आईडी या ड्राईविंग लाइसेंस या पासपोर्ट) जैसा कि ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत/अपलोड किया गया है.

(शेष पृष्ठ 13 पर)

(पृष्ठ 12 का शेष)

12.1.2. ई-प्रवेश पत्र का एक प्रिंटआउट (ई-प्रवेश पत्र का ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंटआउट स्वीकार किया जाएगा, बशर्ते उम्मीदवार का फोटोग्राफ और अन्य सभी विवरण स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हों/पठनीय हों.)

12.1.3. ऑनलाइन आवेदन में अपलोड किए गए चेहरे की विशेषताओं से मिलते-जुलते दो पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ.

12.2. **चरण-II**

12.2.1. "ऑनलाइन आवेदन पत्र, चरण-I और चरण-II ई- प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट". (प्रिंट आउट स्वीकार किया जायेगा बशर्ते कि उम्मीदवार का फोटोग्राफ और अन्य सभी विवरण स्पष्ट तौर पर दिखाई देते हों/पठनीय हों.).

12.2.2. पहचान का सबूत (आधार कार्ड अथवा पैन कार्ड अथवा मतदाता पहचान पत्र कार्ड अथवा ड्राइविंग लाइसेंस अथवा पासपोर्ट) जैसा कि ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत/अपलोड किया गया है.

12.2.3. ऑनलाइन आवेदन पत्र में और चरण-II के लिए अल्पसूचीबद्ध होने के बाद उम्मीदवार की लॉगिन में प्रस्तुत/अपलोड किये गये मूल दस्तावेज.

12.2.4. विधिवत स्वयं सत्यापित सभी मूल दस्तावेजों की 02 फोटो प्रतियां.

12.2.5. समान फेशियल फीचर्स के साथ ऑनलाइन आवेदन में यथा प्रस्तुत 12 नग पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ.

12.2.6. किसी सरकारी संगठन अथवा पीएसयू में वर्तमान में सेवारत उम्मीदवारों के लिए नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र मूल रूप में और 2 स्वयं-सत्यापित फोटोप्रति (यदि लागू है).

12.2.7. **केवल अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए:**– ई-प्रवेश पत्र का एक और प्रिंटआउट, मूल श्रेणी प्रमाणपत्र और स्वयं सत्यापित अजा/अजजा प्रमाणपत्र की दो स्वयं सत्यापित फोटो प्रतियां, मूल ट्रेन/बस टिकट, एनईएफटी भुगतान के लिए निरस्त चैक की प्रति और वेबसाइट से डाउनलोड किया गया ट्रैवल फॉर्म. टैक्सी या किसी अन्य वाहन के लिए कोई किराये की अनुमति नहीं दी जायेगी.

12.3. **चरण-III**

12.3.1. ''ऑनलाइन आवेदन और चरण-III ई प्रवेश पत्र'' का प्रिंट आउट (प्रिंटआउट स्वीकार किया जायेगा बशर्ते कि उम्मीदवार का फोटोग्राफ और अन्य सभी विवरण सुपाठ्य/स्पष्ट हैं).

12.3.2. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में यथा प्रस्तुत/ चरण III के लिए लघुसूचीबद्ध होने के उपरांत उम्मीदवार लॉगिन अपलोड मूल दस्तावेज.

12.3.3. विधिवत स्वयं सत्यापित सभी मूल दस्तावेजों की 03 फोटो प्रतियां.

12.3.4. समान फेशियल फीचर्स के साथ ऑनलाइन आवेदन में यथा प्रस्तुत 30 नग पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ.

12.3.5. नीली पृष्ठभूमि के साथ 3.5 सें.मी. x 2.5 सें.मी. विशिष्टता का रंगीन फोटोग्राफ- (10 नग)

12.3.6. माता-पिता का सहमति प्रमाणपत्र- (एक मूल प्रति और 02 जेरॉक्स प्रतियां).

12.3.7. पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र-(एक प्रति मूल और 02 जेरॉक्स प्रतियां).

12.3.8. परिवार विवरण प्रमाणपत्र- (एक प्रति मूल और 02 जेरॉक्स प्रतियां).

12.3.9. चरित्र प्रमाणपत्र-(एक प्रति मूल और 02 जेरॉक्स प्रतियां).

12.3.10. सहमति प्रमाणपत्र-(एक प्रति मूल और 02 जेरॉक्स प्रतियां).

12.3.11. सत्यापन फार्म (संवर्ग का नाम) - (03 प्रतियां मूल).

12.3.12. यदि उम्मीदवार वर्तमान में किसी सरकारी संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में सेवारत हैं, तो नियोक्ता से सतर्कता मुक्ति प्रमाण पत्र के साथ मूल अनापत्ति प्रमाण पत्र और उसकी चार स्व-सत्यापित फोटोकॉपी आवश्यक हैं. प्रवेश की पुष्टि होने पर, प्रशिक्षण शुरू होने से पहले कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाना चाहिए.

12.3.13. पहचान का सबूत (आधार कार्ड अथवा पैन कार्ड अथवा मतदाता पहचान पत्र अथवा ड्राइविंग लाइसेंस अथवा पासपोर्ट) जैसा कि ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत/अपलोड किया गया है.

टिप्पणी: बैंक खाता खोलने और परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर जनरेट करने के लिए चरण-III पर आधार कार्ड और आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर अनिवार्य है.

13. **चिकित्सा जांच और मानदंड.**

13.1. चिकित्सा जांच एंट्री पर एनरॉल किये गये कार्मिक के लिये वर्तमान में लागू विनियमों में निर्धारित चिकित्सा मानदंड के अनुसार **रक्षा बलों के अधिकृत अधिकारियों** द्वारा संचालित किया जायेगा

13.2. **अनिवार्य चिकित्सा मानदंड**

13.2.1. **कद:** न्यूनतम कद पुरुष उम्मीदवारों के लिए 157 सें.मी. और महिला उम्मीदवारों के लिए 152 सें.मी. है. असम, नगालैंड, मिज़ोरम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, गढ़वाल, कुमाऊं और सिक्किम के अधिवासी उममीदवारों के लिए कद में 05 सें.मी. की छूट दी जा सकती है. गोरखा के लिए भी 05 सें.मी. की कमी की जा सकती है. लद्दाख, लक्षद्वीप और मिनीकॉय द्वीपसमूह तथा अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के अधिवासी उम्मीदवारों को कद में 02 सें.मी. की छूट दी जा सकती है.

13.2.2. **सीना:** सीना समानुपातिक रूप से विकसित होना चाहिए. पुरुष उम्मीदवार के लिए न्यूनतम सीना 77 सें.मी. और सीने का विस्तार कम से कम 05 सें.मी. का होना चाहिए. महिला उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 05 सें.मी. के विस्तार के साथ समानुपाति होनी चाहिए.

13.2.3. **वजन:** भारतीय तटरक्षक के लिए यथा लागू कद और आयु के समानुपातिक.

13.2.4. **श्रवण क्षमता.** उम्मीदवार की श्रवण क्षमता सामान्य होनी चाहिए, अर्थात वह प्रत्येक कान से अलग-अलग 06 मीटर की दूरी से फुसफुसाहट को स्पष्ट रूप से सुन सके.

13.2.5. **टैटू:** शरीर के किसी भी हिस्से में स्थाई शरीर टैटू की अनुमति नहीं है. लेकिन भारत सरकार द्वारा यथा घोषित जनजातीय क्षेत्रों के समुदायों से संबंधित उम्मीदवारों के लिये कुछेक रियायतों की अनुमति है. अन्य उम्मीदवारों के लिये स्थाई शरीर टैटू केवल ईनर फेस अथवा फोरआर्म्स पर अनुमति है अर्थात कुहनी से अंदर से कलाई के अंत तक हथेली के उलटी तरफ/हाथ के पीछे की तरफ (डोर्सल) तक अनुमतेय है.

13.2.6. **डेंटल:** स्वस्थ मसूड़े, दोनों का अच्छा सेट और न्यूनतम 14 डेंटल प्वाइंट होने चाहिए.

13.2.7. **सामान्य स्वास्थ्य:** उम्मीदवार सशस्त्र बलों के लिए उपयुक्त होना चाहिए और उसे चिकित्सा मानकों के अनुरूप होना चाहिए. उम्मीदवार की शारीरिक रचना सामान्य होनी चाहिए और उसके किसी भी अंग का नुकसान या विकृति नहीं होनी चाहिए, वह किसी भी सक्रिय या प्रसुप्त, तीव्र या दीर्घकालिक, चिकित्सा या शल्य चिकित्सा संबंधी दिव्यांगता या संक्रामक रोग, संक्रमण और त्वचा संबंधी बीमारियों से मुक्त होना चाहिए. अभ्यर्थी को दुनिया के किसी भी कोने में, किसी भी जलवायु और भूभाग में कर्तव्य का पालन करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए.

13.2.8. **जेंडर:** यदि किसी उम्मीदवार में बाहरी फिजिकल जांच में दूसरे जेंडर के ज्यादा लक्षण पाए जाते हैं, तो उसे अयोग्य मानकर अस्वीकार कर दिया जाएगा. जिस उम्मीदवार ने जेंडर रीअसाइनमेंट सर्जरी करवाई है, उसे आयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.

13.2.9. **गर्भावस्था (केवल महिला उम्मीदवारों के लिए):** यदि कोई उम्मीदवार गर्भवती पाई जाती है, तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

13.2.10. **स्त्री रोग परीक्षण (केवल महिला उम्मीदवारों के लिए):** इस परीक्षण में बाहरी जननांग, हर्निया के छिद्र और पेरिनियम शामिल हैं. स्ट्रेस यूरिनरी इनकॉन्टिनेंस या जननांग प्रोलैप्स का कोई भी प्रमाण इंट्रोइटस के बाहर पाए जाने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.

13.2.11. **दृष्टि मानक:** दृष्टि मानक नीचे दिये गये हैं:

13.2.11.1. सामान्य ड्यूटी शाखा - 6/6 (बेहतर आंख) और 6/9 (ख़राब आंख)

13.2.11.2. घरेलू शाखा - 6/36 (बेहतर आंख) और 6/36 (ख़राब आंख)

13.2.11.3. तकनीकी शाखा (यांत्रिक) - 6/24 (बेहतर आंख) और 6/24 (ख़राब आंख)

13.2.11.4. स्वास्थ्य विज्ञानी 6/60 (बेहतर) 6/60 (खराब) बगैर चश्मे. 6/9 (बेहतर) 6/24 (खराब) चश्मे के साथ.

13.2.11.5. चश्मे का प्रयोग करने वाले उम्मीदवार सामान्य ड्यूटी शाखा के लिए पात्र नहीं हैं.

टिप्पणी: 1. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे चिकित्सा जांच से पहले अपने कानों से मैल निकलवा लें और दांतों से टार्टर हटवा लें.

2. कद में छूट का दावा कर रहे उम्मीदवारों को चिकित्सा अधिकारी को अधिवास प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना है. अधिवास प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में विफल रहने पर कद में छूट का लाभ नहीं मिलेगा.

3. निर्धारित चिकित्सा मानदंडों में कोई माफी नहीं होगी. चिकित्सा मानदंडों पर भारतीय तटरक्षक के आदेश अंतिम अथॉरिटी होगी.

14. **प्रशिक्षण:** सीजीईपीटी - 01/2027 बैच का बुनियादी प्रशिक्षण मई 2027 में और सीजीईपीटी- 02/2027 का नवंबर 2027 में आईएनएस चिल्का में शुरू होगा, जिसके बाद समुद्री प्रशिक्षण और आवंटित ट्रेड में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा. शाखा/ट्रेड का आवंटन सेवा की आवश्यकता और बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा. यदि प्रशिक्षण के दौरान किसी भी समय उम्मीदवारों की प्रगति (शैक्षणिक सहित) या आचरण असंतोषजनक पाया जाता है, तो उन्हें अनुपयुक्त घोषित करके कार्यमुक्त किए जाने की संभावना है. इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षण या सेवा के किसी भी चरण में, यदि किसी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन या कोई दस्तावेज जाली पाया जाता है, तो उस व्यक्ति को भारती तटरक्षक की सेवा से कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

15. **सामान्य अनुदेश (उम्मीदवारों द्वारा पालन किया जाना है अन्यथा उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी).**

15.1. किसी अन्य या सरकारी सेवा प्रशिक्षण स्थापनाओं से अनुशासन आधार पर लौटाए गए उम्मीदवार उपस्थित होने के पात्र नहीं हैं.

15.2. जिन अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है, दोषी ठहराया गया है या जिनके विरुद्ध किसी न्यायालय या विधि प्रवर्तन एजेंसी के समक्ष आपराधिक कार्यवाही, अन्वेषण, जांच या विचारण लंबित है, उन्हें आवेदन पत्र में और दस्तावेज सत्यापन के समय इसका पूर्ण विवरण देना होगा. अभ्यर्थियों को अपने विरुद्ध दर्ज किसी भी एफआईआर का विवरण भी देना होगा, चाहे मामले में दोषसिद्धि हुई हो या नहीं. ऐसी किसी भी जानकारी को छिपाने या दबाने पर भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है.

15.3. भर्ती प्रक्रिया के दौरान गिरफ्तार, दोषी ठहराए गए या जिसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है या आपराधिक कार्यवाही शुरू की गई है, ऐसे किसी भी अभ्यर्थी को निर्धारित माध्यम से भारतीय तटरक्षक बल को तुरंत सूचित करना होगा. ऐसी सूचनाओं का प्रकटीकरण न करने, असत्य या अपूर्ण सूचना देने अथवा महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाने पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है. ऐसी रद्दीकरण की कार्रवाई भर्ती के किसी भी चरण में या नामांकन के बाद ऐसे तथ्यों के सामने आने पर की जा सकती है.

15.4. चरण-II के समय प्रस्तुत किए गए सभी मूल प्रमाण पत्र और अंक पत्र सत्यापन के पश्चात अभ्यर्थी को लौटा दिए जाएंगे. चरण-III के समय प्रस्तुत किए गए सभी मूल प्रमाण पत्र, यदि चरण-III उत्तीर्ण कर लिया जाता है, तो भारतीय तटरक्षक द्वारा रखे जाएंगे या असफल घोषित होने पर सत्यापन के पश्चात अभ्यर्थी को लौटा दिए जाएंगे.

15.5. किसी विशेष बैच के संबंध में अभ्यर्थी का चयन केवल उसी बैच के लिए मान्य है. जिन योग्य अभ्यर्थियों के नाम अंतिम चयन सूची में शामिल नहीं हैं, वे अगले बैच में प्रवेश का दावा नहीं कर सकते. ऐसे अभ्यर्थियों को नए बैच के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करने की शर्त पर चयन प्रक्रिया से नए सिरे से गुजरना होगा.

15.6. डाक से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे.

15.7. चरण-III के लिए ई-प्रवेश पत्र केवल उन उम्मीदवारों को अग्रेषित किया जाएगा जो चरण-II उत्तीर्ण करते हैं और रिक्तियों के अनुसार मेरिट में आते हैं. ऐसे उम्मीदवारों को अपने चरण-III ई-प्रवेश पत्र पर दी गई तिथि पर अपने स्वयं के खर्च पर प्रशिक्षण संस्थान यानी आईएनएस चिल्का पहुंचना होगा. किसी भी आधार पर देर से रिपोर्टिंग स्वीकार नहीं की जाएगी.

15.8. 31 दिसंबर 2027 के पश्चात इस बैच के लिए भर्ती/नामांकन के संबंध में किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा.

15.9. परीक्षाओं की प्रक्रियाओं के दौरान नकल करने/गलत व्यवहार सहित अनुशासन विरुद्ध गतिविधियां भी अयोग्यता होंगी. नकल करने/गलत व्यवहार के संबंध में भारतीय तटरक्षक का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा.

15.10. भारतीय तटरक्षक भर्ती प्रक्रिया के दौरान छद्मरूपण को बहुत गंभीरता से लेता है. आवेदक और छद्मरूपण करने वाले दोनों के विरूध एफआईआर/आपराधिक कार्यवाही शुरू की जाएगी.

15.11. किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा परिसर में किसी भी तरह का दुर्व्यवहार या अव्यवस्था नहीं करनी चाहिए. किसी भी तरह से दुर्व्यवहार करने वाले उम्मीदवार को भारतीय तटरक्षक की वर्तमान और भविष्य की परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा. कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा (चरण-I), मूल्यांकन परीक्षा/पीएफटी/भर्ती मेडिकल (चरण -II), आईएनएस चिल्का में दस्तावेज सत्यापन/नामांकन-पूर्व चिकित्सा (चरण-III), मूल दस्तावेजों का सत्यापन (चरण - IV) में प्रवेश के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अन्यथा के संबंध में भारतीय तटरक्षक बल का निर्णय अंतिम और उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा. जिन उम्मीदवारों की उम्मीदवारी पिछले बैचों में कदाचार/दुर्व्यवहार के कारण रद्द कर दी गई थी, वे आवेदन करने के लिए अयोग्य हैं.

15.12. एनरॉलमेंट से पहले पात्रता के लिए आवेदन पत्र और मूल दस्तावेजों की आगे जांच की जायेगी और भर्ती के किसी भी चरण में और यहां तक कि सेवा में शामिल होने के बाद भी यदि अपात्रता पाई गई तो नामांकन नामंजूर किया जा सकता है.

15.13. अभातशिप/सीओबीएसई से मान्यता नहीं प्राप्त ''मुक्त विद्यालय'' संस्थानों से उम्मीदवार पात्र नहीं हैं.

15.14. परीक्षा शहर का आवंटन उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र में दी गई प्राथमिकताओं और सफल भुगतान के साथ आवेदन जमा करने वाले उम्मीदवारों के अनुसार किया जाएगा (अजा/अजजा श्रेणी के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को छोड़कर, जिन्हें शुल्क भुगतान से छूट दी गई है). यदि किसी एक परीक्षा शहर के लिए अधिक संख्या में उम्मीदवार आवेदन करते हैं, तो तटरक्षक बल के पास किसी अन्य परीक्षा शहर को आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित है, जो उम्मीदवार की प्राथमिकता सूची में हो भी सकता है और नहीं भी.

15.15. भारतीय तटरक्षक के पास एक केंद्र की परीक्षा निरस्त करने और परीक्षा को किसी अन्य तिथि तथा केंद्र के लिए शिफ्ट करने का अधिकार सुरक्षित है.

(शेष पृष्ठ 14 पर)

(पृष्ठ 13 का शेष)

15.16. भारतीय तटरक्षक के पास किसी भी चरण में कोई भी परीक्षा अथवा इस बैच की संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया को बगैर कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है.

15.17. परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग की अनुमति नहीं है. तटरक्षक ऐसी चीजें रखने को अनुचित तरीके अपनाए गए मानता है. यदि कोई उम्मीदवार चरण I, II और III के दौरान मोबाइल, ब्लूटूथ, स्कैनिंग के किसी अन्य प्रकार का उपकरण आदि के साथ पकड़ा जाता है तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी और तत्काल एफआईआर दायर करने सहित कानून के अनुसार कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी.

15.18. भारतीय तटरक्षक बल किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं लेता है. लिखित परीक्षा शुरू होने तथा बायोमेट्रिक पंजीकरण प्रक्रिया के पश्चात किसी भी कारण से अभ्यर्थियों को शौचालय जाने या परीक्षा स्थल/हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

15.19. परीक्षा स्थल में प्रवेश करने से पहले सभी उम्मीदवारों की तलाशी ली जाएगी.

15.20. सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे चौकन्ने रहें और किसी भी उम्मीदवार की संदिग्ध कार्रवाई के बारे में पर्यवेक्षक का ध्यान दिलाएं.

15.21. सफल ऑनलाइन पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों के पास वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए. भारतीय तटरक्षक द्वारा उम्मीदवार के साथ संवाद केवल ई-मेल या एसएमएस के माध्यम से होगा. उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि वे भर्ती कार्यक्रम में किसी भी बदलाव के लिए अपनी लॉगिन आईडी और पंजीकृत ई-मेल की नियमित रूप से जांच करें. भर्ती संबंधी जानकारी की नियमित रूप से जांच करने में विफलता के कारण उम्मीदवार विभिन्न भर्ती चरणों के लिए उपस्थित नहीं हो पाएंगे और उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. ई-मेल और अपडेट का उत्तर न देने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. यदि उम्मीदवार दैनिक आधार पर ई-मेल या वेबसाइट के माध्यम से महत्वपूर्ण भर्ती संचार की नियमित रूप से जांच करने में विफल रहता है, तो भारतीय तटरक्षक जिम्मेदार नहीं होगा.

15.22. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरना चाहिए क्योंकि आवेदन की अंतिम तिथि के बाद आवेदन में किसी भी बदलाव की अनुमति नहीं है. ऑनलाइन आवेदन में कोई भी गलत जानकारी उम्मीदवारी रद्द किए जाने का कारण बनेगी. ऑनलाइन आवेदन में गलत जानकारी देने की अपनी गलती स्वीकार करते हुए अभ्यर्थी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित शपथ पत्रों पर भर्ती प्रक्रिया के परीक्षा के किसी भी चरण में विचार नहीं किया जाएगा और उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

15.23. अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे श्रेणी विवरण (अजा/अजजा/अपिव (गैर संपन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस को अत्यंत सावधानी के साथ भरें, क्योंकि आवेदन जमा करने के बाद किसी भी संशोधन की अनुमति नहीं है. पूर्व में, आवेदन पत्र में गलत श्रेणी घोषित करने वाले कुछ अभ्यर्थियों ने भारतीय तटरक्षक बल से उन्हें सामान्य अभ्यर्थी के रूप में लिखित परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति देने का अनुरोध किया था.

आवेदन पत्र में गलत जानकारी देने के कारण इसकी अनुमति नहीं है, जिससे भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या सेवा में आने के बाद भी उम्मीदवारी रद्द हो सकती है.

15.24. उम्मीदवारों को सख्ती से सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन फार्म प्रस्तुत करने के लिए अंतिम तिथि का इंतजार किए बगैर समय से आवेदन प्रस्तुत करें.

15.25. चरण-I, II और III के लिए ई प्रवेश पत्र में यथा वर्णित तिथि और समय पर रिपोर्ट करने में असफल रहने से उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है.

15.26. भारतीय तटरक्षक अंतिम तिथि के भीतर या किसी अन्य कारण से उम्मीदवारों के अपने आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाने की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है.

15.27. परीक्षा के प्रशासन/तकनीकी पक्षों/ लॉजिस्टिक्स में कुछ समस्याओं के उत्पन्न होने की संभावना से पूरी तरह इंकार नहीं किया जा सकता है, जिससे परीक्षा और/या परिणाम के सृजन पर प्रभाव पड़ सकता है. ऐसी स्थिति में, ऐसी समस्या को सुधारने का हर संभव प्रयास किया जाएगा, जिसमें अभ्यर्थियों की आवाजाही, परीक्षा में देरी आदि शामिल हो सकते हैं. पुनः परीक्षा का आयोजन भारतीय तटरक्षक बल/परीक्षा आयोजित करने वाले निकाय के पूर्ण विवेक पर है. उम्मीदवारों को पुनः परीक्षा के लिए कोई दावा करने का अधिकार नहीं होगा. जो उम्मीदवार आगे बढ़ने के इच्छुक नहीं हैं या परीक्षा की विलंबित प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक नहीं हैं, उन्हें प्रक्रिया से तुरंत खारिज कर दिया जाएगा.

15.28. कृपया ध्यान दें कि उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो वह केवल **www.ssc.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जाएगा और अभ्यर्थियों को किसी भी शुद्धिपत्र के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहना चाहिए. यदि अभ्यर्थी वेबसाइट पर जारी शुद्धिपत्र को देखने में विफल रहता है और तदनुसार कार्रवाई नहीं करता है या आवश्यक शुद्धिपत्र का पालन नहीं करता है, तो भारतीय तटरक्षक बल उत्तरदायी नहीं होगा.

15.29. उम्मीदवारों को वेबसाइट **www.ssc.gov.in** पर एफएक्यूज की जांच करनी होगी और ऑनलाइन आवेदन तथा परीक्षा के विभिन्न चरणों के दौरान इनका पालन करना होगा.

15.30. ऑनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवार द्वारा दर्ज किया गया मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी उसे याद रखनी चाहिए, क्योंकि उम्मीदवार से संवाद ई-मेल आईडी या एसएमएस के जरिए किया जाएगा. आवेदन जमा करने के बाद, उम्मीदवार को ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर केवल एन्क्रिप्टेड रूप में ही दिखेंगे.

15.31. स्टेज-II के लिए तिथि और केंद्र का चयन करने के पश्चात अभ्यर्थी द्वारा कोई अतिरिक्त दस्तावेज अपलोड नहीं किए जा सकते हैं. ICG द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर दस्तावेजों को अपलोड करने और तिथि व केंद्र का चयन करने में असमर्थता पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

15.32. जिन उम्मीदवारों का जाति (अजा/अजजा/अपिव (गैर संपन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस) प्रमाण-पत्र चरण-II और चरण-III के लिए उपस्थित होने के समय समाप्त हो रहा है उन्हें उन्हें चरण-II और चरण-III के लिए उपस्थित होने के समय पुराने प्रमाणपत्र के साथ नवीकृत/ताज़ा प्रमाणपत्र लेकर आना चाहिए और पुराना तथा नवीकृत/ताज़ा प्रमाणपत्र लाने के विफल होने पर उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी.

15.33. यदि उम्मीदवार धोखाधड़ी से अजा/अजजा/अपिव (गैर संपन्न)/ईडब्ल्यूएस दर्जे का दावा करते हैं अथवा कोई अन्य गैर प्रामाणिक लाभ लेते हैं तो उन्हें भारतीय तटरक्षक द्वारा आयोजित वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की परीक्षाओं से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा.

15.34. चरण-II के पश्चात भी भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में दस्तावेज सत्यापन किया जाता है. अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रतिदिन नियमित रूप से अपने ई-मेल और लॉगिन डैशबोर्ड की जांच करें. यदि अभ्यर्थी ICG द्वारा लॉगिन डैशबोर्ड/ई-मेल पर पोस्ट किए गए अपडेट देखने में विफल रहते हैं, तो अलग से कोई सूचना नहीं दी जाएगी और इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे.

15.35. उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि वे ऑनलाइन आवेदन में यथा अपलोडिड मूल दस्तावेज लेकर आएं.

15.36. किसी भी स्थिति में बाद के किसी भी चरण में जन्म तिथि और लिंग को बदलने की अनुमति नहीं होगी और जहां कहीं ऐसी गलत सूचना का पता चलता है किसी भी चरण में आपकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी.

15.37. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन के अंतिम प्रस्तुति से पहले आवेदन के प्रिंट प्रीव्यू का विकल्प दिया जाएगा. उम्मीदवारों को इस सुविधा का उपयोग यह प्रमाणित करने के लिए करना चाहिए कि उनका आवेदन सभी पहलुओं (अनिवार्य विवरण जैसे कि नाम, जन्म तिथि, माता-पिता का नाम, विषयवार अंक/सीजीपीए (जैसा लागू हो), दस्तावेजों की वैधता तिथि, जाति प्रमाण पत्र विवरण आदि) में सही है और विज्ञापन में निर्धारित नियमों के अनुसार दस्तावेज सत्यापन में अस्वीकार्य नहीं है. ऑनलाइन आवेदन के अंतिम प्रस्तुति से पहले इस सुविधा का उपयोग किसी भी संख्या में किया जा सकता है.

15.38. पंजीकरण पूरा होने के बाद ऑनलाइन आवेदन में केवल कुछ चुनिंदा विवरणों को संशोधित या सुधारने के लिए उम्मीदवारों को 02-03 दिनों की संपादन/सुधार विंडो भी प्रदान की जाएगी. उम्मीदवारों को पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान ऑनलाइन आवेदन भरते समय हुई गलतियों को सुधारने के लिए प्रदान की गई संपादन विंडो का उपयोग करना चाहिए. ऑनलाइन आवेदन पत्र, अपलोड किए गए दस्तावेजों (चरण-I और II) तथा भौतिक सत्यापन (चरण-II) के समय प्रस्तुत मूल दस्तावेजों में "नाम, जन्म तिथि, माता-पिता का नाम, विषयवार अंक/प्रतिशत/सीजीपीए (जैसी स्थिति हो), दस्तावेजों की वैधता, श्रेणी प्रमाण पत्र विवरण आदि" से संबंधित जानकारी में किसी भी प्रकार की असंगति/त्रुटि/विसंगति पाए जाने पर दस्तावेज सत्यापन के दौरान उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

15.39. आधार कार्ड धारक उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय पहचान प्रमाण के रूप में अनिवार्य रूप से आधार कार्ड अपलोड करना होगा. यदि बिना आधार कार्ड वाले उम्मीदवार को भर्ती प्रक्रिया के अगले चरणों के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है, तो उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास आधार कार्ड और उससे जुड़ा मोबाइल नंबर हो, क्योंकि चरण-III में बैंक खाता खोलने और परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर जनरेट करने के लिए यह अनिवार्य है.

15.40. चूंकि भारतीय तटरक्षक रक्षा मंत्रालय के अधीन एक सशस्त्र बल है, इसलिए किसी भी प्रकार की दिव्यांगता वाले व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं.

15.41. आपको अपने प्रशिक्षण की अवधि के दौरान विवाह करने या परिवार को अपने साथ रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

16. **यात्रा भत्ता:** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करने वाले और जो केंद्र/राज्य सरकार के कर्मचारी नहीं हैं, उन्हें केंद्रीय सरकार के नियमों के अनुसार सबसे छोटे मार्ग से साधारण द्वितीय श्रेणी ट्रेन/सरकारी बस/स्टीमर के किराये की प्रतिपूर्ति की जायेगी, बशर्ते उनका गृह स्टेशन परीक्षा केंद्र (चरण II) से 30 किमी से अधिक दूर हो और वे मूल टिकट प्रस्तुत करें. इन अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों को भारतीय तटरक्षक की वेबसाइट से यात्रा फॉर्म डाउनलोड करना होगा और उसे भारतीय तटरक्षक को जमा करना होगा. यात्रा भत्ते का प्रावधान केवल भर्ती प्रक्रिया के चरण-II के आयोजन के लिए है. यदि चरण-II के दौरान दावा नहीं किया जाता है, तो बाद में किसी भी किराए का दावा नहीं किया जा सकता है.

17. **वेतन, अनुलाभ और अन्य लाभ.**

17.1. **यांत्रिक.** मूल वेतन रु. 29200/- (वेतन स्तर -5). इसके अलावा, यांत्रिक वेतन @ रु. 6200/- जमा लागू नियमों के अनुरूप मंहगाई भत्ता और ड्यूटी की प्रकृति/तैनाती के स्थान के अनुरूप अन्य भत्ते.

17.2. **नाविक (सामान्य ड्यूटी).** मूल वेतन रु. 21700/- (वेतन लेवल -3) साथ में मंहगाई भत्ता और लागू विनियमों के अनुरूप ड्यूटी की प्रकृति/तैनाती के स्थान पर आधारित अन्य भत्ते.

17.3. **नाविक (घरेलू शाखा).** मूल वेतनमान रु. 21700/- (वेतन लेवल-3) है साथ में मंहगाई भत्ता और लागू विनियमों के अनुरूप ड्यूटी की प्रकृति/तैनाती के स्थान पर आधारित अन्य भत्ते.

15.4. **स्वास्थ्य विज्ञानी-I** मूल वेतनमान रु. 21700/- (वेतन लेवल-3) है साथ में मंहगाई भत्ता और लागू विनियमों के अनुरूप ड्यूटी की प्रकृति/तैनाती के स्थान पर आधारित अन्य भत्ते.

18. **पदोन्नति और अनुलाभ.**

18.1. प्रधान अधिकारी / प्रधान सहायक इंजीनियर / हाइजीन सुपरवाइजर के पद तक पदोन्नति के अवसर मौजूद हैं. अधिकारी वर्ग में पदोन्नति, इस संबंध में निर्धारित नियमों के अनुसार सेवाकाल के दौरान उपयुक्तता और प्रदर्शन के अधीन है.

18.2. **अन्य लाभ.**

18.2.1. मौजूदा नियमों के अनुरूप मुफ्त राशन और वर्दी. स्वयं और परिवार के लिए, आश्रित माता पिता सहित, सैन्य अस्पतालों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा.

18.2.2. सरकारी आवास/मकान किराया भत्ता.

18.2.3. हर वर्ष 45 दिनों का अर्जित अवकाश और 08 दिनों का आकस्मिक अवकाश साथ में स्वयं, परिवार और आश्रित माता पिता के लिए सरकारी नियमानुसार अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी).

18.2.4. लागू नियमानुसार नेशनल पेंशन स्कीम या यूनिफाइड पेंशन स्कीम के अनुसार पेंशन और सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटि

18.2.5. कैंटीन सुविधाएं (सीएसडी) और अन्य ऋण सुविधाएं.

18.2.6. सेवानिवृत्त होने पर ईसीएचएस चिकित्सा सुविधा.

18.2.7. **बीमा कवर.** नियत अनिवार्य मासिक अंशदान पर नौसेना समूह बीमा कोष से रु. 75 लाख का बीमा कवर.

टिप्पणी: वेतन, अनुलाभ, पदोन्नति, बीमा कवर और अन्य लाभ सरकारी आदेशों के अनुरूप परिवर्तन के विषयाधीन हैं.

19. सभी शाखाओं की रोज़गार प्रकृति के बारे में संक्षिप्त विवरण **www.ssc.gov.in** पर उपलब्ध है.

उम्मीदवार विज्ञापन का पूर्ण अद्यतन www.ssc.gov.in पर देख सकते हैं. यह केवल सांकेतिक विज्ञान है. किसी भी न्यायालय में केवल अंग्रेजी विज्ञापन का संदर्भ लिया जायेगा न कि हिंदी रूपांतर का. हर समय हिंदी विज्ञापन के ऊपर अंग्रेजी रूपांतर मान्य होगा.

चेतावनी: भारतीय तटरक्षक में चयन निष्पक्ष और मैरिट के आधार पर होता है. उम्मीदवारों को भर्ती एजेंट के तौर पर प्रस्तुत करने वाले धोखेबाज़ व्यक्तियों के बहकावे में नहीं आना चाहिए. ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध शिकायत के लिए उम्मीदवार को निदेशक (भर्ती), तटरक्षक मुख्यालय, भर्ती केंद्र, नोएडा को टेलीफोन नं. - 0120-2201340 पर शिकायत करनी चाहिए.

अस्वीकरण

इस विज्ञापन में दी गई निबंधन एवं शर्तें केवल दिशानिर्देश मात्र हैं और भर्ती प्रक्रिया के दौरान समय-समय पर यथा संशोधित सरकार द्वारा जारी आदेश लागू होंगे.

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान अगरतला
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY AGARTALA

Barjala, Jirania, Agartala – 799 046 (Tripura)

F.NITA.36(61-DFW)/Professor of Practice/2026/4661A दिनांक:16.09.2026

'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' के पद के लिए विज्ञापन

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी अगरतला (जो राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है) **'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस'** के पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। ऐसे अत्यधिक प्रेरित और रिटायर हो चुके प्रोफेशनल्स, जिनका एकेडमिक रिकॉर्ड शानदार रहा हो और जिनमें अच्छी गुणवत्ता वाली टीचिंग और रिसर्च के प्रति प्रतिबद्धता और जुनून हो, उन्हें संस्थान के निम्नलिखित एकेडमिक विभागों में आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है:–

1. इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग
2. इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग
3. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
4. कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग
5. मैकेनिकल इंजीनियरिंग
6. प्रोडक्शन इंजीनियरिंग
7. सिविल इंजीनियरिंग
8. बायो इंजीनियरिंग
9. केमिकल इंजीनियरिंग
10. मैनेजमेंट, ह्यूमैनिटीज और सोशल साइंसेज
11. मैथमेटिक्स
12. फिजिक्स
13. केमिस्ट्री

क. उद्देश्य

इंडस्ट्री, आर एंड डी संगठनों, विभिन्न प्रोफेशनल्स और सरकारी/पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग (पीएसयू) के ऐसे प्रतिष्ठित अधिकारियों को शामिल करना जिन्होंने अपने करियर में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हों। इसका उद्देश्य यह है कि नियुक्त व्यक्ति वास्तविक दुनिया के तौर–तरीकों और प्रोफेशनल अनुभव को पाठ्यक्रम में शामिल करके एकेडमिक माहौल को बेहतर बनाएंगे, जिससे सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक उपयोग के बीच की खाई को पाटा जा सके।

ख. योग्यता और अनुभव

उम्मीदवार रिटायर हो चुके साइंटिस्ट, इंजीनियर, प्रोफेशनल और मैनेजर/एग्जीक्यूटिव होने चाहिए। उम्मीदवारों को निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।

1. उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/संस्थान से संबंधित विषय में बैचलर और पोस्ट–ग्रेजुएट डिग्री होनी चाहिए।
2. पीएच.डी. डिग्री होना वांछनीय है, लेकिन अनिवार्य नहीं है।
3. उम्मीदवार कुशल प्रोफेशनल होने चाहिए और उन्हें अपने क्षेत्र का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
4. 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' के पद उन उम्मीदवारों के लिए नहीं हैं जो टीचिंग प्रोफेशन से जुड़े हैं (चाहे वे अभी काम कर रहे हों या रिटायर हो चुके हों)।
5. विभिन्न श्रेणियों के लिए न्यूनतम अनुभव नीचे बताया गया है।

पद	न्यूनतम अनुभव (वर्षों में)	अनुभव इनमें से किसी भी क्षेत्र का होना चाहिए:
प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस	20	क) जाने–माने उद्योग, ख) केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) संगठन ग) अनुसंधान और विकास संगठन घ) पेशेवर परिषदें और वैधानिक निकाय ड.) विदेशी अनुसंधान और औद्योगिक संगठन

ग. मानदेय

प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस पद के लिए महीने का मानदेय रु. 1,20,000/– (रुपये एक लाख बीस हजार) है, जो सिर्फ काम करने के लिए है।

घ. सामान्य शर्तें

1. सभी पद केवल शॉर्ट–टर्म कॉन्ट्रैक्ट (अल्पकालिक अनुबंध) वाले पद हैं, जो शुरू में 1 साल की अवधि के लिए होंगे। इन्हें 3 साल तक या 70 साल की उम्र तक बढ़ाया जा सकता है, जो भी पहले हो।
2. सभी योग्यता मानदंड आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के आधार पर तय किए जाएंगे।
3. विभाग इंटरव्यू/प्रेजेंटेशन के लिए उम्मीदवारों को बुलाने के लिए शॉर्टलिस्टिंग मानदंड तय करेगा। शॉर्टलिस्टिंग के मानदंड हर विभाग के लिए अलग–अलग हो सकते हैं, और ये मानदंड विज्ञापन में बताए गए मानदंडों से अधिक भी हो सकते हैं।
4. केवल न्यूनतम योग्यता, अनुभव आदि को पूरा करने का मतलब यह नहीं है कि उम्मीदवार को इंटरव्यू/चयन के लिए बुलाया ही जाएगा। संस्थान के पास इंटरव्यू के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने का अधिकार है।
5. उम्मीदवारों को अलग–अलग विभागों के लिए अलग–अलग आवेदन जमा करने होंगे।
6. पदों की प्रकृति और संख्या निश्चित नहीं है; चयन/भर्ती के समय इनमें बदलाव किया जा सकता है।
7. उम्मीदवारों द्वारा कोई भी गलत जानकारी देने और/या तथ्यों को छिपाने पर किसी भी समय, यहां तक कि पद पर जॉइन करने के बाद भी, चयन/भर्ती को रद्द किया जा सकता है।
8. वेरिफिकेशन के लिए इंटरव्यू के समय सभी ओरिजिनल डॉक्यूमेंट्स (मूल दस्तावेज) दिखाने होंगे।
9. सिलेक्शन कमेटी के सामने प्रेजेंटेशन और बातचीत/इंटरव्यू के लिए अलग–अलग कॉल लेटर जारी किए जाएंगे।
10. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को प्रेजेंटेशन और/या इंटरव्यू में शामिल होने के लिए टीए/डीए दिया जाएगा।
11. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से संस्थान की वेबसाइट देखते रहें, क्योंकि सुधार (शुद्धिपत्र), अतिरिक्त जानकारी (परिशिष्ट) आदि केवल संस्थान की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किए जाएंगे। साथ ही, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ईमेल का इनबॉक्स/स्पैम फोल्डर भी चेक करते रहें।
12. संस्थान के नियमों के अनुसार उपलब्धता के आधार पर संस्थान द्वारा आवास उपलब्ध कराया जाएगा।
13. नियमों के अनुसार मानदेय से टीडीएस काटा जाएगा।
14. 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' के रूप में नियुक्त उम्मीदवार एनआईटी अगरतला में नियमित नियुक्ति या पद पर बने रहने का दावा करने के पात्र नहीं होंगे। उन्हें एक घोषणा–पत्र जमा करना होगा जिसमें यह कहा गया हो कि एनआईटी अगरतला में अपने कार्यकाल के दौरान वे किसी अन्य संस्थान के साथ नहीं जुड़ेंगे।
15. उम्मीदवारों के चयन के लिए सक्षम अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा। सक्षम अधिकारी को विशेष परिस्थितियों में किसी भी चरण पर पदों को समाप्त करने का अधिकार है।
16. संस्थान के पास बिना कोई कारण बताए आवेदनों को शॉर्टलिस्ट/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। साथ ही, संस्थान के पास पदों को भरने का अधिकार भी सुरक्षित है।
17. भर्ती से संबंधित किसी भी विवाद का अधिकार क्षेत्र अगरतला होगा।

ङ. आवेदन कैसे करें

1. उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क से छूट दी गई है।
2. योग्य उम्मीदवार आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ सभी संबंधित दस्तावेज, जैसे शैक्षिक योग्यता, सीवी/रिज्यूम, प्रकाशनों की सूची, पेटेंट, कॉपीराइट, पद के लिए उपयुक्त शोध परियोजना, परामर्श परियोजना, विशिष्ट पेशेवर योगदान, निम्नलिखित पते पर जमा कर सकते हैं;

कुल सचिव,
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान अगरतला,
बरजला, जिरानिया, पश्चिम त्रिपुरा, भारत,
पिन–799046

3. आवेदन ऊपर बताए गए पते पर (ईमेल – **registrar@nita.ac.in/Physical**) **26 अक्टूबर 2026 को शाम 5:00 बजे तक** पहुँच जाना चाहिए/जमा हो जाना चाहिए, अन्यथा उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। EN 28/23

कुल सचिव

भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

महानिदेशक, भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (DG, ICERT) के पद को भरने हेतु


सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के अनुसार भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (ICERT) के महानिदेशक के पद, जो वेतन मैट्रिक्स के स्तर-15 में है, को भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. महानिदेशक की सेवा के निबंधन एवं शर्तें सूचना प्रौद्योगिकी (भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल के महानिदेशक के वेतन, भत्ते एवं सेवा के निबंधन एवं शर्तें) नियम, 2012, जो समय-समय पर यथासंशोधित हैं, के अनुसार विनियमित होंगी.

आवेदन का प्रारूप, पात्रता शर्तें, अपेक्षित शैक्षणिक योग्यताएं, वेतन एवं भत्ते तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वेबसाइट www.meity.gov.in अथवा ICERT की वेबसाइट www.cert-in.org.in पर लॉग ऑन करें.

निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों के भीतर, उप सचिव (कार्मिक), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6 सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 के पास पहुंच जाना चाहिए .

CBC 06101/11/0019/2627

EN 28/9



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी

(नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय)
फुरसतगंज एयरफील्ड, अमेठी-229302, उत्तर प्रदेश

अधिसूचना

इग्नुआ अनुबंध के आधार पर निम्न पदों हेतु इच्छुक एवं अनुभवी उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है-

क्रम संख्या	पद का नाम	विज्ञापन संख्या
01	सहायक विमानक्षेत्र अधिकारी	इग्नुआ/विज्ञापन/32/2026
02	विमान अनुरक्षण अभियंता	इग्नुआ/विज्ञापन/33/2026

अधिक जानकारी हेतु उम्मीदवार इग्नुआ की आधिकारिक वेबसाइट **https://igrua.gov.in/** पर कैरियर पेज पर विजिट कर सकते हैं.

EN 28/35

निदेशक, इग्नुआ

भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

(स्था. अनुभाग)
परिवहन भवन, 1, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

रिक्ति परिपत्र सं. ए-12025/1/2026-स्था.- I दिनांक: 24 सितंबर, 2026

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विकास स्कंध में उप निदेशक (इंजीनियरिंग) का एक पद प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) द्वारा भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो कि 7वें सीपीसी के अनुसार लेवल: 11 में एक सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित अननुसचिवीय पद है.

2. प्रतिनियुक्ति / अल्पकालिक अनुबंध की अवधि तीन वर्ष होगी. आवेदन पत्र के साथ अर्हता, अनुभव और अन्य विवरण पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात् **www.shipmin.gov.in** पर 'आदेश' के अंतर्गत 'रिक्ति' लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है.

3. इच्छुक एवं पात्र अधिकारियों के आवेदन, इस परिपत्र के रोजगार समाचार /एम्प्लॉयमेंट न्यूज में प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर उचित माध्यम से अवर सचिव (प्रशासन), पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, कमरा संख्या 439, परिवहन भवन, 1-संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 को भेजे जाएं.

(सुमित नंदन)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 011-23356711

CBC 37201/11/0007/2627 EN 28/48

भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में शामिल हों

JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER

www.joinindianarmy.nic.in

कमीशन अधिकारी

10+2 टेक्निकल एंट्री स्कीम (TES)-57 कोर्स (जुलाई 2027) के लिए आवेदनों का स्वागत किया जाता है. ऑनलाइन आवेदन **www.joinindianarmy.nic.in** पर **14 अक्टूबर 2026 से 12 नवम्बर 2026** तक खुलेगा. TES-57 कोर्स के लिए JEE Mains 2026 अनिवार्य है. इसके अतिरिक्त, कक्षा 12 में PCM (भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित) में न्यूनतम 60% अंक होना चाहिए.

Commissioned Officer

Applications are invited for 10+2 TES-57 course (Jul 2027). Online application will open on **www.joinindianarmy.nic.in** from **14 Oct 2026 to 12 Nov 2026.** JEE (Mains) 2026 is mandatory for TES-57 course. This is in addition to the criteria of minimum 60% marks in PCM (Physics, Chemistry and Mathematics) in class 12th

नोट :

1. सेना में भर्ती पूरी तरह पारदर्शी और मुफ्त है. ठगों से सावधान रहें.
2. विस्तृत सूचना के लिए **www.joinindianarmy.nic.in** पर जाएं.

Note:

1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, visit **www.joinindianarmy.nic.in.**

CBC 10601/11/0031/2627 EN 28/32

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

हौज खास, नई दिल्ली 110016

पीएच.डी./एम.एस. (अनुसंधान) कार्यक्रम 2026–27 के लिए प्रवेश (द्वितीय सत्र)

निम्नलिखित कार्यक्रमो में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:–

1. **पीएच.डी.: विभाग** : (1) एप्लाइड मैकेनिक्स (2) बायोकेमिकल इंजीनियरिंग एण्ड बायोटेक्नोलॉजी (3) केमिकल इंजीनियरिंग (4) केमिस्ट्री (5) सिविल और पर्यावरण इंजीनियरिंग (6) कंप्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग (7) डिजाइन (8) इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग (9) एनर्जी साईंस एण्ड इंजीनियरिंग (10) मैनेजमेंट स्टडीज (11) मैथेमेटिक्स (12) मैटेरियल्स साईंस एण्ड इंजीनियरिंग (13) मैकेनिकल इंजीनियरिंग (14) फिजिक्स (15) टेक्सटाइल एण्ड फाईबर इंजीनियरिंग

   केंद्र : (1) एप्लाइड रिसर्च इन इलेक्ट्रॉनिक्स (2) एटमोस्फेरिक साईंसेस (3) ऑटोमोटीव रिसर्च एण्ड ट्राईबोलोजी (4) बायोमेडिकल इंजीनियरिंग (5) ऑप्टिक्स एण्ड फोटोनिक्स (6) रुरल डेवलपमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी (7) सैंसर्स, इंस्ट्रुमेंटेशन एण्ड साइबर–फिजीकल सिस्टम इंजीनियरिंग (8) ट्रांसपोर्टेशन रिसर्च एण्ड इंज्यूरी प्रिवेंशन (9) वैल्यू एजुकेशन इन इंजीनियरिंग

   स्कूल : (1) अमर नाथ और शशि खोसला स्कूल ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी (2) भारती स्कूल ऑफ टेलीकॉम टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट (3) कुसुमा स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल साईंसेस (4) स्कूल ऑफ इंटरडिसीप्लिनरी रिर्सच (5) स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

2. **एम.एस. (अनुसंधान)** : (1) एप्लाईड मैकेनिक्स (2) एटमोसफेरिक एण्ड ओसिनिक साईंसेज (3) ऑटोमोटिव रिसर्च एण्ड ट्राईबोलॉजी (4) ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी एण्ड इंजुरी प्रिवेंशन (5) केमिकल इंजीनियरिंग (6) सिविल और पर्यावरण इंजीनियरिंग (7) कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग (8) इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग (9) एनर्जी साईंस एण्ड इंजीनियरिंग (10) मैकेनिकल इंजीनियरिंग (11) मैटेरियल्स साईंस एण्ड इंजीनियरिंग (12) सैंसर्स, इंस्ट्रुमेंटेशन एण्ड साइबर–फिजीकल सिस्टम इंजीनियरिंग (13) अमर नाथ एण्ड शशि खोसला स्कूल ऑफ इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी (14) भारती स्कूल ऑफ टेलीकॉमनिकेशन टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट (15) कुसुमा स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल साईंसेस (16) मशीन इंटेलिजेंस एण्ड डाटा साईंस (17) वीएलएसआई डिजाईन टूल्स एण्ड टेक्नोलॉजी (18) ऑप्टिक्स एण्ड फोटोनिक्स सेन्टर (19) हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी

   नोट: पीएच.डी. एवं एम.एस. (आर) कार्यक्रम पूर्णकालिक एवं अंशकालिक आधार पर होगा। प्रवेश सीटों की उपलब्धता पर निर्भर होगा।

   प्रायोजित/अंशकालिक उम्मीदवारों के लिए, योग्यता की डिग्री के बाद और पंजीकरण की तारीख तक न्यूनतम अनुभव (पूर्णकालिक) का विवरण द्वितीय सेमेस्टर 2026–27 के लिए सूचना विवरणिका में दिया गया है।

योग्यता : सामान्य/अन्य पिछड़े वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 6.00 सीजीपीए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजनों के लिए 5.50) 10 प्वाइंट स्केल पर या समकक्ष अथवा औसत (पात्र परीक्षा के सभी वर्षों/सत्रों में) 60% अंक (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजनों के लिए 55%)। पूर्णकालिक प्रवेश हेतु पीएच. डी./एम. एस. (अनुसंधान) कार्यक्रमों के लिए वांछनीय गेट/राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा, पास होनी चाहिए। सीएफटीआईएस से कुछ स्नातकों/छात्रों के लिए गेट और राष्ट्रीय परीक्षा की आवश्यकता को माफ किया गया है। विस्तृत पात्रता मानदंड और अन्य जानकारी के लिए कृपया द्वितीय सेमेस्टर 2026–27 सूचना विवरणिका देखें।

आवेदन प्रक्रिया: आवेदन सिर्फ ऑनलाइन प्रस्तुत किए जाएंगे। उम्मीदवारों से आवेदन फॉर्म एवं शुल्क की पावती रसीद की हार्डकॉपी भेजने की अपेक्षा नहीं की गई है। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए संस्थान की वेबसाइट **<https://home.iitd.ac.in/pg-admissions.php>** को एक्सेस किया जा सकता है। सामान्य/अन्य पिछड़े वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों से प्रत्येक आवेदन फॉर्म के लिए 200/- रुपये का शुल्क तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजन उम्मीदवारों को 50/- रुपये शुल्क का भुगतान करना होगा। उम्मीदवारों को बैंक प्रभार स्वयं वहन करना होगा।

पूर्णकालिक पीएच.डी./एम.एस. (अनुसंधान) के विद्यार्थियों के लिए सूचना विवरणिका में दिए गए विवरण के अनुसार वित्तीय सहायता या छात्रवृत्ति उपलब्ध है। पोस्टग्रेजुएट/पीएच. डी. कार्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजन उम्मीदवारों को अध्यापन शुल्क नहीं देना होगा।

विदेशी नागरिक इस विज्ञापन के प्रति आवेदन करने के योग्य नहीं है।

महत्वपूर्ण तिथियां

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि	09.10.2026 (दोपहर 12.00 बजे)
ऑनलाइन आवेदन और आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	29.10.2026 (सायं 04.00 बजे)
आवेदन में सुधार के लिए विंडो खुलने की प्रारम्भ एवं अंतिम तिथि	30.10.2026 से 01.11.2026

उप कुलसचिव (शैक्षिक)

EN 28/41

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा- 442001 (महाराष्ट्र), भारत

दूरभाष सं. : 07152 - 230901, वेबसाइट : www.hindivishwa.org

ज्ञान शांति मैत्री

गैर-शैक्षणिक (प्रतिनियुक्ति आधारित) पदों हेतु रोजगार सूचना

विज्ञापन संख्या : एम.जी.ए.एच.वी./36/2026

विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्ति आधारित पदों पर भर्ती हेतु योग्य भारतीय नागरिकों से विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

पद कोड	पदनाम	वेतनमान (7वें वेतन आयोग के अनुसार)	पद की संख्या	आयु सीमा (आवेदन करने की अंतिम तिथि अनुसार)
01	आंतरिक संपरीक्षा अधिकारी (प्रतिनियुक्ति आधारित तीन वर्ष हेतु)	लेवल - 12 (रु. 78,800-2,09,200)	01	56 वर्ष
02	सहायक अभियंता (सिविल/इलेक्ट्रिकल) (प्रतिनियुक्ति आधारित तीन वर्ष हेतु)	लेवल - 07 (रु. 44,900-1,42,400)	01	56 वर्ष

- ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है.
- ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु लिंक रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध होगा.
- ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिन है.

कृपया आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं, आयु, अनुभव, सेवा शर्तें, वेतनमान तथा वांछनीय योग्यताओं आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org का अवलोकन करें.

कुलसचिव (कार्यवाहक)

EN 28/16

सं. ए-12023/02/2026-प्रशा. 1

भारत सरकार / Government of India

मंत्रिमंडल सचिवालय /Cabinet Secretariat

सेवा तीर्थ /Seva Teerth

नई दिल्ली दिनांक 22 सितंबर, 2026

सूचना

मंत्रिमंडल सचिवालय में सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी (समूह 'ख', राजपत्रित, अलिपिकवर्गीय), वेतन स्तर - 7 के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ाने के संबंध में.

रोजगार समाचार संस्करण 18-24 जुलाई, 2026 में प्रकाशित समसंख्यक रिक्ति सूचना दिनांक 03.07.2026 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा मंत्रिमंडल सचिवालय में **सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी** (समूह 'ख', राजपत्रित, अलिपिकवर्गीय), वेतन स्तर - 7 के एक पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे.

2. सभी संबंधितों की जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी के पद के लिए आवेदन प्राप्त करने की **अंतिम तिथि 21 नवंबर, 2026** तक बढ़ाई जाती है. **दिनांक 03.07.2026** की सूचना की अन्य समस्त विषय-वस्तु अपरिवर्तित रहेगी.

3. पात्रता शर्तों एवं आवेदन भेजने के प्रपत्र के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय की वेबसाइट **https://cabsec.gov.in/** पर शीर्षक - 'अन्य' - उप-शीर्षक- 'रिक्तियां' देखें.

(जितेन्द्र कुमार जांगिड़)

अवर सचिव, भारत सरकार

दूरभाष : 2301 5938

EN 28/3



137 सीईटीएफ बटालियन (प्रादेशिक सेना) 39 गोरखा राईफल में भर्ती प्रक्रिया

1. 137 सीईटीएफ बटालियन (प्रादेशिक सेना) 39 गोरखा राईफल में **तारीख 16 नवम्बर 2026 से 21 नवम्बर 2026** तक मेजर ध्यान **चंद स्टेडियम न्यू कैंट, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)** में भूतपूर्व **सैनिकों (अखिल भारतीय आधार) और पर्यावरण वन एवं जलवायु** परिवर्तन मंत्रालय और राज्य **वन विभाग की भूतपूर्व महिला कर्मचारी (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति शामिल)** की भर्ती नीचे दी गई पदों के लिए आयोजित की जायेगी. योग्य अभ्यर्थी समस्त दस्तावेजों की मूल प्रति के साथ **16 नवम्बर 2026 को सुबह 0700 बजे** दिये गये स्थान पर शारीरिक क्षमता परीक्षण एंव मेडिकल परीक्षण के लिए पहुचें.

2. रिक्त पद :-

क्रम संख्या	वर्ग	पद
1.	कनिष्ठ अधिकारी (JCO GD)	04
2.	सिपाही सामान्य ड्यूटी (Sepoy GD)	61
3.	सिपाही लिपिक (Clerk Staff Duty)	02
4.	सिपाही रसोईया (Chef Community)	01
5.	सिपाही हाउसकीपर (Housekeeper)	01
6.	सिपाही धोबी (WM)	01
7.	सिपाही ड्रेसर (Dresser)	02
8.	सिपाही दर्जी (Tailor)	01
9.	सिपाही स्टुअर्ड (Steward)	01
	कुल पद	74

3. पात्रता:-

3.1.	भर्ती में हिस्सा लेने के लिये कनिष्ठ अधिकारी (JCOS) और अन्य पद (OR) को सेवानिवृत्ति के 5 साल से ज्यादा नहीं होना चाहिए. कनिष्ठ अधिकारी 55 वर्ष तक और अन्य पद 50 वर्ष तक सेवा दे सकते है.	
3.2.	चिकित्सा श्रेणी.	SHAPE-1.
3.3.	चरित्र	EXEMPLARY/ VERY GOOD.
3.4.	**योग्यता**- भारतीय नागरिक भूतपूर्व सैनिक (भारतीय सेना से जिसको पेन्शन मिल रही है) और पर्यावरण वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और राज्य वन विभाग के भूतपूर्व महिला कर्मचारी (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति शामिल) जो कि कम से कम पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और राज्य वन विभाग में 20 साल नौकरी कर चुकी हो.	
3.5.	**लम्बाई**	3.5.1. 160 सेमी (गोरखा, गढ़वाली और असामी के लिए 152 सेमी). 3.5.2. भूतपूर्व पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन और राज्य वन विभाग के कर्मचारियों की महिलाओं के लिए 150 सेमी. **नोट**: महिलाएं जो कि उत्तर पूर्व भारत और पहाड़ी क्षेत्र के गोरखा, असामी तथा गढ़वाली महिलाओं की लम्बाई में 5 सेमी की छूट दी जायेगी.
3.6.	वजन	पुरुष 50 किलो तथा महिलाओं के लिए 42 किलो.
3.7.	सीना	3.7.1. पुरुष 82 सेमी (फुलाव कम से कम 05 सेमी). 3.7.2. महिलाओं के लिए सिर्फ फुलाव कम से कम 05 सेमी.

4. **शारीरिक परीक्षण (केवल पुरुषों के लिए)** 4.1.1 मील दौड़ 4.2. पुल अप्स 4.3. 8'/9' खाई 4.4. जिगजैग बैलेंस.

5. **प्रवीणता जांच**- 5.1. ट्रेड परीक्षा केवल ट्रेडसमैन के लिए 5.2 पूर्व महिला उम्मीदवारों की प्रवीणता जांच वनरोपण और नर्सरी प्रबंधन में की जाएगी.

6. **जरूरी दस्तावेज** - 6.1. मुक्ति पुस्तक (Discharge Book) 62. पेंशन भुगतान आदेश (पी.पी.ओ.) 6.3. आठ पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ 6.4. पुलिस प्राधिकारी / ग्राम प्रधान का चरित्र प्रमाण पत्र 6.5 शिक्षा प्रमाण पत्र 6.6. राज्य अधिवास प्रमाण पत्र.

7. **मेडिकल परीक्षण** - शारीरिक परीक्षण पास किये हुए उम्मीदवारों का मेडिकल परीक्षण किया जायेगा.

8. **साक्षात्कार** - जो उम्मीदवार शारीरिक परीक्षण में पास होंगे उनका साक्षात्कार भी किया जायेगा.

9. आवश्यक सूचना -

9.1. भूतपूर्व सैनिक और पर्यावरण वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और राज्य वन विभाग के भूतपूर्व महिला कर्मचारी (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति शामिल) को सिपाही के पद पर नियुक्त किया जायेगा और भूतपूर्व कनिष्ठ अधिकारी और द्वितीय श्रेणी अधिकारी या समकक्ष पर्यावरण वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और राज्य वन विभाग की भूतपूर्व महिला कर्मचारियों को नायब सूबेदार के पद पर नियुक्त किया जायेगा. जूनियर कमीशंड अधिकारी के मामले में सूबेदार के पद तक और अन्य पद के मामले में हवलदार तक की पदोन्नति दी जा सकती है, बशर्ते कि वे सभी नियमों और शर्तों को पूरा करते हो.

9.2. प्रादेशिक सेना पूर्ण रूप से स्वैच्छिक संस्था है, जिसमें नियमित रोज़गार की व्यवस्था नही है. लम्बी अवधि के एम्बॉडीमेन्ट के लिए यह संस्था कोई वादा नहीं करती है. संस्था / सेना की आवश्यकता के आधार पर ही इसमें भर्ती हुये लोगो को अस्थायी रोज़गार दिया जायेगा क्योंकि संस्था / सेना द्वारा स्थायी रूप से रोज़गार की कोई व्यवस्था नही है.

9.3. भूतपूर्व सैनिकों और भूतपूर्व महिला कर्मचारियों को दो साल की अवधि के लिये नियुक्त किया जायेगा, उसके पश्चात सैनिकों का संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर आगामी सेवा में एक एक साल के लिये बढ़ाया जायेगा और भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा परियोजना को जारी रखने तक. युनिट बोर्ड आफ आफिसर्स द्वारा अनुपयुक्त और अवांछनीय नामांकित पूर्व सैनिक कर्मियों को अनुपयुक्त पाए जाने पर सेवा से बर्खास्त कर दिया जायेगा.

9.4. कनिष्ठ अधिकारी 55 साल और अन्य पद 50 साल तक सर्विस कर सकते है.

9.5. **मूल वेतन और महंगाई भत्ता** - सभी प्रादेशिक सेना कार्मिक अपने रैंक और सेवा समूह के अनूसार मूल वेतन के हकदार होंगे. समय-समय पर स्वीकार्य महंगाई भत्ता भी लागू होगा. कोई वार्षिक वृद्धि स्वीकार्य नहीं होगी.

9.6. **अन्य भत्ता** - अन्य भत्ते जैसे, बच्चों की शिक्षा भत्ता, पर्वतीय प्रतिपूरक भत्ता, मकान किराया भत्ता और सड़क माइलेज भत्ता आदि मिलेगा.

9.7. **पेंशन और ग्रेच्युटी** - भूतपूर्व सैनिकों और पर्यावरण वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और राज्य वन विभाग के भूतपूर्व महिला कर्मचारियों को इस संस्था द्वारा किसी भी तरह की पेन्शन और ग्रेच्युटी प्रदान नही की जायेगी. पेंशन जो पिछली सेवा से अर्जित की गई है वह अछूती रह जाएगी और उनके वेतन और भत्ते को ठीक करने में नजरअंदाज किया जाएगा.

9.8. **कैंटीन और चिकित्सा सुविधा** - सीईटीएफ बटालियन (प्रादेशिक सेना) में नामांकित कर्मी कैंटीन और चिकित्सा सुविधाओं के हकदार होंगे, जैसा सेना की अन्य युनिटों को लागू है.

ध्यान दें :- (क) यह भर्ती निशुल्क सेवा है. इसमें भर्ती के लिए किसी को भी रिश्वत न दें. बिचौलियों से दूर रहे. अगर कोई अभ्यर्थी रिश्वत देते पकड़ा गया या इसमें लिप्त पाया गया तो उसका चयन रद्द कर दिया जायेगा. (ख) भर्ती के लिए लाए गये दस्तावेज पर किसी भी प्रकार के ऊपरी लेखन को माना नहीं जाएगा. (ग) गलत दस्तावेज व गलत सूचना देने पर कानून के आधार पर दण्ड अथवा नौकरी से बरखास्त कर दिया जायेंगा. (घ) रैली के स्थान पर मोबाइल फोन का उपयोग सख्त वर्जित है. (ङ) रैली में किसी भी प्रकार की दुर्घटना/ घटना के लिए भर्ती बोर्ड की कोई भी जिम्मेदार नही होगी. (च) भर्ती रैली के दौरान कोई आवास और भोजन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा. **पूछताछ इस नम्बर पर करें और मोबाइल नम्बर-7309677687 तथा अधिक जानकारी के लिये रोज़गार समाचार पत्र देखें.**

CBC 10622/11/0058/2627

EN 28/30

महत्वपूर्ण सूचना

हम सं.लो.से.आ., क.च.आ., रेलवे भर्ती बोर्ड आदि द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम प्रकाशित करते समय पूरी सावधानी रखते हैं। यद्यपि, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक अधिसूचना/गजट की जांच कर लें। अनजाने में हुई मुद्रण त्रुटि के लिए रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं होगा।

भारत सरकार / Government of India

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
Ministry of Environment, Forest & Climate Change

क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून
Regional Office, Dehradun
25 सुभाष रोड, देहरादून- 248001/25 Subhash Road, Dehradun-248001
दूरभाष/Phone- 0135-2713009, ईमेल/E-mail- moef.ddn@gov.in

LiFE Lifestyle for Environment

रोज़गार सूचना-2026

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय (25 सुभाष रोड, देहरादून-248001) में **प्रधान निजी सचिव (PPS)** के एक पद को डेप्युटेशन (प्रतिनियुक्ति) के आधार पर भरने का प्रस्ताव है. इसके लिए केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्रों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या विश्वविद्यालयों या सांविधिक या स्वायत्त संगठनों के अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. पदों, योग्यताओं, नियमों और शर्तों, प्रतिनियुक्ति की अवधि, आयु सीमा, आवेदन कैसे करें, अंतिम तिथि आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाइट **www.moef.gov.in** पर विस्तृत विज्ञापन देखें.

सहायक महानिरीक्षक वन (के.)

CBC 13140/11/0001/2627

EN 28/10

ए-12011/04/2018-स्था.

भारत सरकार

रसायन और उर्वरक मंत्रालय

उर्वरक विभाग

उम्मीदवारों (भारतीय नागरिकों) से निम्नलिखित पद के लिए प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) या पदोन्नति के आधार पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्र. सं.	पद का नाम	रिक्ति संख्या	वेतनमान/ पे मैट्रिक्स में लेवल	योग्यता
1.	**सहायक आयुक्त (जहाजरानी)** सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, अलिपिकीय	01	7वें केंद्रीय वेतन आयोग के पे मैट्रिक्स में लेवल-11 (रुपये 67700-2,08,700)	(1) केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकाय या सांविधिक संगठन या मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी, **(क)** (i) जो अपने मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; **अथवा** (ii) जिन्होंने अपने मूल संवर्ग या विभाग में पे मैट्रिक्स के लेवल-10 (रुपये 56,100–रुपये 1,77,500) या समकक्ष पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा पूरी की हो; **और** **(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव रखते हों.** **अनिवार्य योग्यताएं:** **(क)** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक डिग्री; **तथा** (ii) पांच वर्ष का अनुभव, जिसमें से- **(क)** जहाजरानी या जहाजों की चार्टरिंग अथवा पत्तन संचालन में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव; **तथा** **(ख)** प्रशासनिक कार्य का दो वर्ष का अनुभव. **वांछनीय:** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय (पूर्व में मानव संसाधन विकास मंत्रालय) द्वारा मान्यताप्राप्त नरोत्तम दास मोरारजी इंस्टीट्यूट ऑफ शिपिंग, मुंबई या किसी अन्य मान्यताप्राप्त संस्थान से शिपिंग में एसोसिएटशिप या फेलोशिप या डिप्लोमा प्राप्त किया हो. **नोट 1:** सहायक निदेशक (शिपिंग) के ग्रेड में पे मैट्रिक्स के लेवल-10 (रुपये 56,100– रुपये 1,77,500) में पांच वर्ष की नियमित सेवा रखने वाले विभागीय अधिकारी, जिनके पास निर्धारित शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव हैं, को प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु बाहरी उम्मीदवारों के साथ विचारार्थ लिया जाएगा. यदि विभागीय उम्मीदवार का चयन इस पद पर नियुक्ति के लिए हो जाता है, तो इसे पदोन्नति के रूप में भरा गया समझा जाएगा. **नोट 2:** प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक अनुबंध सहित) सामान्यतः चार वर्ष से अधिक नहीं होगी, जिसमें केन्द्र सरकार के इसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक अनुबंध सहित) भी शामिल होगी. **नोट-3:** प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

2. प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः 4 वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) की प्रारंभिक अवधि 1 वर्ष होगी.
3. पूर्ण आवेदन, पिछले पांच वर्षों की अद्यतन एसीआर/एपीएआर डोजियर सहित, उचित माध्यम से इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **45 दिनों के भीतर** निम्नलिखित को भेजा जा सकता है:
श्री मनीष कुमार चौरसिया, अवर सचिव (स्थापना), कमरा संख्या 23049, तीसरी मंजिल, उर्वरक विभाग, कर्तव्य भवन-2, नई दिल्ली.
4. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.
5. विस्तृत पात्रता मानदंड, आवेदन पत्र एवं भर्ती नियम विभाग की वेबसाइट **fert.gov.in** पर उपलब्ध हैं.

अनुलग्नक-I

बायो-डेटा/कैरिकुलम वाइटे प्रारूप

1.	नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में):	
2.	जन्म तिथि (ईसवी सन में):	
3.	i) **सेवा में भर्ती की तारीख**	
	ii) **केन्द्र/राज्य सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख:**	
4.	शैक्षिक योग्यताएं :	
5.	क्या पद के लिए निर्धारित शैक्षिक और अन्य योग्यताएं पूरी करते हैं **(यदि किसी योग्यता को नियमों के अंतर्गत निर्धारित योग्यता के समकक्ष समझा गया हो, तो तत्संबंधी प्राधिकारी का उल्लेख करें)**	

विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र के अनुसार अपेक्षित योग्यताएं/ अनुभव	अधिकारी द्वारा प्राप्त योग्यता/अनुभव
अनिवार्य	अनिवार्य
क) योग्यता	क) योग्यता
ख) अनुभव	ख) अनुभव
वांछनीय	वांछनीय
क) योग्यता	क) योग्यता
ख) अनुभव	ख) अनुभव

5.1 **नोट:** परिपत्र जारी करते समय/रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित करने के समय संचालक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा भर्ती नियमों में वर्णित अनुसार अनिवार्य और वांछनीय योग्यताओं का उल्लेख करने के लिए इस कॉलम का विस्तार किया जा सकता है.
5.2 उम्मीदवार द्वारा डिग्री और स्नातकोत्तर योग्यता के मामले में वैकल्पिक/मुख्य विषयों और अनुषंगी विषयों का उल्लेख किया जा सकता है.

6.	कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि आपके द्वारा ऊपर दी गई प्रविष्टियों के आधार पर क्या आप पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य योग्यताएं और कार्य अनुभव रखते हैं.	

6.1 नोट: प्रतिनियुक्ति पर अधिकारी रखने वाले विभागों को उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अनिवार्य योग्यताओं/कार्यानुभव (जिसका उल्लेख बायो-डाटा में किया गया है) के बारे में स्पष्ट टिप्पणी करनी होगी ताकि इस बात की पुष्टि की जा सके कि उम्मीदवार आवेदित पद के संदर्भ में अपेक्षित योग्याएं रखता/रखती है.

7. कालक्रमानुसार पिछले रोजगार का ब्योरा. नीचे स्थान पर्याप्त न हो तो अपने हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित अलग शीट संलग्न करें

कार्यालय/ संस्थान	नियमित आधार पर धारित पद	से	तक	* नियमित आधार पर धारित पद का पे बैंड और ग्रेड वेतन/ वेतनमान	किए गए कार्यों का स्वरूप (विस्तार से), आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव पर प्रकाश डालते हुए.

*** महत्वपूर्ण अनुदेश:** एसीपी/एमएसीपी के अंतर्गत दिया गया पे बैंड और ग्रेड वेतन उम्मीदवार के निजी होते हैं, अतः उनका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए. केवल नियमित आधार पर धारित पद के पे बैंड/ग्रेड वेतन/वेतनमान का उल्लेख किया जाना चाहिए. जिन उम्मीदवारों को ऐसे लाभ प्राप्त हुए हों, वे वर्तमान पे बैंड और ग्रेड वेतन सहित एसीपी/एमएसीपी का ब्यौरा यहां पर दे सकते हैं:

कार्यालय/संस्थान	एसीपी/एमएसीपी योजना के अंतर्गत आहरित वेतन, पे बैंड और ग्रेड पे	से	तक

8.	वर्तमान रोजगार का स्वरूप, यानी तदर्थ या अस्थाई या अर्द्धस्थाई या स्थाई.	
9.	अगर वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर आधारित हो, तो कृपया निम्नांकित जानकारी दें:-	

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख	ख) प्रतिनियुक्ति/ अनुबंध की अवधि	(ग) मूल कार्यालय/ संगठन का नाम, जिससे आप संबद्ध हैं.	(घ) मूल संगठन में स्थायी आधार पर धारित पद का नाम और वेतनमान

9.1 **नोट:** यदि अधिकारी पहले से प्रतिनियुक्ति पर है तो ऐसे अधिकारियों के आवेदन मूल संगठन/विभाग द्वारा अग्रसारित किए जाने चाहिए और उनके साथ संवर्ग उपयुक्तता प्रमाणपत्र, सतर्कता उपयुक्तता प्रमाणपत्र और निष्ठा प्रमाणपत्र संलग्न किया जाना चाहिए.	
9.2 **नोट:** उपर्युक्त कॉलम 9 (ग) और (घ) में दी गई जानकारी ऐसे सभी मामलों में अवश्य दी जानी चाहिए जहां कोई अधिकारी संवर्ग बाह्य पद पर/किसी अन्य संगठन में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हो और उसने मूल संगठन/विभाग में ग्रहणाधिकार रखा हो.	
10. यदि आवेदक ने अतीत में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण किया हो तो पिछली प्रतिनियुक्ति से लौटने की तारीख और अन्य ब्यौरा:	
11. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त जानकारी: कृपया बतायें किसके अधीन कार्यरत हैं (सम्बद्ध कॉलम के सामने नियोक्ता का नाम लिखें) (क) केन्द्र सरकार (ख) राज्य सरकार (ग) स्वायत्त संगठन (घ) सार्वजनिक क्षेत्र प्रतिष्ठान (ङ) विश्वविद्यालय (च) अन्य	
12. कृपया बताएं क्या आप इसी विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड अथवा फीडर ग्रेड के फीडर संवर्ग में हैं.	
13. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां तो संशोधन लागू होने की तारीख लिखें और संशोधन पूर्व वेतनमान का भी उल्लेख करें	
14. प्रतिमाह प्राप्त कुल परिलब्धियां	

पीबी में मूल वेतन	ग्रेड वेतन	कुल परिलब्धियां

(शेष पृष्ठ 19 पर)

(पृष्ठ 18 का शेष)

15. यदि अधिकारी ऐसे संगठन में कार्यरत है जो केन्द्र सरकार के नियमों का अनुसरण न करता हो, तो वेतनमान लिखें और संबद्ध संगठन द्वारा जारी की गई अद्यतन वेतन पर्ची संलग्न करें, जिसमें निम्नांकित ब्यौरा दिया गया हो:

5. आवेदन-पत्र अनुलग्नक-I में दिये गये जीवनवृत्त/करिकुलम विताई प्रोफॉर्मा में भेजे जाने चाहिए. प्रोफॉर्मा क.रा.बी.नि. की वेबसाइट www.esic.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सुपाठ्यता सुनिश्चित करने के लिए टंकित फॉर्मेट में जीवनवृत्त विवरण भरें और उस पद का स्पष्ट/उल्लेख करें जिसके लिए उम्मीदवार ने आवेदन किया है.
6. उम्मीदवारों के संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र अग्रेषित करने से पहले कार्मिक और प्रशिक्षण के का.ज्ञा. सं. एबी. 14017/28/2014-स्था.(आरआर) दिनांक 02.07.2015 के अनुलग्नक-II के अनुदेशों का संदर्भ लें.
7. विधिवत भरा हुआ और सभी संगत दस्तावेजों से समर्थित आवेदन पत्र एक लिफाफे में रखना चाहिए और उसके ऊपर "प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) आधार पर चिकित्सा आयुक्त (आयुष) के पद हेतु आवेदन-पत्र" लिखना चाहिए.
8. जीवनवृत्त/करिकुलम विताई के साथ उम्मीदवारों द्वारा दावाकृत अर्हता और अनुभव के समर्थन में प्रमाणपत्र/दस्तावेज संलग्न नहीं होने से उन पर विचार नहीं किया जायेगा.
9. निर्धारित प्रपत्र में जीवनवृत्त/करिकुलम विताई (साथ में शैक्षणिक अनुभव प्रमाणपत्र/दस्तावेज आदि) जिसे नियोक्ता द्वारा विधिवत प्रमाणित किया गया हो और मोहर लगी हो, साथ में पिछले पांच वर्षों (अर्थात 2020-2021 से 2024-2025 या 2021 से 2025, यथा अनुरक्षित) की एपीएआर/सीआर (एपीएआर/सीआर के प्रत्येक पृष्ठ की फोटोप्रतियां कम से कम अवर सचिव, भारत सरकार के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित), संवर्ग मुक्ति, सतर्कता मुक्ति, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और **'पिछले दस वर्षों के लिए कोई बड़ी या छोटी पेनाल्टी नहीं'** प्रमाणपत्र (अथवा पिछले दस वर्षों के दौरान अधिरोपित बड़ी या छोटी पेनाल्टी की सूची, यदि है) संलग्न करते हुए उचित माध्यम से **कर्नल मंजीत कटोच, निदेशक (पीएंडए), मुख्यालय कार्यालय, क.रा.बी. निगम, सी. आई. जी. मार्ग, नई दिल्ली-110002 के पास रोजगार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज में इसके प्रकाशन से 04 सप्ताह के भीतर** पहुंच जाने चाहिए.
10. एपीएआर/सीआर की अनुपलब्धता के मामले में, संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी से अनुपलब्धता के कारण अपेक्षित होंगे.
11. पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.
12. आवेदन पत्र के संबंध में किसी भी पूछताछ श्री वेद प्रकाश, उप निदेशक (ई-I) को estt1-hq@esic.gov.in पर भेजी जा सकती है.

(कर्नल मंजीत कटोच)
निदेशक (पी एंड ए)

अनुलग्नक-I

जीवनवृत्त/करिकुलम विताई प्रोफॉर्मा
चिकित्सा आयुक्त (आयुष) के पद हेतु

1.	नाम और पता (साफ अक्षरों में):	
2.	जन्म तिथि (ईस्वी सन् में)	
3 (i)	सेवा में प्रविष्टि की तिथि	
3 (ii)	केंद्रीय/राज्य सरकार के नियमों के अधीन सेवानिवृत्ति की तिथि	
4.	शैक्षणिक अर्हताएं	
5.	क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं पूरी करते हैं (यदि किसी अर्हता को नियमों में निर्धारित अर्हता के समकक्ष माना गया है, तो उसकी अथॉरिटी का उल्लेख करें)	
	विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में वर्णित यथा अपेक्षित पात्रता शर्तें, शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव	पात्रता शर्तें, अधिकारी के पास मौजूद शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव
	पात्रता शर्तें:	पात्रता शर्तें:
	(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या (ii) वेतन मैट्रिक्स (रु. 144200-218200) में स्तर 14 या समकक्ष में चिकित्सा अधीक्षक के तौर पर 5 वर्ष की नियमित सेवा के साथ, और (ख) निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हता रखते हैं:- (i) आयुष चिकित्सा शाखाओं में, किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/वैधानिक राज्य बोर्ड या परिषद या भारतीय चिकित्सा संकाय, भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 (1970 का 48) अथवा भारतीय चिकित्सा पद्धति के लिए राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 के अधीन मान्यताप्राप्त कोई डिग्री या समकक्ष. (ii) भारतीय चिकित्सा के केंद्रीय पंजीयक अथवा भारतीय चिकित्सा के राज्य पंजीयक के साथ एनरॉलमेंट. (iii) भारतीय चिकित्सा परिषद, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से मान्यताप्राप्त हेल्थकेयर प्रशासन में मास्टर या राष्ट्रीय स्वास्थ्य और अस्पताल प्रशासन बोर्ड का डिप्लोमा अथवा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अस्पताल प्रशासन में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन अथवा डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (अस्पताल प्रशासन).	शैक्षणिक अर्हताएं
	अनुभव:	अनुभव:
	(ग) (i) केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/स्वायत्त या वैधानिक संगठन में व्यावहारिक और प्रशासनिक अनुभव से संबंधित व्यवसाय में 20 वर्षों का अनुभव, साथ में उपर्युक्त किसी संस्था द्वारा संचालित अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक के तौर पर पांच वर्ष कार्य किया हो.	

5.1 **टिप्पणी:** डिग्री और स्नातकोत्तर अर्हताओं के मामले में ऐच्छिक/मुख्य विषयों और सहायक विषयों का उम्मीदवार द्वारा उल्लेख किया जा सकता है.

6.	कृपया स्पष्ट करें कि आप द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के अनुरूप क्या आप पद की अपेक्षित अनिवार्य अर्हताएं और कार्यानुभव पूरा करते हैं	

7. कालक्रमानुसार रोजगार का विवरण. यदि नीचे स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर से विधिवत प्रमाणित अलग शीट लगाएं.

कार्यालय / संस्थान	नियमित आधार पर धारित पद	से	तक	* नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/स्तर	कार्यों की प्रकृति (विस्तार से), आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव का उल्लेख करते हुए

***महत्वपूर्ण:** एसीपी/एमएसीपी के अधीन प्रदत वेतन बैंड और ग्रेड वेतन अधिकारी के लिए व्यक्तिशः हैं और इस प्रकार इनका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए. केवल नियमित आधार पर धारित पद के वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान का उल्लेख करना चाहिए। एसीपी/एमएसीपी का विवरण साथ में ग्रेड वेतन/वेतनमान, जहां कहीं ऐसे लाभ उम्मीदवार ने अर्जित किए हैं, का नीचे बताए अनुसार उल्लेख किया जा सकता है:

कार्यालय/संस्थान	एसीपी/एमएसीपी स्कीम के अधीन प्राप्त वेतन, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन	से	तक

8.	वर्तमान रोजगार की प्रकृति, अर्थात तद्र्थ या अस्थाई या अर्द्ध-स्थाई या स्थाई	

(शेष पृष्ठ 27 पर)

(पृष्ठ 26 का शेष)

9.	यदि वर्तमान रोज़गार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर धारण किये हुए हैं तो कृपया उल्लेख करें:-		
क) आरंभिक नियुक्ति की तिथि	ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि	ग) मूल कार्यालय/ संगठन जिससे आवेदक संबंधित है	घ) मूल संगठन में स्थाई आधार पर धारित पद का नाम और वेतन
9.1 टिप्पणी: यदि अधिकारी पहले से प्रतिनियुक्ति पर हैं तो ऐसे अधिकारी के आवेदन-पत्र मूल संवर्ग/विभाग द्वारा साथ में संवर्ग मुक्ति, सतर्कता मुक्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र के साथ अग्रेषित करने चाहिए.			
9.2 टिप्पणी: ऊपर कॉलम 9(ग) और (घ) के अधीन सूचना सभी मामलों में अवश्य दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति संवर्ग/संगठन से बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण किए हुए हैं परंतु उसका मूल संवर्ग/संगठन में अब भी संपर्क बना हुआ है.			
10.	यदि आवेदक ने पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण किया है तो पिछली प्रतिनियुक्ति से लौटने की तिथि और अन्य विवरण.		
11.	वर्तमान रोज़गार के संबंध में अतिरिक्त विवरण: कृपया उल्लेख करें कि किसके तहत कार्यरत हैं (संगत कॉलम में अपने नियोक्ता के नाम का उल्लेख करें) क) केंद्रीय सरकार ख) राज्य सरकार ग) संघ शासित प्रदेश घ) सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम ङ) स्वायत्त च) वैधानिक संगठन		
12.	कृपया उल्लेख करें कि क्या आप इसी विभाग में या फीडर ग्रेड या फीडर से फीडर ग्रेड में कार्यरत हैं.		
13.	क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो तिथि का उल्लेख करें जब से संशोधन हुआ और असंशोधित वेतनमान का भी उल्लेख करें.		
14.	वर्तमान में प्रति माह प्राप्त कुल परिलब्धियां :		
पीबी, मूल वेतन और 7वें कें.वे.आ. के अनुसार वेतनमान और स्तर	ग्रेड वेतन	कुल परिलब्धियां	
15.	उन आवेदकों के मामले में जो कि किसी ऐसे संगठन से संबंधित हैं जहां केंद्रीय सरकार के वेतनमान लागू नहीं हैं तो नीचे दिया गया विवरण दर्शाते हुए संगठन से जारी नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न की जानी चाहिए:		
मूल वेतन साथ में वेतनमान और वेतनवृद्धि की दर	महंगाई वेतन/अंतरिम राहत/ अन्य भत्ते आदि (अलग-2 विवरण के साथ)	कुल परिलब्धियां	
16. क	अतिरिक्त सूचना, यदि कोई है, जिसका आप आवेदित पद हेतु अपनी सुयोग्यता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे (इसमें अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित के संबंध में सूचना उपलब्ध कराई जा सकती है (1) अतिरिक्त अकादमिक अर्हताएं (2) व्यवसायिक प्रशिक्षण (3)रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित से ऊपर अर्जित कार्यानुभव) (टिप्पणी: यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग से शीट लगाएं)		

16.ख	उपलब्धियां: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि निम्नलिखित से संबंधित सूचना का उल्लेख करें: (1) शोध प्रकाशन और प्रतिवेदन और विशेष परियोजनाएं (2) पुरस्कार/छात्रवृत्तियां/आधिकारिक प्रशस्ति (3) व्यावसायिक संस्थाओं/संस्थानों/सोसाइटियों के साथ संबद्धता और (4) स्वयं के नाम में पंजीकृत अथवा संगठन के लिए हासिल पेटेंट्स (5) कोई अन्य शोध/नवाचार उपाय जिसमें आधिकारिक मान्यता शामिल है (6) कोई अन्य सूचना. (टिप्पणी: यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग से शीट लगाएं)	
17.	कृपया उल्लेख करें कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी)/आमेलन/पुनः रोज़गार आधार के लिए आवेदन कर रहे हैं. ("प्रतिनियुक्ति/आमेलन" के लिए केवल केंद्रीय/राज्य सरकारों के अधीन सेवारत अधिकारी पात्र हैं. गैर सरकारी संगठनों के उम्मीदवार केवल अल्पावधि अनुबंध के लिए पात्र हैं) ("एसटीसी"/आमेलन/पुनः रोज़गार का विकल्प केवल तभी उपलब्ध है, यदि रिक्ति परिपत्र में "एसटीसी" या "आमेलन" या "पुनः रोज़गार" का विशेष रूप से उल्लेख है.	
18.	क्या अजा/अजजा से संबंधित हैं.	
19.	संपर्क विवरण (सभी विवरण अनिवार्य हैं)	
	क) उम्मीदवार का डाक पता	क)
	ख) उम्मीदवार का फोन नंबर (कार्यालय)	ख)
	ग) उम्मीदवार का फोन नंबर (व्यक्तिशः)	ग)
	घ) उम्मीदवार का ई मेल आईडी	घ)
	ङ) प्रशासन विभाग (संवर्ग नियंत्रण) का फोन नंबर	ङ)
	च) प्रशासन विभाग (संवर्ग नियंत्रण) का ई मेल आईडी	च)
	छ) संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी का पूर्ण पता	छ)

मैंने ध्यानपूर्वक रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मुझे मालूम है कि अनिवार्य अर्हता/कार्यानुभव के संबंध में प्रस्तुत दस्तावेजों से विधिवत समर्थित करिकुलम विताई में प्रेषित सूचना का पद हेतु चयन के समय चयन समिति द्वारा भी मूल्यांकन किया जायेगा. मेरे द्वारा प्रेषित सूचना/विवरण मेरी अच्छी जानकारी के अनुसार सही और सत्य है तथा मेरे चयन को प्रभावित करने वाली कोई तथ्यात्मक सूचना को छिपाया/रोका नहीं गया है.

तिथि : _____ (उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

पता _____

अनुलग्नक-II

नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन-पत्र में उपलब्ध कराई गई सूचना/विवरण रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुरूप सत्य एवं सही हैं. वह रिक्ति परिपत्र/रोजगार समाचार पत्र में वर्णित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव रखता/रखती है. यदि चयन हो जाता है तो उसे कार्यमुक्त कर दिया जायेगा.

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि

i) श्री/श्रीमती.....के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/अवेक्षित नहीं है.

ii) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है.

iii) उसकी गो.रि. डोजिअर मूल रूप में संलग्न हैं/पिछले 5 वर्षों के लिये (अर्थात यथा अनुरक्षित 2020-21 से 2024-25 या 2021 से 2025 तक) भारत सरकार के अवर सचिव या ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित वागोरि की फोटो प्रतियां संलग्न हैं.

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई बड़ी/छोटी पेनाल्टी नहीं लगाई गई है अथवा उस पर पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई बड़ी/छोटी पेनाल्टी की सूची संलग्न है (जो भी मामला हो).

प्रतिहस्ताक्षर

_____

(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी, साथ में मोहर)

EN 28/54

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड
BENGAL GAS COMPANY
(गेल (इंडिया) लिमिटेड और जीसीजीएससीएल की एक संयुक्त उद्यम कंपनी)
पंजीकृत कार्यालय: वित्त केंद्र, प्रथम तल, ब्लॉक-ए, एक्शन एरिया-II बी, न्यू टाउन, कोलकाता - 700 161
फ़ोन: 033-23248078, **ईमेल:** career@bgcl.co.in **वेब:** www.bgcl.co.in; **सीआईएन**-U40300WB2019GOI229618

विभिन्न विषयों में निश्चित अवधि के रोज़गार के आधार पर कैरियर के अवसर

बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड विभिन्न विषयों में निश्चित अवधि के रोज़गार के आधार पर 29 (उनतीस) कार्यकारी पदों पर भर्ती हेतु भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करती है। विस्तृत विज्ञापन एवं **ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने संबंधी निर्देशों** के लिए कृपया BGCL की वेबसाइट **www.bgcl.co.in** के **'CAREERS'** अनुभाग पर जाएँ। **ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन जमा करने की शुरुआत: 28.09.2026 (प्रातः 11:00 बजे से); ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 27.10.2026 (सायं 5:00 बजे तक);** यदि कोई शुद्धिपत्र / परिशिष्ट जारी किया जाता है, तो उसे केवल BGCL की वेबसाइट **www.bgcl.co.in** पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। आवेदकों से अनुरोध है कि वे नवीनतम जानकारी से अवगत रहने के लिए वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

EN 28/78

विज्ञापन संख्या: BGCL/OPEN/MISC/7/2026

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, मोहाली

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

Indian Institute of Science Education and Research Mohali

(Ministry of Education, Govt. of India)

विज्ञापन सं. आईआईएसईआर एम/एफ/(01)/रेगुलर/2026

दिनांकः 30.09.2026

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), मोहाली, जो राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है, उपयुक्त भारतीय नागरिकों से **सहायक प्रोफेसर के इक्कीस (21) पदों** पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है. ये पद भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान, पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान तथा मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, डेटा विज्ञान, विज्ञान शिक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सभी क्षेत्रों में हैं. आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत किए जाने हैं. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **20.11.2026 को शाम 05:00 बजे तक** है.

विस्तृत विज्ञापन के लिए आवेदक संस्थान की वेबसाइट **www.iisermohali.ac.in** देख सकते हैं.

कुलसचिव

आईआईएसईआर मोहाली

EN 28/69

फाइल संख्या/File No.: E.3-1/2019/SLUSI/HQ/3633

भारत सरकार / Government of India

भारतीय मृदा एवं भू-उपयोग सर्वेक्षण

Soil & Land Use Survey of India

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

Department of Agriculture & Farmers Welfare

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

Ministry of Agriculture & Farmers Welfare

आई.ए.आर.आई. बिल्डिंग्स, पूसा कैंपस, नई दिल्ली

I.A.R.I. Buildings, Pusa Campus, New Delhi - 110012

दिनांक / Date: 28.09.2026

रिक्ति परिपत्र

भारतीय मृदा और भू-उपयोग सर्वेक्षण (एसएलयूएसआई), कृषि और किसान कल्याण विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का अधीनस्थ कार्यालय, द्वारा भारतीय मृदा और भू-उपयोग सर्वेक्षण के बंगलुरु केंद्र, अहमदाबाद केंद्र और कोलकाता केंद्र में प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) आधार पर **कार्यालय अधीक्षक** के पद में तीन (03) रिक्तियों को भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं.

इन पदों का वर्गीकरण सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह ख, अराजपत्रित, अनुसचिवीय, वेतन मैट्रिक्स का स्तर-6 (असंशोधित वेतनमान रु. 9300-34800, वेतन बैंड-2, ग्रेड वेतन रु. 4200) है. **कार्यालय अधीक्षक** के पद के लिए प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) की अवधि साधारणतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

पद के अन्य विवरण और आवेदन प्रपत्र **अनुलग्नक-I** और **अनुलग्नक-II** में उपलब्ध हैं, जिन्हें एसएलयूएसआई की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात **https://slusi.da.gov.in** और कृषि और किसान कल्याण विभाग की वेबसाइट **https://agriwelfare.gov.in** से प्राप्त/डाउनलोड किया जा सकता है.

इच्छुक और पात्र अधिकारियों के आवेदन पत्र, जिन्हें चयन होने पर प्रतिनियुक्ति की पूर्ण अवधि के लिए तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता है, **मुख्य मृदा सर्वेक्षण अधिकारी, भारतीय मृदा और भू-उपयोग सर्वेक्षण (एसएलयूएसआई) मुख्यालय, कृषि और किसान कल्याण विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, आई ए आर आई बिल्डिंग, पूसा कैम्पस, नई दिल्ली-110012 के पास रोज़गार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों की अवधि के भीतर भेजे जा सकते हैं.**

(रंग लाल मीणा)

वरि. मृदा सर्वेक्षण अधिकारी एवं कार्यालयाध्यक्ष

एसएलयूएसआई, मुख्यालय, नई दिल्ली

EN 28/76

राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी

गृह मंत्रालय

भारत सरकार

सीजीओ कॉम्पलेक्स के सामने, लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003

टेली नं. 011-24368800 और फैक्स 24368801

सं. ई-74/002/सी.एफ नं. 11377/डेपु-एमएस/एनआईए/12133 25/09/2026

राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी में अनुसचिवीय स्टाफ की प्रतिनियुक्ति हेतु सूचना

राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) में प्रतिनियुक्ति के आधार पर अनुसचिवीय स्टाफ के पदों के लिए नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं. पद और रिक्तियों के विवरण निम्नानुसार हैं:-

क्रम सं.	पद का नाम	रिक्तियों की संख्या	तैनाती स्थान
1.	**वरिष्ठ निजी सचिव** वेतन मैट्रिक्स (47600-151100) में स्तर 8	03*	अखिल भारतीय आधार पर
2.	**अनुभाग अधिकारी/कार्यालय अधीक्षक** वेतन मैट्रिक्स (44900-142400) में स्तर 7	05*	अखिल भारतीय आधार पर
3.	**सहायक** वेतन मैट्रिक्स (35400-112400) में स्तर 6	05*	अखिल भारतीय आधार पर
4.	**लेखाकार** वेतन मैट्रिक्स (35400-112400) में स्तर 6	01*	अखिल भारतीय आधार पर
5.	**आशुलिपिक ग्रेड-1** वेतनमान-वेतन मैट्रिक्स (35400-112400) में स्तर 6	15*	अखिल भारतीय आधार पर
6.	**आशुलिपिक ग्रेड-2** वेतनमान-वेतन मैट्रिक्स (25500-81100) में स्तर 4	06*	अखिल भारतीय आधार पर
7.	**उच्च श्रेणी लिपिक (यूडीसी)** वेतनमान-वेतन मैट्रिक्स (25500-81100) में स्तर 4	03*	अखिल भारतीय आधार पर
8.	**अवर श्रेणी लिपिक (एलडीसी)** वेतनमान- वेतन मैट्रिक्स (19900-63200) में स्तर 2	12*	अखिल भारतीय आधार पर

(*भविष्य में रिक्तियों के अनुरूप परिवर्तन के विषयाधीन)

2. पात्रता मानदंड (शैक्षणिक अर्हता, अनुभव आदि) और आवेदन फार्म अनुलग्नक-I(क), I(ख), I(ग), I(घ), I(ड़), I(च), I(छ) और I(ज), (एनआईए वेबसाइट **www.nia.gov.in/recruitment-notice.htm** पर उपलब्ध) में हैं. पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी.

3. अनुरोध है कि उपर्युक्त आवश्यकता आपके प्रभाराधीन सभी विभागों/संस्थानों/कार्यालयों के बीच कृपया परिचालित की जाए और उनकी वेबसाइट पर भी प्रेषित की जाए. पात्र अधिकारियों के नामांकन साथ में निम्नलिखित दस्तावेजों की हार्ड प्रति डीआईजी (प्रशा.), एनआईए मुख्यालय, सीजीओ कॉम्पलेक्स के सामने, लोधी रोड, नई दिल्ली 110003 के पास उचित माध्यम से शीघ्रातिशीघ्र परंतु 'रोज़गार समाचार' में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **02 माह** के भीतर, पहुंच जाने चाहिए.

(i) निर्धारित प्रपत्र में (अनुलग्नक-II) (एनआईए वेबसाइट **www.nia.gov.in/recruitment-notice.htm** पर उपलब्ध) विधिवत भरा हुआ और सक्षम प्राधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित जीवनवृत्त.

(ii) वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक के विधिवत सत्यापित एपीएआर डोजिअर की फोटो प्रतियां.

(iii) विभागीय जांच/सतर्कता मुक्ति प्रमाणपत्र

(iv) सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र

(v) पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर अधिरोपित बड़ी/छोटी पेनाल्टीज के विवरण.

4. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन-पत्र, या किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन-पत्र या जिनके साथ उपर्युक्त पैरा 03 के अनुरूप दस्तावेज/सूचना संलग्न नहीं होगी, पर विचार नहीं किया जायेगा. संवर्ग प्राधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि अधिकारियों द्वारा भेजा गया विवरण रिकॉर्ड के अनुसार सही है.

5. पात्रता मानदंड और आवेदन फार्म तथा भर्ती नियम एनआईए वेबसाइट **www.nia.gov.in/recruitment-notice.htm** पर भी उपलब्ध हैं.

(श्रीजीत टी, भा.पु.से.)

उप महानिरीक्षक (प्रशा.)

एनआईए मुख्यालय, नई दिल्ली

CBC 19133/11/0022/2627

EN 28/61

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

टेक्नोलॉजी भवन, न्यू महरौली मार्ग, नई दिल्ली- 110016

रिक्ति संबंधी सूचना

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत अधीनस्थ कार्यालय, राष्ट्रीय एटलस एवं थिमैटिक मानचित्रण संगठन (नैटमो), जिसका मुख्यालय कोलकाता में स्थित है, में निम्नलिखित पदों को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

क्रम सं.	पद का नाम	सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में स्तर	पदों की संख्या
1	संयुक्त निदेशक (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, अननुसचिवीय)	स्तर 12 (रुपये 78800-209200)	02
2	उप निदेशक (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, अननुसचिवीय)	स्तर 11 (रुपये 67700-208700)	06

आवेदन प्रारूप और योग्यता, अनुभव, आयु सीमा और अन्य आवश्यकताओं आदि से संबंधित ब्यौरे के लिए हमारी वेबसाईट **https://dst.gov.in/announcement/recent-announcements** देखें.

(दिनेश चंद्र)
अवर सचिव, भारत सरकार

CBC 36124/11/0003/2627

EN 28/6

राइट्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)
शिखर, प्लॉट सं. 1, सेक्टर-29, गुड़गांव-122001

ऊर्जावान, कर्तव्यनिष्ठ और कठिन परिश्रमी योग्य प्रोफेशनल्स से नियमित आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं :

क्र. सं.	वीसी सं.	पद	रिक्तियों की संख्या						
			यूआर	ईडब्ल्यूएस	ओबीसी (एनसीएल)	एससी	एस टी	योग	पीडब्ल्यू बीडी
1	आरजी/47/26	डीजीएम (आर्कीटेक्ट/बिल्डिंग्स)	1	-	-	1	-	2	1
2	आरजी/08-आर 1/26	सहायक प्रबंधक (आईटी/नेटवर्क एवं सुरक्षा)	1	-	-	-	1	2	-

I. न्यूनतम शैक्षिक योग्यता और अनुभव मानदंड निम्नानुसार हैं :

कृपया विस्तृत विज्ञापन के लिए राइट्स की वेबसाइट देखें।

II. छूट एवं रियायतें :

आरक्षित पदों के संबंध में (जहां लागू है) ईडब्ल्यूएस/एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/पीडब्ल्यूडी/पूर्व-सैनिक/जम्मू एवं कश्मीर अधिवासियों को आरक्षण/छूट/रियायतें वर्तमान सरकारी आदेशों के अनुसार दी जाएंगी।

पीडब्ल्यूडी के लाभ हेतु केवल संबंधित दिव्यांगता के न्यूनतम 40 प्रतिशत से पीड़ित पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थी ही ग्राह्य होंगे। ऐसे पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थी अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट हेतु ग्राह्य होंगे।

III. उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करने हेतु शुल्क का विस्तृत विवरण राइट्स वेबसाइट पर अपलोड किए गए विस्तृत विज्ञापन में है।

IV. चयन प्रक्रिया एवं पारिश्रमिक :

कृपया विस्तृत विज्ञापन के लिए राइट्स की वेबसाइट देखें।

V. आवेदन कैसे करें :

कृपया विस्तृत विज्ञापन के लिए राइट्स की वेबसाइट देखें।

VI. महत्वपूर्ण तिथियां :

कृपया विस्तृत विज्ञापन के लिए राइट्स की वेबसाइट देखें।

VII. अतिरिक्त विवरण के लिए, अभ्यर्थी राइट्स की वेबसाइट www.rites.com पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन का करियर खंड देखें।

EN 28/77

F. No. A.12023/37/2025-Estt. 2684
भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA

केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान/Central Institute of Psychiatry

(स्थापना शाखा) (Establishment Section)

Phone : 91-651-2451115 (Exch)
-2451113(O)
E-mail: director@cipranchi.nic.in
Web: www.cipranchi.nic.in

कांके, रांची - 834006, झारखण्ड
Kanke, Ranchi - 834006, Jharkhand.

सूचना

दिनांक/Dated: 16/09/2026

निदेशक, केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान, रांची, निदेशक, केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान, भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीनियर रेसिडेंट, मनोरोग सामाजिक कार्य ट्यूटर एवं नैदानिक मनोविज्ञान ट्यूटर के पदों पर अधिकतम 03 वर्षों के लिए कार्यकाल के आधार पर आवेदन-पत्र आमंत्रित करते हैं. रिक्त पदों का विवरण इस प्रकार है.

क्र. सं.	रिक्त पदों का नाम	रिक्त पदों की संख्या एवं विवरण	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	परीक्षा की तिथि
1.	सीनियर रेसिडेंट (i) मनश्चिकित्सा	04 पद (UR-02, SC-01 & OBC-1) (Horizontal Category PWD-1) Suitable category of Benchmark Disabilities (SLD & MD)	संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन को देखें: www.cipranchi.nic.in.	
	(ii) न्यूरोलॉजी	04 पद (UR- 01, OBC-02, SC-1)		
	(iii) रेडियो डायग्नोसिस	01 पद (UR-01)		
	(iv) अनेस्थीसियोलॉजी	01 पद (UR- 01)		
2.	मनोरोग सामाजिक कार्य ट्यूटर	02 पद (UR-1 & SC-1)		
3.	नैदानिक मनोविज्ञान ट्यूटर	01 पद (SC-1)		

इच्छुक उम्मीदवार उल्लिखित दिनांक को होने वाली लिखित परीक्षा एवं विभागीय मूल्यांकन के लिए आवेदन निर्धारित फॉर्मेट में अपनी हाल ही में खींची गई फोटो, योग्यता, अनुभव, जाति इत्यादि से संबंधित प्रमाणपत्रों की छाया प्रति के साथ डाक द्वारा/हाथों-हाथ या संस्थान के E-mail Id **director@cipranchi.nic.in** पर भेज सकते हैं ताकि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक आवेदन संस्थान में प्राप्त हो सके. उसके बाद के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा. विस्तृत विज्ञापन एवं तत्संबंधी आगामी शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, के लिए संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट **www.cipranchi.nic.in** नियमित रूप से देखें.

CBC 17155/11/0001/2627 EN 28/59 निदेशक/Director

करेंसी नोट प्रेसः नासिक

(सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की एक इकाई)
मिनीरत्न श्रेणी-I, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई)
(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी)
आईएसओ 9001:2015 एवं आईएसओ 14001:2015 प्रमाणित इकाई
जेल रोड, नासिक रोड,(महाराष्ट्र)-422 101

करेंसी नोट प्रेस (एसपीएमसीआईएल की एक इकाई), नासिक (महाराष्ट्र), मिनीरत्न श्रेणी-I केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई),जो भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व में है, निम्नलिखित पदों पर निश्चित अवधि के संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है:

1) विज्ञापन संख्या सीएनपी/एचआर/कंसल्टेंट (सिविल)-अनुबंधात्मक/03/2026 :

1. निश्चित अवधि के लिए संविदा आधार पर सलाहकार (सिविल) के 01 पद पर नियुक्ति के लिए वॉक्-इन इंटरव्यू का विज्ञापन.
2. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आवेदन प्रारूप, कर्तव्य एवं मॉडल अनुबंध, पारिश्रमिक तथा अनुबंध की अवधि आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट **https://cnpnashik.spmcil.com** देखें.
3. **आयु सीमा:** आवेदन की अंतिम तिथि अर्थात 12-10-2026 को सलाहकार की आयु 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.
4. इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि के प्रमाण में मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उनकी एक प्रति स्व-सत्यापित फोटो प्रतियों का सेट अवश्य लाएं.
5. वॉक्-इन इंटरव्यू का दिनांक एवं समयः12/10/2026, **प्रातः 09:00 बजे से दोपहर** 01:00 बजे तक
6. स्थानः करेंसी नोट प्रेस, जेल रोड, नासिक (महाराष्ट्र)-422 101

नोटः वॉक्-इन इंटरव्यू के समय उम्मीदवार को पहचान प्रमाण के रूप में आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा.

2) विज्ञापन संख्या सीएनपी/एचआर/कंसल्टेंट (सिविल)-एमपैनलमेंट/04/2026

> करेंसी नोट प्रेस, नासिक (महाराष्ट्र) में सिविल कार्य पैनल हेतु आवश्यकता के आधार पर दैनिक कार्य के लिए 02 सलाहकार (सिविल) को "पैनल में शामिल" किया जाना है.

1. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आवेदन प्रारूप, कर्तव्य एवं मॉडल अनुबंध, मानदेय तथा अनुबंध की अवधि आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट **https://cnpnashik.spmcil.com** देखें.
2. **आयु सीमा:** आवेदन की अंतिम तिथि अर्थात 15-10-2026 को सलाहकार की आयु 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.
3. सलाहकार का चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ होना तथा क्षेत्रीय दौरे और तकनीकी निरीक्षण करने में सक्षम होना अनिवार्य है.
4. उम्मीदवारों को वेबसाइट **https://cnpnashik.spmcil.com** पर उपलब्ध **"आवश्यकतानुसार दैनिक आधार पर सिविल कार्य पैनल हेतु सलाहकार (सिविल) के रूप में पैनल में शामिल किए जाने के लिए आवेदन"** भरना होगा. आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न करके डाक के माध्यम से निम्नलिखित पते पर भेजना होगा:

मुख्य महाप्रबंधक, करेंसी नोट प्रेस, जेल रोड, नासिक रोड, नासिक (महाराष्ट्र) - 422 101

5. मुख्य महाप्रबंधक, करेंसी नोट प्रेस, नासिक (महाराष्ट्र) को आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 15/10/2026 है.
6. स्थानः करेंसी नोट प्रेस, जेल रोड, नासिक (महाराष्ट्र) - 422 101

उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन)
कृते मुख्य महाप्रबंधक

EN 28/71

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लिमिटेड

(भारत सरकार तथा सहभागी राज्य सरकारों का संयुक्त उद्यम)
गति शक्ति भवन, आईएनए, नई दिल्ली-110023

रिक्ति सूचना

(सं. 36/2026)

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लिमिटेड (NCRTC) निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

क्र. सं.	पद एवं वेतनमान	रिक्तियों की संख्या एवं श्रेणी	अधिकतम आयु (वर्ष)	योग्यता	भर्ती का तरीका
1.	सहायक प्रबंधक/परिचालन रु. 50,000-1,60,000 (E2)	02 (UR)	40 वर्ष	अनिवार्यः पूर्णकालिक इंजीनियरिंग स्नातक	सीधी भर्ती

- आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि NCRTC की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत रिक्ति सूचना के अनुसार होगी.
- यह एक सांकेतिक विज्ञापन है. अनुभव, पात्रता मानदंड, आवेदन-प्रपत्र, पदों/विषयों को जोड़ने अथवा हटाने, संशोधनों तथा शुद्धिपत्र आदि से संबंधित अधिक जानकारी के लिए NCRTC की वेबसाइट www.ncrtc.in के 'Career' अनुभाग में रिक्ति सूचना सं. 36/2026 देखें.

EN 28/67

राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण और विकास बैंक
मानव संसाधन विभाग, मुंबई
www.nabfid.org

उपाध्यक्ष – मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सिसो) की (संविदा पर) भर्ती

राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण और विकास बैंक, संसद के एक अधिनियम, 2021 के तहत स्थापित, देश में अवसंरचनात्मक वित्तपोषण की प्रमुख इकाई है। यह संस्थान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा एक अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान (एआईएफआई) के रूप में विनियमित और पर्यवेक्षित है। यह संस्थान बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण का समर्थन करने में एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इसके लिए, यह नए तरह के फाइनेंसिंग इंस्ट्रूमेंट्स, बॉन्ड और डेरिवेटिव्स मार्केट को विकसित करने और फाइनेंसिंग व डेटा–आधारित जोखिम प्रबंधन में सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना है।

भारतीय नागरिकों से संविदा पर कार्य करने हेतु नीचे दिए गए विवरण के अनुसार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्र.सं.	पद / श्रेणी	विज्ञापन सं.	रिक्ति
1.	उपाध्यक्ष – मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीसो)	NaBFID/REC/VP/ 2026-27/02	01 (अना.)

1. पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, कार्य विवरण आदि), रिक्ति और अन्य विवरण के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट **https://nabfid.org/careers** पर जाएँ अथवा **क्यूआर कोड स्कैन करें।**
2. आवेदन करने से पूर्व पात्रता और अन्य विवरण सुनिश्चित करने के लिए कृपया विस्तृत विज्ञापन देखें। आवेदन **29/09/2026** से शुरू है।
3. वेतन का निर्धारण अर्हता, अनुभव, उपयुक्तता, अंतिम आहारित वेतन, बाजार के आधार पर, विज्ञापन के अनुसार पेशकश की जाएगी। अन्य जानकारी के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञापन देखें।
4. इस संबंध में कोई भी परिशिष्ट/ शुद्धिपत्र/संशोधन केवल संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।
5. चयन पूरी तरह से बैंक के विवेक पर होगा, और उसका निर्णय अंतिम होगा।

मुंबई — कार्यपालक उपाध्यक्ष (मानव संसाधन)

EN 28/58

सं. A-22011/1/2026-ISCS(A) (3798395)
भारत सरकार

अंतर्राज्यीय परिषद सचिवालय
गृह मंत्रालय

अंतर्राज्यीय परिषद सचिवालय (आईएससीएस), गृह मंत्रालय में संविदा आधार पर दो **युवा पेशेवरों** की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. विस्तृत जानकारी के लिए सचिवालय की वेबसाइट **https://interstatecouncil.gov.in** पर उपलब्ध रिक्ति परिपत्र देखें.

(राम बाबू जांगिड़)
भारत सरकार के अवर सचिव
दूरभाष: 23383102
ई-मेल: rb.jangir@gov.in

EN 28/81



भांडागारण विकास और विनियामक प्राधिकरण
भारत सरकार
एनसीयूआई भवन, चौथी मंजिल, 3, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रान्ति मार्ग
हौज़ खास, नई दिल्ली - 110016, दूरभाष -: 49536496, 49092978

Warehousing Development and Regulatory Authority
Government of India
NCUI Building, 4th Floor, 3, Siri Institutional Area, August Kranti Marg,
Hauz Khas, New Delhi - 110016, Tel. No. 49536496, 49092978

फा. सं. WDRA-HR0Dep(UST)/1/2023-HR/1826 दिनांक: 29.09.2026

भांडागारण विकास और विनियामक प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति/आमेलन के आधार पर पद हेतु भर्ती

भारत सरकार के भांडागारण विकास और विनियामक प्राधिकरण (WDRA) में निम्नलिखित पद को प्रतिनियुक्ति/आमेलन के आधार पर भरने के लिए केंद्र/राज्य सरकारों, केंद्रीय एवं राज्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, स्वायत्त/सांविधिक निकायों में कार्यरत पात्र कार्मिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्र. सं.	पद का नाम	प्रत्याशित रिक्तियों की संख्या
1.	अवर सचिव (तकनीकी) [वेतन स्तर-11: रु. 67,700–2,08,700/- (7वां केंद्रीय वेतन आयोग)]	01

विस्तृत जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट **www.wdra.gov.in** पर देखी जा सकती है.
वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 12.11.2026 को अथवा उससे पहले इस अधिकारी को प्रस्तुत किया जा सकता है:
उप निदेशक (मानव संसाधन), भांडागारण विकास और नियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली
कोई शुद्धिपत्र आदि होने पर उसे WDRA की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा.

(विनीता सोलोमन)
सहायक निदेशक (मानव संसाधन)

EN 28/70

शाकीय विज्ञान संभाग, आईसीएआर – भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
Division of Vegetable Science
ICAR - Indian Agricultural Research Institute
नई दिल्ली / NEW DELHI-110 012

वॉक्-इन-इंटरव्यू

आईसीएआर – भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के शाकीय विज्ञान संभाग, पूसा, नई दिल्ली-110012 में निम्नलिखित परियोजनाओं हेतु **युवा प्रोफेशनल - II (YP - II)** के एक (01) तथा सीनियर रिसर्च फेलो (एसआरएफ) के एक (01) पद के लिए वॉक्-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा :

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	परियोजना का विवरण	साक्षात्कार की तिथि एवं समय
1.	युवा प्रोफेशनल-II (YP - II)	एक (01)	DUS Centre for Broccoli	02.11.2026, प्रात: 10:00 बजे
2.	सीनियर रिसर्च फेलो (एसआरएफ)	एक (01)	CRPHT (Cauliflower)	02.11.2026, प्रात: 10:00 बजे

उक्त पद पूर्णत: संविदात्मक आधार पर हैं तथा परियोजना की समाप्ति के साथ स्वत: समाप्त हो जाएंगे. विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी जैसे पारिश्रमिक, आवश्यक योग्यता, नियम एवं शर्तें, आवेदन प्रपत्र आदि हेतु संस्थान की वेबसाइट **www.iari.res.in** का अवलोकन करें.

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

EN 28/75

मुख्य अभियंता

इंजीनियरिंग विभाग, संघ शासित प्रदेश, चंडीगढ़

प्रथम तल, डीलक्स बिल्डिंग, सेक्टर-9 डी, चंडीगढ़-160009
टेलीफोन नं. 0172 2740091, 2740192, फैक्स - 0172 2740276
ई-मेल आईडी : ce-chd@nic.in

रिक्ति परिपत्र

इंजीनियरिंग विभाग, संघ शासित प्रदेश, चंडीगढ़ अधिसूचना दिनांक 30.05.2022 की शर्तों के अनुरूप प्रतिनियुक्ति आधार पर निम्नलिखित रिक्तियां एक वर्ष की अवधि के लिए, जो कि नियमों में प्रावधानों के अनुसार साधारणतः चार वर्ष से अधिक नहीं होगी, केंद्रीय सरकार/राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेश प्रशासनों/ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों/मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों/अर्द्ध सरकारी/ स्वायत्त संस्थाओं/वैधानिक संगठनों के अधीन अधिकारियों से भरने का इच्छुक है:

क्रम सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन मैट्रिक्स	समूह
1.	कार्यपालक अभियंता (इलेक्ट्रिकल)	02 (एक रिक्ति + एक संभावित)	(के.वे.आ. के अनुसार रु. 67700-208700, का स्तर-11)	समूह-क

प्रतिनियुक्ति के आधार पर पद के लिए आवेदन करने हेतु, अधिसूचित भर्ती नियमों के अनुसार विस्तृत पात्रता मानदंड और आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची (अनुलग्नक-I) कृपया चंडीगढ़ प्रशासन की वेबसाइट अर्थात **Chandigarh.gov.in/ Public Notice** पर देखें.

योग्य और इच्छुक अधिकारी, जिन्हें तत्काल कार्यमुक्त किया जा सके, उनके आवेदन निर्धारित प्रपत्र (संलग्नक-क) में उचित माध्यम से उपर्युक्त पते पर इस प्रकार भेजे जाएं कि वे रोजगार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 45 दिनों के भीतर या उससे पहले पहुंच जाएं. आवेदनों के साथ पिछले पांच वर्षों की वागोरि/एपीएआर की फोटोकॉपी भी संलग्न होनी चाहिए, जिन्हें कम से कम अवर सचिव या समकक्ष रैंक के अधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया हो. आवेदन अग्रेषित करते समय, कृपया यह प्रमाणित करें कि अधिकारी द्वारा दिए गए विवरण सही हैं और अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक या सतर्कता मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है, तथा नियोक्ता / संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा अधिकारी की सत्यनिष्ठा (अनुलग्नक-II) को भी प्रमाणित किया जाए. यह भी सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित अधिकारी के चयन की स्थिति में उन्हें उनके कर्तव्यों से कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

योग्यता और अनुभव से संबंधित आवश्यक प्रमाण पत्रों और दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदनों पर पात्रता के लिए विचार नहीं किया जाएगा, अर्थात ऐसे अपूर्ण आवेदनों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा.

उपरोक्त मानदंड के अनुरूप पात्र उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नामांकन रोजगार समाचार में रिक्ति परिपत्र के प्रकाशन पर 11.10.2026 से विचार में लिया जाना चाहिए और पद के लिए आवेदन करने/प्राप्त करने की **अंतिम तिथि 24.11.2026** है.

यह नोट कर लें कि प्रतिनियुक्ति आधार पर पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(आशु अरोड़ा)
सुपरिंटेंडेंट कैपिटल,
कार्यालय मुख्य अभियंता, संघ शासित प्रदेश, चंडीगढ़
टेली.नं. : 0172 (2740029)

EN 28/65

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी)

आर्थिक सलाहकार का कार्यालय

प्रतिनियुक्ति के आधार पर आर्थिक अधिकारी के पदों की रिक्ति

आर्थिक सलाहकार कार्यालय, डीपीआईआईटी में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 (रु. 44,900-1,42,400) में समूह 'ख' राजपत्रित **आर्थिक अधिकारी** के 02 (दो) पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए केंद्र सरकार के पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

पद, पात्रता शर्तों, अर्हताओं, अनुभव तथा अन्य विवरणों की जानकारी विस्तृत रिक्ति परिपत्र में उपलब्ध है.

इच्छुक एवं पात्र अधिकारी अपेक्षित दस्तावेजों सहित अपने आवेदन निर्धारित समय-सीमा के भीतर उचित माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं.

विस्तृत रिक्ति परिपत्र, अंतिम तिथि तथा आवेदन प्रारूप के लिए कृपया डीपीआईआईटी/आर्थिक सलाहकार कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइटों पर जाएं: **https://eaindustry.nic.in, https://www.dpiit.gov.in**

डॉ. बिकास के. मलिक
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
आर्थिक सलाहकार कार्यालय,
डीपीआईआईटी
जीपीओए-3, नई दिल्ली
A-12034/10/2020-ADMIN-I

EN 28/17

नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर

तकनीकी सहयोग संस्थान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेन्टर (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, निम्नलिखित पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है :

क्र. सं.	पद का नाम	रिक्तियों की संख्या	आयु	मुआवजा
1.	कन्सल्टेंट – ईडी सेक्रेटेरिएट	01	45 वर्ष और उससे कम	रू. 60,000/– से 1,20,000/– के मध्य

योग्यता और अनुभव : आवश्यक योग्यता और अनुभव के विवरण के साथ टर्म्स ऑफ रेफरेन्स (टीओआर) **www.nhsrcindia.org**, **www.mohfw.gov.in** और **www.devnetjobsindia.org** पर उपलब्ध हैं। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही जमा किए जाने चाहिए (जैसा कि वेबसाइट पर उल्लिखित है)। आवेदन की अंतिम तिथि: **20 अक्टूबर 2026**

कृते प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, एनएचएसआरसी

EN 28/57

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
BANARAS HINDU UNIVERSITY

An Institution of National Importance established by an Act of Parliament

विज्ञापन संख्या: 04/2024-25

(कृषि विज्ञान केंद्र (KVK), RGSC, **बरकच्छा और विभिन्न** ICAR-AICRPs **प्रोजेक्ट्स के तहत वैज्ञानिक तकनीकी और गैर-शिक्षण पद)**

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), आरजीएससी, बरकछा और विभिन्न आईसीएआर–एआईसीआरपी परियोजनाओं के तहत वैज्ञानिक / तकनीकी और गैर–शिक्षण के पदों पर भारत सरकार की मानक शर्तों के अनुसार नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि **22.10.2026** है। डाउनलोड किया गया आवेदन पत्र अनुलग्नकों के साथ कुलसचिव कार्यालय (चयन एवं आंकलन प्रकोष्ठ) होलकर भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी – 221005 को **27.10.2026** तक अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

निर्धारित योग्यता एवं अन्य निर्देशों के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.bhu.ac.in/rac** देखें।

दिनांक: **19.09.2026**

कुलसचिव

EN 28/53

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्या.)

18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016

Kendriya Vidyalaya Sangathan (Hqrs.)

18, Institutional Area, SJS Marg, New Delhi-110016
Ph. 26564294, Fax: 26514179
www.kvsangathan.nic.in

विज्ञापन संख्या 04/2026

केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रतिनियुक्ति के आधार पर अधीक्षण अभियंता के पद को भरा जाना

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं), जो कि शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है, प्रतिनियुक्ति के आधार पर अधीक्षण अभियंता का 01 (एक) पद वेतन स्तर-13 को भरने हेतु इच्छुक है. अधिक जानकारी अर्थात पात्रता मानदंड, योग्यता तथा निबंधन एवं शर्तों के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन की वेबसाइट: **www.kvsangathan.nic.in** देखें.

(दीपेश गहलोत)
अपर आयुक्त (प्रशासन)

EN 28/19



ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन निगमित निकाय)
चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम, नई दिल्ली-110066
वेबसाइट: www.beeindia.gov.in दूरभाष: 011-26766700

LiFE Lifestyle for Environment

रिक्ति परिपत्र

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा निम्नलिखित तकनीकी और गैर-तकनीकी पदों के लिए निर्धारित योग्यता रखने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है.

क्रम सं	पद का नाम	वेतन मैट्रिक्स (7वां सी पी सी) में स्तर	भर्ती का स्वरूप	पदों की संख्या
1	**संयुक्त निदेशक (तकनीकी)**	स्तर – 12	प्रतिनियुक्ति द्वारा	08
2	**संयुक्त निदेशक (गैर-तकनीकी)**	स्तर – 12	प्रतिनियुक्ति द्वारा	01
3	**उप निदेशक (तकनीकी)**	स्तर – 11	प्रतिनियुक्ति द्वारा	11
4	**उप निदेशक (गैर-तकनीकी)**	स्तर – 11	प्रतिनियुक्ति द्वारा	01
5	**सहायक निदेशक (वित्त)**	स्तर – 10	प्रतिनियुक्ति द्वारा	01
6	**सहायक निदेशक (मानव संसाधन)**	स्तर – 10	प्रतिनियुक्ति द्वारा	01

* आवश्यकता के अनुसार पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है.

कृपया शैक्षणिक योग्यताओं, आयु, अनुभव, कार्य की आवश्यकताओं और आवेदन प्रपत्र संबंधी विवरण के लिए **www.beeindia.gov.in** देखें. **निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, आवश्यक कागजातों के साथ रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन से 30 दिनों के भीतर सचिव, बीईई के कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए .**

नोट: जिन उम्मीदवारों ने इसके पहले दिनांक 06 जून, 2026 को प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन किए हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की अवश्यकता नहीं है. उनके आवेदनों पर इस विज्ञापन के संदर्भ में प्राप्त आवेदनों के साथ विचार किया जाएगा .

सचिव,
बीईई

"स्मार्ट बनें, इंडक्शन पर खाना बनाएं,"

CBC 34106/11/0015/2627

EN 28/90

भारतीय तटरक्षक

भर्ती निदेशालय

सी-1, फेज-2, औद्योगिक क्षेत्र, सैक्टर-62, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201309

समूह 'ख' असैन्य कार्मिकों की भर्ती 2026

आवेदन प्रारंभ होने की तिथि	10 अक्टूबर 26
आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि	24 नवंबर 26

1. भारतीय तटरक्षक सीधी भर्ती के माध्यम से निम्नलिखित रिक्तियों को भरने हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से अनुलग्नक-1 पर दिए गए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है :-

पद का नाम एवं वर्गीकरण क.	पे लेवल ख.	पदों की संख्या / श्रेणी ग.	आवश्यक योग्यता घ.	आयु सीमा ड़.	रिक्ति का स्थान च.
चार्जमैन सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ख' अराजपत्रित, अलिपिकवर्गीय	स्तर 06	03 (02 अना., 01 अजा. एवं 01 पीडब्ल्यूबीडी*)	1.1 किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से यांत्रिकी या इलेक्ट्रिकल या समुद्री या इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरी या उत्पादन इंजीनियरी में डिप्लोमा. 1.2 पोत मरम्मत (हल रिपेयर) या साधारण इंजीनियरी और/या इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेडों में दो वर्ष का अनुभव..	**न्यूनतम आयु**- 18 वर्ष **अधिकतम आयु** - 30 वर्ष	ओखा, दिगलीपुर, तथा न्यू मैंगलोर

*- यह केवल 'बी' श्रेणी के पीडब्ल्यूबीडी अर्थात श्रवण बाधित व्यक्तियों, के लिए आरक्षित होगा.

नोट:-

1. उपर्युक्त दर्शायी गई रिक्तियां अस्थायी है तथा सेवा की आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तित हो सकती हैं.
2. सेवा की आवश्यकताओं के अनुसार नियुक्ति/तैनाती का स्थान भी परिवर्तित हो सकता है.
3. **चयनित होने पर आवेदक भारत में मुख्यभूमि या अंडमान एवं निकोबार / लक्ष्यद्वीप द्वीपों में कहीं भी सेवा करने के लिए उत्तरदायी होंगे.**
2. **आयु सीमा में छूट:** आरक्षित रिक्तियों के लिए अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को 05 वर्ष की छूट दी जाएगी (15 वर्ष अनुसूचित जाति पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी के लिए) और पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी के लिए 10 वर्ष की छूट दी जाएगी. केंद्रीय सरकार द्वारा जारी निर्देशों या आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों को अधिकतम पाँच वर्ष की छूट दी जाएगी.

नोट:- आयु सीमा की गणना आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएगी.

3. **कार्यों की प्रकृति:**

3.1 तटरक्षक पोतों पर विभिन्न सिस्टमों और उपस्करों के अनुरक्षण एवं मरम्मत की देख रेख चार्जमैन करता है जिसमें इलेक्ट्रिकल, मेकेनिकल तथा इलेक्ट्रोनिक सिस्टम सम्मिलित हैं.

3.2 उपस्करों के अनुरक्षण तथा मरम्मत से संबंधित मामलों में तटरक्षक कार्मिकों को चार्जमैन तकनीकी मार्गदर्शन तथा सहायता प्रदान करता है एवं यह सुनिश्चित करता है कि सभी अनुरक्षण और मरम्मत कार्य स्थापित प्रक्रियाओं तथा मानकों के अनुसार किए जाए.

3.3 तकनीशियनों एवं अन्य कार्मिकों के एक दल का प्रबंधन चार्जमैन करता है जिससे कि अनुरक्षण का कार्य कुशलतापूर्वक तथा प्रभावी ढंग से होना सुनिश्चित किया जा सके.

3.4 चार्जमैन उपस्करों का नियमित निरीक्षण करता है ताकि किसी भी दोष या समस्या की पहचान एवं सुधार किया जा सके तथा यह सुनिश्चित किया जा सके कि तटरक्षक के अभियानों में उपयोग के लिए सभी उपस्कर सदैव तैयार स्थिति में हों.

3.5 भारतीय तटरक्षक में चार्जमैन के पद के लिए उच्च स्तर के तकनीकी ज्ञान एवं विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है तथा यह अत्यधिक चुनौतीपूर्ण एवं संतोषजनक है.

नोट: उपर्युक्त कार्य व्यापक नहीं है और केवल सांकेतिक हैं. यूनिट या विभाग या अनुभाग इन कार्यों की सूची में सामान्यतः इस स्तर के कार्मिकों द्वारा किए जाने वाले अन्य कार्य जोड़ सकते हैं.

4. **आवेदन कैसे करें:** आवेदन पत्र अनुलग्नक-1 में दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार अंग्रेजी अथवा हिंदी में भरा जाना चाहिए. विधिवत स्व सत्यापित रंगीन फोटोग्राफ चिपकाए हुए आवेदन पत्र के साथ नीचे सूचीबद्ध दस्तावेजों की फोटो प्रतियां नाम एवं तारीख के साथ विधिवत स्व सत्यापित होनी चाहिए. **आवेदन पत्र के साथ कोई भी मूल प्रमाण पत्र नहीं भेजा जाना चाहिए.**

4.1 आधार कार्ड.

4.2 मैट्रिक (दसवीं) या समकक्ष की अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र.

4.3 उपर्युक्त पैरा 01 में उल्लिखित आवश्यक योग्यता के अनुसार स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा की अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र .

4.4 आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए नवीनतम श्रेणी प्रमाण पत्र.

4.5 उपर्युक्त पैरा 01 में उल्लिखित अनुभव प्रमाण पत्र.

4.6 पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)

4.7 वर्तमान में किसी सरकारी संगठन में कार्यरत अभ्यर्थियों के लिए नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो). सरकारी सेवा वाले अभ्यर्थियों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन ओ सी) प्रस्तुत करना आवश्यक है. अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन ओ सी) प्रस्तुत करने में विफल होने वाले अभ्यर्थियों को अस्वीकृत किया जा सकता है तथा नियुक्ति पत्र जारी करने से पहले ही उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी.

4.8 पासपोर्ट आकार की 02 नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ .

4.9 आवेदकों को स्व-पता लिखे एक अलग रिक्त लिफाफे पर रु. 50/- के डाक टिकट चिपकाकर आवेदन पत्र के साथ भेजना है.

नोट :-

1. उपर्युक्त सभी दस्तावेज़ आवेदन करने की अंतिम तिथि अर्थात 24 नवंबर 26 या उससे पूर्व जारी होने चाहिए.
2. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को भारत सरकार के अधीन पद पर नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रारूप के अनुसार श्रेणी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा. प्रारूप अनुलग्नक – 2 पर दिये गए हैं.
3. पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र का प्रारूप अनुलग्नक 3 पर दिया गया है.

5. विधिवत भरा गया आवेदन पत्र उपर्युक्त पैरा 04 के अनुसार सभी आवश्यक संलग्नकों के साथ 24 नवंबर 26 तक साधारण डाक द्वारा निम्न पते पर भेजा जाना चाहिए. व्यक्तिगत रूप से या कूरियर द्वारा भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

महानिदेशक (कृते प्रधान निदेशक (भर्ती))
तटरक्षक मुख्यालय
भर्ती निदेशालय
सी-1, फेज-II, औद्योगिक क्षेत्र
सैक्टर - 62, नोएडा
उत्तर प्रदेश 201309

6. चयन का तरीका

6.1 **आवेदनों की जाँच.** अभ्यर्थियों से प्राप्त सभी आवेदनों में उपर्युक्त वर्णित आवश्यक दस्तावेजों एवं पात्रता मानदंडों की जाँच की जाएगी एवं केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे जिनके आवेदन सत्यापित किए गए है और सही पाए गए हैं. शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आवेदन के साथ संलग्न लिफाफे में डाक द्वारा भेजे जाएंगे तथा शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की एक सूची भारतीय तटरक्षक की वेबसाइट **www.indiancoastguard.gov.in** पर भी प्रकाशित की जाएगी.

6.2 **दस्तावेज़ सत्यापन.** शॉर्टलिस्ट किए गए सभी अभ्यर्थी जिनको प्रवेश पत्र जारी किया गया है, को परीक्षा के दिन दस्तावेज़ सत्यापन से गुजरना होगा. अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र में उल्लिखित अपने मूल दस्तावेज़ लाना होगा. सभी दस्तावेज़ आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अर्थात 24 नवंबर 26 से पूर्व जारी किए हुए होने चाहिए.

6.3 **लिखित परीक्षा.** सभी शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के आधार पर लिखित परीक्षा से गुजरना होगा. लिखित परीक्षा पेन-पेपर आधारित होगी. लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र (द्विभाषी) में 80 वैकल्पिक प्रकार के प्रश्न होंगे. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 01 अंक दिया जाएगा, ऋणात्मक अंकन नहीं होगा. विस्तृत पाठ्यक्रम, लिखित परीक्षा का प्रारूप एवं प्रश्न पत्र के लिए अंक योजना आगे के पैराग्राफों में दी गई है.

6.4 परीक्षा की सही तिथि/समय एवं स्थान शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को जारी किए प्रवेश पत्र पर सूचित किया जाएगा. परीक्षा केंद्र न्यू मैंगलोर तथा भुवनेश्वर में होंगे. हालाँकि, प्रशासनिक या तकनीकी कारणों से इसमें बदलाव किया जा सकता है.

6.5 लिखित परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों के अनुसार मेरिट में स्थिति के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी तथा आवश्यक निर्देशों के साथ भारतीय तटरक्षक की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी.

(शेष पृष्ठ 33 पर)

(पृष्ठ 32 का शेष)

7. लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम तथा प्रति विषय प्रश्नों की संख्या निम्नवत है :-

7.1 लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम.

7.1.1 **गणित** : गणितीय सरलीकरण, अनुपात एवं समानुपात, बीज गणितीय सर्वसमिकाएँ, रैखिक समीकरण एवं बहुपद, युगपत समीकरण, मूल त्रिकोणमिती, ब्याज, लाभ एवं हानि, प्रतिशतता, कार्य, समय, चाल एवं दूरी, सरल क्षेत्रमिति, ज्यामिति, केन्द्रीय प्रवृत्ति के माप (औसत, माध्यिका बहुलक) .

7.1.2 **English**: Passage, Preposition, Correction of sentences, Change active to passive/passive to active voice, Change direct to indirect/indirect to direct, Verbs / Tense/Non Finites, Punctuations, Substituting phrasal verbs for expression, Synonyms and Antonyms, meaning of difficult words. Use of adjectives, Compound preposition.

7.1.3 **सामान्य जागरूकता:** भूगोल मृदा, नदियाँ, पर्वत, पत्तन, अंतर्देशीय, बंदरगाह, संस्कृति एवं धर्म, स्वतंत्रता आंदोलन, भारत के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय तथ्य, विरासत, कला एवं नृत्य, इतिहास, रक्षा, युद्ध एवं पड़ोसी, पुरस्कार एवं लेखक, खोजें, रोग एवं पोषण, समसामयिक मुद्दे, भाषाएँ, राजधानी एवं मुद्राएँ, सामान्य नाम, पूर्ण रूप और संक्षिप्ताक्षर, प्रसिद्ध व्यक्तित्व, राष्ट्रीय पक्षी/ पशु/ खेल/पुष्प/राष्ट्रगान / गीत / ध्वज, क्रीडा प्रतियोगिताएं / विजेता/ टर्म्स (शब्द)/खिलाड़ियों की संख्या तथा सामान्य विज्ञान आदि.

7.1.4 **तर्कशक्ति:** स्थानिक, संख्यात्मक तर्कशक्ति और साहचर्य क्षमता, तार्किक तर्कशक्ति अनुक्रम, अक्षर विन्यास सुलझाना (स्पेलिंग अनस्क्रैबलिंग), कोडिंग तथा डीकोडिंग, बैठने की व्यवस्था, रक्त संबंध, असमानता, निर्णय क्षमता, इनपुट-आउटपुट.

7.1.5 **विज्ञान:** पदार्थ की प्रकृति, ब्रह्मांड, (ग्रह/पृथ्वी/उपग्रह/सूर्य), विद्युत एवं उसके अनुप्रयोग, बल एवं गुरुत्वाकर्षण, कार्य, ऊर्जा एवं शक्ति, ऊष्मा, तापमान, धातु एवं अधातु, कार्बन एवं उसके यौगिक, विज्ञान में मापन, ध्वनि एवं तरंग गति, परमाणु संरचना, भौतिक जगत एवं मापन, बलगतिकी, न्यूटन के गति के नियम एवं अनुप्रयोग, वृत्तीय गति, कणीय तंत्र की गति एवं दृढ़ पिण्ड, गुरुत्वाकर्षण, बल्क मैटर (स्थूल पदार्थ) के गुणधर्म, उष्मागतिकी, आदर्श गैस का व्यवहार एवं अणुगति सिद्धान्त, दोलन एवं तरंगे, स्थिर वैद्युतिकी, विद्युत धारा, धारा के चुंबकीय प्रभाव एवं चुंबकत्व, वैद्युत चुंबकीय प्रेरण एवं प्रत्यावर्ती धारा, वैद्युत चुंबकीय तरंगें, प्रकाशिकी, पदार्थ एवं विकिरण की द्वैत प्रकृति, परमाणु और नाभिक, सुचालक, अर्धचालक, एवं कुचालक: चुंबकीय पदार्थ: यू/जी कॉपर केबल एवं ओएफसी के लिए जोईंटिंग एवं क्लीनिंग मैटेरियल, सेल एवं बैटरियाँ (चार्ज करने योग्य एवं चार्ज करने योग्य नहीं), रिले, स्विच, एमसीबी एवं कनेक्टर, पी एन जंक्शन डायोड, थाइरिस्टर, डायोड एवं ट्रायोड सर्किट, जंक्शन ट्रांजिस्टर, एम्पलीफायर, दोलक, बहुकंपक (मल्टीवाइब्रेटर), काउंटर, रेक्टिफायर, इंवर्टर एवं यू पी एस.

7.2 लिखित परीक्षा का प्रारूप. प्रत्येक पद के लिए प्रति विषय प्रश्नों की संख्या निम्नानुसार है:-

क्र.	विषय क.	प्रश्नों की संख्या ख.	कुल अंक ग.	अवधि घ.	उत्तीर्ण अंक ङ
1	गणित	20	20	01 घंटा	अनारक्षित-40
2	विज्ञान	20	20		
3	सामान्य जागरूकता	15	15		अनुसूचित जाति - 36
4	अंग्रेजी	15	15		
5	मानसिक योग्यता / तर्क शक्ति	10	10		
	कुल	80	80		

8. अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश:-

8.1 पद के लिए आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें, कि वह विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता एवं अन्य मानदंडों को पूर्ण करते हैं. गलत/असत्य सूचना प्रस्तुत करने पर अयोग्य घोषित किया जाएगा और ऐसी गलत/असत्य जानकारी प्रस्तुत करने संबंधी किसी भी परिणाम या कानूनी कार्यवाही के लिए भारतीय तटरक्षक उत्तरदायी नहीं होगा.

8.2 यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई जानकारी असत्य पायी जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या भर्ती के बाद या भारतीय तटरक्षक में शामिल होने के बाद भी ऐसे अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है.

8.3 यह अनिवार्य है कि आवेदन भेजे जाने वाले लिफाफे पर ऊपर की ओर पद का नाम स्पष्ट रूप से बड़े अक्षरों में **"चार्जमैन के पद के लिए आवेदन"** लिखा जाए तथा जिस श्रेणी में आवेदन किया जा रहा है वह श्रेणी लिखी जाए. इस प्रकार से नहीं लिखे गए लिफाफे वाले आवेदन सरसरी तौर पर रद्द कर दिए जाएंगे.

8.4 निम्नलिखित कमियों वाले आवेदन सरसरी तौर पर खारिज कर दिए जाएंगे:-

8.4.1 अपूर्ण आवेदन.

8.4.2 आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को आवेदक विज्ञापन में उल्लिखित आयु सीमा से अधिक का पाया गया है.

8.4.3 ओवरराइटिंग/काँट छाँट/सुधार/संलग्नकों के अनुसार गलत जानकारी.

8.4.4 फोटोग्राफ नहीं चिपकाया गया हो.

8.4.5 उपर्युक्त पैरा 04 में सूचीबद्ध दस्तावेजों की स्व-सत्यापित फोटो प्रतियाँ संलग्न नहीं पाई गई.

8.4.6 एक अलग स्व-पता लिखा रिक्त लिफाफा जिस पर 50 रुपए के डाक टिकट चिपके हों, आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं होने पर.

8.5 सरकारी विभागों में कार्यरत अभ्यर्थियों को अपना आवेदन पत्र संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ आवेदन प्राप्त होने की नियत तिथि से पहले उचित माध्यम से अग्रेषित करना चाहिए.

12.	मैकेनिक मशीन टूल अनुरक्षण	मैकेनिक मशीन टूल अनुरक्षण	2	1	1	0	0		
13.	मैकेनिक मैकेट्रॉनिक्स	मैकेनिक मैकेट्रॉनिक्स (अथवा) मैकेनिक मशीन टूल अनुरक्षण	11	6	3	1	1		
14.	मैकेनिक मोटर वाहन	मैकेनिक मोटर वाहन	2	1	1	0	0		
15.	मैकेनिक रेफ्र. और एसी	मैकेनिक रेफ्र. और एसी	6	2	2	1	1		
16.	ऑपरेटर एडवांस मशीन टूल	ऑपरेटर एडवांस मशीन टूल (अथवा) मशीनिस्ट((अथवा) टर्नर	3	2	1	0	0		
17.	पेंटर (जनरल)	पेंटर (जनरल)	5	2	2	1	0		
18.	पाइप फिटर	प्लंबर	5	2	2	1	0		
19.	शीट मेटल वर्कर	शीट मेटल वर्कर	2	1	1	0	0		
20.	शिपराइट वुड	बढ़ई (अथवा वुड वर्क तकनीशियन)	9	4	3	2	0		
21.	टेलर (जनरल)	सिलाई प्रौद्योगिकी (अथवा) ड्रेस मेकिंग	5	2	1	1	1		
22	वेल्डर (गैस और इलेक्ट्रिक)	वेल्डर	9	4	3	2	0		
23.	टिग/मिग वेल्डर	सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्कीम और एडवांस्ड मॉडयूल ऑफ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्कीम के तहत टिग/मिग वेल्डिंग (अथवा) वेल्ड् में फैब्रिकेशन (फिटिंग और वेल्डिंग) में ब्रॉड बेस्डी बुनियादी प्रशिक्षण.	5	2	2	1	0		
	कुल (क)		161	76	53	23	9		
दो वर्ष का प्रशिक्षण:-									
24.	शिपराइट स्टील	फिटर	7	3	2	1	1		
25.	क्रेन ऑपरेटर ओवरहैड (स्टील उद्योग) (15 माह)	10वीं उत्तीर्ण (फ्रेशर)	2	1	1	0	0		
26.	फोर्जर एवं हीट ट्रीटर	10वीं उत्तीर्ण (फ्रेशर)	5	2	1	1	1		
27.	रिगर	8वीं उत्तीर्ण (फ्रेशर)	5	2	1	1	1		
	कुल (ख)		19	8	5	3	3		
	कुल जोड़ (क) + (ख)		180	84	58	26	12	6	6

1.2. **नेवल एअरक्राफ्ट यार्ड (गोवा), डाबोलिम, गोवा में रिक्तियां:-** इन रिक्तियों का विकल्प देने वाले उम्मीदवारों के लिए प्रशिक्षण नेवल एअरक्राफ्ट यार्ड (गोवा), डाबोलिम, गोवा में संचालित किया जायेगा.

एक वर्ष का प्रशिक्षण:-

क्रम सं.	प्रशिक्षुता ट्रेड क.	आईटीआई ट्रेड पात्रता ख.	प्रति ट्रेड अधिकतम रिक्तियां ग.	कुल घ.
1.	शिपराइट वुड	बढ़ई	02	कुल 30
2.	कम्प्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक	कम्प्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक	02	
3.	इलेक्ट्रिशियन	इलेक्ट्रिशियन	05	
4.	इलेक्ट्रिशियन एअरक्राफ्ट	इलेक्ट्रिशियन	05	
5.	इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक	इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक	05	

(शेष पृष्ठ 42 पर)

(पृष्ठ 41 का शेष)

क्रम सं.	प्रशिक्षुता ट्रेड क.	आईटीआई ट्रेड पात्रता ख.	प्रति ट्रेड अधिकतम रिक्तियां ग.	कुल घ.
6.	सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली अनुरक्षण	सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली अनुरक्षण (अथवा) सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रणाली अनुरक्षण अथवा कम्प्यूटर के हार्डवेयर और पेरिफेरात्स की मरम्मत और अनुरक्षण में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्कीम और एडवांस्ड मॉडयूल ऑफ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्कीम के तहत सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में ब्रॉड बेस्ड बुनियादी प्रशिक्षण	02	कुल 30
7.	इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक	इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक	02	
8.	मशीनिस्ट	मशीनिस्ट	05	
9	मैकेनिक इंस्ट्रूमेंट एअरक्राफ्ट	इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक	05	
10.	मैकेनिक रडार एवं रेडियो एअरक्राफ्ट	इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक (अथवा) मैकेनिक औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स (अथवा) मैकेनिक उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (अथवा) तकनीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम	05	
11.	पेंटर (जनरल)	पेंटर (जनरल)	02	
12.	शीट मेटल वर्कर	शीट मेटल वर्कर	02	
13.	वेल्डर (गैस एवं इलेक्ट्रिकल)	वेल्डर	02	

अना-अनारक्षित, अपिव-अन्य पिछड़ा वर्ग, अजा-अनुसूचित जाति, अजजा-अनुसूचित जनजाति, पीडब्ल्यूबीडी-बेंचमार्क निःशक्तता ग्रस्त व्यक्ति (100 प्रतिशत निःशक्तता ग्रस्त उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सक्षम अनुदेशकों/सुविधा की अनुपलब्धता के कारण प्रशिक्षुता के लिए आवेदन न करें. यदि आवेदन किया जाता है, आगे बगैर किसी पत्राचार के आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिया जायेगा) भूतपूर्व सैनिक-सशस्त्र बल कार्मिकों/भूतपूर्व सैनिकों के बच्चे/भूतपूर्व सैनिक

टिप्पणीः-

(क) यदि उम्मीदवार किसी ट्रेड विशेष के लिए विज्ञापित रिक्तियों से कम संख्या में अर्हता प्राप्त करते हैं, उस ट्रेड की रिक्तियों को निरस्त कर दिया जायेगा और ओवरऑल मैरिट तथा श्रेणी के आधार पर अन्य ट्रेडों में पुनःनियोजित किया जायेगा. पुनर्नियोजन के बाद, किसी ट्रेड में कुल रिक्तियां नौसेना डॉकयार्ड, कारवाड़ के लिए प्रकाशित रिक्तियों की कुल संख्या के अलावा 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगी.

(ख) यदि किसी आरक्षण श्रेणी के लिए चिन्हित कोई रिक्ति सुयोग्य उम्मीदवारों की अनुपलब्धता के कारण नामांकन वर्ष के दौरान नहीं भरी जा पाती हैं, ऐसी रिक्ति को बैकलॉग के तौर पर अगले नामांकन वर्ष के लिए कैरीड फारवर्ड नहीं किया जायेगा. इसके अलावा संगत श्रेणी/ट्रेड में उम्मीदवारों के अनुपलब्धता के कारण, ऐसी खाली रिक्ति को इस श्रेणी से संबंधित नहीं होने वाले उम्मीदवारों से उस वर्ष की मैरिट सूची में उपलब्ध अनारक्षित पूल से भर दिया जायेगा जिससे कि प्रशिक्षण अवसंरचना का अधिकतम उपयोग और प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 में निर्धारित किए अनुसार कुशल मानवशक्ति के राष्ट्रीय पूल में भी योगदान किया जा सके.

(ग) **प्रशिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि.** प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए चयनित उम्मीदवारों को समय-समय पर यथा संशोधित प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 और इसके अधीन बनाए गए नियमों की निबंधन एवं शर्तों के अनुरूप प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन स्कीम (एनएपीएस) के अनुरूप ऑनलाइन प्रशिक्षुता पोर्टल के जरिए नियोक्ता के साथ अनुबंध निष्पादित करना अपेक्षित होगा.

(घ) जब किसी प्रशिक्षु ने स्वास्थ्य या वित्तीय कठिनाई या स्थान परिवर्तन, परिवहन या कॅरियर में बदलावों या भाषा की बाधा के कारण पूर्ववर्ती प्रशिक्षुता को समाप्त कर दिया है, तो उस पर समान नियोक्ता या किसी अन्य नियोक्ता के साथ प्रशिक्षुता का अन्य अनुबंध करने के लिए प्रशिक्षुता से पहले तीन माह की प्रतीक्षा अवधि लागू होगी. महिलाओं के लिए कोई प्रतीक्षा अवधि नहीं होगी.

(ड़) कोई व्यक्ति अधिकतम दो प्रशिक्षुता प्रशिक्षण में शामिल हो सकता है और दूसरा प्रशिक्षण समान ट्रेड में नहीं होगा. केंद्रीय सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली वृत्तिका की लागत केवल पहली बार प्रशिक्षण तक सीमित होगी.

2. पात्रता शर्तें.

2.1. शैक्षणिक अर्हता.

क्रम सं.	ट्रेड क.	अर्हता ख.	प्रतिशतता ग.
1.	आईटी ट्रेड	Xवीं श्रेणी और आईटीआई (एनसीवीटी/ एससीवीटी)	उत्तीर्ण
2.	गैर-आईटीआई ट्रेड (क्रेन ऑपरेटर ओवरहेड (इस्पात उद्योग) और फोर्जर एवं हीट ट्रीटर)	Xवीं श्रेणी	उत्तीर्ण
3.	गैर-आईटीआई ट्रेड (रिगर)	VIIIवीं श्रेणी	उत्तीर्ण

टिप्पणीः- **Xवीं/ VIIIवीं.** जहां कहीं स्कूल/बोर्ड ग्रेड/सीजीपीए आदि प्रदान करते हैं, इसका बोर्ड द्वारा अपनाये गये नियमों के अनुरूप समकक्ष अंक प्रतिशतता का उल्लेखख करना होगा. इसके बगैर उम्मींदवारी पर विचार नहीं किया जायेगा.

इसी प्रकार जिन उम्मीदवारों ने ऐसे मान्यताप्राप्त बोर्ड/संस्थान से अर्हता उत्तीर्ण की है जिसमें 'ग्रेड प्वाइंट' प्रणाली लागू है तो उन्हें आवेदन करने से पहले उपयुक्त प्राधिकारी से अंकों की प्रतिशतता में परिवर्तित कराना होगा.

2.2. आयुः कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के कार्यालय ज्ञापन सं. एफ नं. एमएसडीई-14(03)/2021 एपी-(पीएमयू) दिनांक 20 दिसंबर 21 के अनुरूप प्रशिक्षुता के लिए आयु की कोई सीमा नहीं है. प्रशिक्षु के तौर पर नामांकन के लिए प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 के अनुसार **12 अप्रैल 27** को प्रशिक्षण आरंभ होने की तिथि को न्यूनतम आयु गैर खतरनाक ट्रेडों के लिए 14 वर्ष और खतरनाक ट्रेडों के लिए 18 वर्ष है. तदनुसार **12 अप्रैल 2013** को या इससे पहले जन्मे उम्मीदवार गैर खतरनाक ट्रेडों के लिए और **12 अप्रैल 2009** को या इससे पहले जन्मेंन उम्मीदवार खतरनाक ट्रेडों के लिए पात्र हैं. उम्मीदवार को जानकारी होनी चाहिए कि नौसेना स्थापनाओं में कुशल ट्रेडसमैन के पद के लिए भर्ती नियमों में ऊपरी आयु सीमा निर्धारित है और यह नौसेना स्थापनाओं में कुशल ट्रेडसमैन के पद के लिए आवेदन करते समय डॉकयार्ड अप्रेंटिस स्कूल, कारवाड़ के पूर्व नौसेना प्रशिक्षुओं के लिए लागू होगी.

2.3. शारीरिक मानदंड. शारीरिक फिटनेस के मानदंड प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 और प्रशिक्षुता नियम 1992, अनुसूची-II के नियम 4 के अनुरूप होंगे. उम्मीदवारों को प्रशिक्षुता नियमों में विनिर्दिष्ट शारीरिक फिटनेस के न्यूनतम मानदंडों को पूरा करना चाहिए.

2.4. पूर्ववर्ती प्रशिक्षणः कोई व्यक्ति अधिकतम दो प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है और दूसरा प्रशिक्षण उसी ट्रेड में होगा. केंद्रीय सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली वृत्तिका की लागत केवल पहली बार के प्रशिक्षण तक सीमित होगी.

2.5. प्रशिक्षुता प्रशिक्षण की अवधिः प्रशिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि प्रशिक्षुता नियम 1992 के नियम 7 और अनुसूची 1 के अनुरूप होगी.

3. आरक्षण.

3.1. अजा/अजजा के लिएः प्रशिक्षुता नियम, 1992 के नियम 5 की अनूसूची IIए के साथ पठित प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 के अध्याय II के अनुच्छेद 3ए(1) और (2) के अनुरूप अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए रिक्तियां आरक्षित हैं, बशर्ते कि जब अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों में से किसी से भी संबंधित विनिर्दिष्ट संख्या में व्यक्ति यदि उपलब्ध नहीं होते हैं, उनके लिए आरक्षित प्रशिक्षण स्थानों को अनुसूचित जनजातियों से संबंधित व्यक्तियों अथवा जो भी मामला हो अनुसूचित जातियों से संबंधित व्यक्तियों से भरे जा सकते हैं और प्रशिक्षण स्थान यदि ऊपर दिए गए तरीके से भी नहीं भरे जाते हैं तो खाली प्रशिक्षण स्थानों को ऐसे व्यक्तियों से भर लिया जायेगा जो कि अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों से संबंधित नहीं हैं.

3.2. अपिव के लिएः अपिव उम्मीदवारों के लिए रिक्तियां प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 के अध्याय II के अनुच्छेद 3बी(1) और (2) तथा पत्र सूचना कार्यालय/भारत सरकार/सामाजिक न्याय

(शेष पृष्ठ 43 पर)

(पृष्ठ 42 का शेष)

और अधिकारिता मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 14 अगस्त 14 के अनुरूप आरक्षित हैं. यदि अन्य पिछड़ा वर्ग में रिक्तियां अपिव से नहीं भरी जा सकती हैं, तो इस तरह खाली रिक्तियों को ऐसे उम्मीदवारों से भर लिया जायेगा जो कि अन्य पिछड़ा वर्गों से संबंधित नहीं हैं.

3.3. बेंचमार्क निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी): पीडब्ल्यूबीडी अधिनियम 1995 और प्रशिक्षुता प्रशिक्षण मैन्युअल के अध्याय III के खंड 3.6.2 के अनुसार प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए कुल रिक्तियों का 3 प्रतिशत इनके लिए आरक्षित है. पीडब्ल्यूबीडी आरक्षण का लाभ लेने के लिए निःशक्तता का प्रतिशत 40 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए और सरकारी अस्पताल के चिकित्सा बोर्ड से जारी संगत नवीनतम वैध प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

3.4. सशस्त्र बल कार्मिक/भूतपूर्व सैनिक के बच्चे: प्रशिक्षुता प्रशिक्षण मैन्युअल के अध्याय III के अनुच्छेद 3.6.3 के अनुसार प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए कुल रिक्तियों का 3 प्रतिशत आरक्षित है.

4. वृत्तिका: प्रशिक्षुओं को प्रति माह देय न्यूनतम दर करिकुलम में शामिल अर्हताओं के अनुरूप होगी. प्रशिक्षुओं को देय वृत्तिका की दर प्रति माह निम्नानुसार होगी. (नामतः प्रशिक्षुता नियम, 1992 का नियम 11 प्रासंगिक है):-

क्रम सं.	श्रेणी/ट्रेड क.	प्रशिक्षण अवधि ख.	वृत्तिका (प्रति माह) ग.
1.	आईटीआई प्रमाणपत्र धारक	01-12 माह	रु. 9600/-
2.	क्रेन ऑपरेटर ओवरहैड (इस्पात उद्योग)	01 - 03 माह	रु. 4100/-
		04-12 माह	रु. 8200/-
		13-15 माह	रु. 9020/-
3.	फोर्जर और हीट ट्रीटर	01 - 03 माह	रु. 4100/-
		4 - 12 माह	रु. 8200/-
		13-24 माह	रु. 9020/-
4.	रिगर	01 - 03 माह	रु. 3400/-
		04-12 माह	रु. 6800/-
		13-24 माह	रु. 7480/-

5. आवेदन कैसे करें: इच्छुक पात्र उम्मीदवारों के लिए **www.apprenticeshipindia.gov.in** पर ऑनलाइन रजिस्टर करना अपेक्षित है. राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) के अधीन प्रशिक्षुता वेब पोर्टल पर पंजीकरण के लिए नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन करना होगा:-

5.1 पंजीकरण की यह प्रक्रिया आरंभ करने से पहले उम्मीदवार को यह अवश्य सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आधार में वर्णित नाम, जन्म तिथि और पिता के नाम का एसएससी प्रमाण पत्र के साथ मिलान होना चाहिए. अन्यथा एसएससी प्रमाणपत्र के अनुसार आधार कार्ड में विवरण में परिवर्तन कराएं.

5.2 वेब पोर्टल **www.apprenticeshipindia.gov.in** को लॉग ऑन करें. वेबसाइट का होम पेज खुल जायेगा.

5.3 होम पेज में उम्मीदवार लॉगिन/पंजीकरण मॉडयूल पर क्लिक करें. उम्मीदवार का पंजीकरण शीर्षक से पेज खुलेगा. उम्मीदवार को फार्म में अपना निजी विवरण, संपर्क विवरण भरना होगा और फिर सबमिट बटन पर क्लिक करके आवेदन प्रस्तुत करें.

5.4 आवेदन प्रस्तुत होने के बाद प्रोफाइल सक्रियता के लिए ई-मेल आईडी पर सिस्टम सृजित ऑटो मेल भेजा जायेगा. उम्मीदवारों को अपनी प्रोफाइल को सक्रिय करना होगा.

5.5 www.apprenticeshipindia.gov.in के होम पेज पर वापस जाएं. होम पेज में उम्मीदवार लॉगिन/रजिस्टर मॉडयूल पर क्लिक करें. प्रोफाइल खोलने के लिए उम्मीदवार अपना पंजीकृत ई-मेल आईडी डाल कर सबमिट पर क्लिक करें. प्रमाणन के लिए पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जायेगा.

5.6 लॉगिन करने के उपरांत उम्मीदवार को अपना निजी विवरण जैसे कि जन्म तिथि (जन्म तिथि के प्रमाण के तौर पर केवल 10वीं श्रेणी अंक शीट या सक्षम प्रधिकारी से जारी जन्म प्रमाणपत्र अपलोड करें), पिता का नाम, माता का नाम और पता, शैक्षणिक अर्हताएं (केवल 10वीं श्रेणी और आईटीआई), ट्रेड वरीयता, बैंक खाता विवरण और वैध आधार नंबर की प्रविष्टि करें.

5.7 उम्मीदवार की प्रोफाइल पूरी होने पर उम्मीदवारों के लिए वेब पोर्टल **www.apprenticeshipindia.gov.in** में पंजीकरण के लिए ऑनलाइन स्टेप्स का पालन करना अपेक्षित है:-

5.7.1. स्टेप 1: वेब पोर्टल **www.apprenticeshipindia.gov.in** में लॉग ऑन करें.

5.7.2. स्टेप 2: ड्रापडाउन मैन्यु (दाईं तरफ कोने में सबसे ऊपर) से प्रशिक्षुता अवसरों पर क्लिक करें.

5.7.3. स्टेप 3: "स्थापना नाम से खोजें" में "नौसेना डॉकयार्ड कारवाड़" की प्रविष्टि करें. अवसरों की सूची प्रदर्शित होगी.

5.7.4. स्टेप 4: अवसरों की सूची से वांछित/पात्र प्रशिक्षुता ट्रेड के लिए एप्लाई क्लिक करें.

5.7.5. स्टेप 5: "उत्तर कन्नड़" का चयन करें.

5.7.6. स्टेप 6: "ओके" पर क्लिक करें.

5.8. ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने पर, उम्मीदवार प्रोफाइल खोलें, डाउनलोड करें और वेब पोर्टल से प्रिंट आउट ले लें तथा नीचे वर्णित दस्तावेजों के साथ "उम्मीदवार की प्रोफाइल" रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिनों** के भीतर **"प्रभारी अधिकारी, डॉकयार्ड अप्रेंटिस स्कूल, नौसेना डॉकयार्ड, नेवल बेस, कारवाड़, कर्नाटक-581 308"** के पास स्पीड/पंजीकृत डाक से भेज दें:-

5.8.1. एसएससी/मैट्रिक/10वीं श्रेणी अंक शीट की स्वयं सत्यापित प्रति (रिगर के लिए, 8वीं श्रेणी अंक शीट).

5.8.2. आईटीआई अंक शीट की स्वयं सत्यापित प्रति (सेमेस्टरवार अंक शीट और समेकित).

5.8.3. श्रेणी प्रमाणपत्र की स्वयं सत्यापित प्रति (केवल अपिव/अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए).

5.8.4. निःशक्तता प्रमाणपत्र की स्वयं सत्यापित प्रति (केवल पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए).

5.8.5. आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित प्रति

5.8.6. प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए स्थापना का विकल्प चुनने के लिए घोषणा प्रमाणपत्र अर्थात नौसेना डॉकयार्ड, कारवाड़ या नेवल एअरक्राफ्ट यार्ड (गोवा), डाबोलिम, गोवा का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए. प्रमाणपत्र का प्रोफॉर्मा निम्नानुसार है:-

घोषणा प्रमाण पत्र

मैं ..... एतद्द्वारा बयान करता हूं कि मैं नौसेना डॉकयार्ड, कारवाड़ (अथवा) नेवल एअरक्राफ्ट यार्ड (गोवा), डाबोलिम, गोवा में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए नामांकन के लिए आवेदन कर रहा हूं.

(कृपया स्थापना के विकल्प पर टिक करें और अन्य विकल्प को काट दें)

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

तिथि: .....

स्थान: .....

6. चयन प्रक्रिया: पैरा 1 में इंगित रिक्तियों की संख्या के लिए लागू नीति के अनुरूप ट्रेडवार लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों (उक्त पैरा 2 में यथा वर्णित सभी मानदंड पूरा करने वाले और विज्ञापन की तिथि बंद होने तक प्राप्त आवेदनों) का अल्पसूचीकरण किया जायेगा. चयन और तत्स्थानी मैरिट के संबंध में लिखित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और अंतिम ज्वाइनिंग पत्र के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जायेगी:-

6.1 प्रारंभिक मैरिट सूची: वैध आवेदनों वाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित होने के लिए प्रारंभिक मैरिट सूची में रखा जायेगा. प्रारंभिक मैरिट सूची ट्रेड और श्रेणी वार तैयार की जायेगी. प्रारंभिक मैरिट सूची तैयार करने के लिए प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:-

6.1.1 आई टी आई ट्रेडों के साथ उम्मीदवार: आईटीआई ट्रेडों के लिए प्रारंभिक मैरिट सूची आईटीआई और 10वीं श्रेणी में प्राप्त उनकी कुल अंक प्रतिशतता के आधार पर तैयार की जायेगी. आगे बराबरी के मामले में उम्मीदवारों की जन्म तिथि की तुलना की जायेगी और बड़े व्यक्ति को अन्यों से ऊपर रखा जाएगा. आगे बराबरी के मामले (बढ़ते क्रम में) उम्मीदवारों के प्रथम नाम अक्षर क्रम के उपरांत मध्य नाम, उपनाम (अक्षर 'ए' से आरंभ होकर 'जेड' तक) के लिए विचार करते हुए मैरिट क्रम तैयार करने का निर्णय लिया जायेगा.

(शेष पृष्ठ 44 पर)

(पृष्ठ 43 का शेष)

6.1.2 गैर आईटीआई ट्रेडों वाले उम्मीदवार: गैर आईटीआई ट्रेडों के लिए प्रारंभिक मैरिट सूची उनके 8वीं श्रेणी (रिगर ट्रेड के लिए) में, क्रेन ऑपरेटर ओवरहैड (इस्पात उद्योग) के लिए और फोर्जर और हीटर ट्रेडों के लिए 10वीं श्रेणी में प्राप्त उनकी अंक प्रतिशतता के आधार पर तैयार की जायेगी. आगे बराबरी के मामले में उम्मीदवारों की जन्म तिथि की तुलना की जायेगी और बड़े व्यक्ति को अन्यों से ऊपर रखा जाएगा. आगे बराबरी के मामले (बढ़ते क्रम में) उम्मीदवारों के प्रथम नाम के अक्षर क्रम के उपरांत मध्य नाम, उपनाम (अक्षर 'ए' से आरंभ होकर 'जेड' तक) के लिए विचार करते हुए मैरिट क्रम तैयार करने का निर्णय लिया जायेगा.

6.1.3 लिखित परीक्षा. प्रारंभिक मैरिट सूची में अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों को प्रत्येक ट्रेड और श्रेणी में उपलब्ध प्रत्येक रिक्ति के लिए 1:20 के अनुपात में लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए वाया ई-मेल (केवल) ई-प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा. उदाहरण के लिए, इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के लिए 06 अना रिक्तियां होने पर लिखित परीक्षा के लिए मैरिट के अनुसार 120 सर्वोच्च उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा. लिखित परीक्षा जनवरी 2027 में कारवाड़ में निर्धारित की गई हैं.

6.1.4 लिखित परीक्षा की योजना: कुल 100 अंकों की लिखित परीक्षा ओएमआर आधारित होगी और इसमें गणित (35 अंक), सामान्य विज्ञान (35 अंक) और सामान्य ज्ञान (30 अंक) पर आधारित बहुविकल्प प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे. प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा. लिखित परीक्षा की अवधि दो घण्टा होगी. कोई नकारात्मक अंक नहीं होंगे. प्रश्न पत्र अंग्रेजी और हिंदी दोनों में द्विभाषी होगा.

6.1.5 अंतिम मैरिट सूची: कुल न्यूनतम 40 प्रतिशत अर्हक अंक अर्जित करने वाले उम्मीदवारों के लिए लिखित परीक्षा के आधार पर एक मैरिट सूची तैयार की जायेगी. लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर ट्रेड और श्रेणीवार अंतिम मैरिट सूची और साथ में 20 प्रतिशत प्रतीक्षा सूची तैयार की जायेगी. इसके उपरांत, अंतिम मैरिट सूची में लघुसूचीबद्ध उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन और प्रशिक्षुता प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जायेगा और मैरिट स्थान के आधार पर (मेडिकल फिटनेस सहित) प्रशिक्षुता प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए चयनित उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर बुलावा पत्र जारी किया जायेगा. दो स्थापनाओं के लिए दो अलग-अलग मैरिट सूची, अर्थात एक नौसेना डॉकयार्ड, कारवाड़ के लिए और एक नेवल एअरक्राफ्ट यार्ड (गोवा) के लिए तैयार की जाएंगी.

7. **भावी उम्मीदवारों को सूचना:** निर्धारित तिथियों में कोई परिवर्तन, संशोधन होने आदि के मामले में पंजीकृत मोबाइल आईडी पर सूचित किया जायेगा.

8. **ठहरना/खानपान/यात्रा व्यय:** नौसेना डॉकयार्ड द्वारा संपूर्ण चयन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को कोई आवास सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जायेगी. लिखित परीक्षा के लिए बुलाये गये उम्मीदवारों को अपने ठहरने और खाने पीने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी. चयन प्रक्रिया के दौरान यात्रा खर्च देय नहीं है.

9. **चिकित्सा जांच-** चयनित उम्मीदवारों को जिला अस्पताल के जरिए चिकित्सा जांच से गुजरना होगा और प्रशिक्षुता नियम, 1992 के नियम 4 तथा अनुसूची II के अनुसार योग्य घोषित होने चाहिए. उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग के समय जिला अस्पताल के कम से कम सहायक सर्जन के रैंक के अस्पताल सर्जन से विधिवत हस्ताक्षरित नौसेना डॉकयार्ड, कारवाड़ द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रारूप के अनुसार मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा.

10. **पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र:** उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग के दौरान पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा.

11. **प्रशिक्षण की शुरूआत/प्रशिक्षुता अनुबंध:** अंत में, चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 के अनुसार प्रशिक्षुता अनुबंध का प्रस्ताव किया जायेगा और उन्हें उल्लिखित तिथि (संभवतः 12 अप्रैल, 2027) का डॉकयार्ड अप्रेंटिस स्कूल (डीएएस), नौसेना डॉकयार्ड, कारवाड़/प्रशिक्षुता प्रशिक्षण स्कूल (एटीएस), नेवल एअरक्राफ्ट यार्ड (गोवा), डाबोलिम, गोवा में ज्वाइन करना होगा.

12. **हॉस्टल सुविधा**

12.1 नौसेना डॉकयार्ड, कारवाड़: डीएएस, नौसेना डाकयार्ड, कारवाड़ में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए चयनित बाहरी उम्मीदवारों के लिए पहले आओ पहले पाओ आधार पर हॉस्टल में सीमित आवास सुविधा (केवल लड़कों के लिए) उपलब्ध है.

12.2 नेवल एअरक्राफ्ट यार्ड (गोवा), डाबोलिम, गोवा: नेवल एअरक्राफ्ट यार्ड (गोवा), डाबोलिम, गोवा में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए चयनित उम्मीदवारों के लिए कोई हास्टल सुविधा उपलब्ध, नहीं होगी.

13. **उम्मीदवारी का निरस्तीकरण:** उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले सभी अनुदेशों को अच्छी तरह और ध्यानपूर्वक पढ़ लें. उनके आवेदन/उम्मीदवारी को निम्नलिखित एक या अधिक कारणों से अस्वीकार किया जा सकता है:-

13.1 उम्मीदवार की अपूर्ण प्रोफाइल

13.2 नौसेना डॉकयार्ड, कारवाड़/नेवल एअरक्राफ्ट यार्ड (गोवा), डाबोलिम, गोवा में निर्धारित ट्रेडों में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए विनिर्दिष्ट अर्हता, आवेदन बंद होने की तिथि को नहीं होना.

13.3 कम आयु होना या जन्म तिथि नहीं भरना या गलत भरना.

13.4 दोहरे या अनेक आवेदन प्रस्तुत करना.

13.5 उम्मीदवार की प्रोफाइल में नाम, पिता का नाम और जन्म तिथि का एसएससी/मैट्रिक/10वीं श्रेणी/आईटीआई प्रमाणपत्र में मिलान न होना.

13.6 आवेदित ट्रेड और आईटीआई ट्रेड प्रमाणपत्र के बीच असंगतता.

13.7 प्रशिक्षुता अधिनियम 1961 के प्रावधानों के तहत पहले से प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उम्मीदवार आवेदन के लिए पात्र नहीं हैं. यदि चयनित उम्मीदवार किसी फर्म में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त करता पाया गया या प्रतीक्षा अवधि में है, उसकी उम्मीदवारी तत्काल निरस्त कर दी जायेगी.

13.8 कोई अन्य अनियमितता, जिससे एडमिरल सुपरिंटेंडेंट, नौसेना डॉकयार्ड, कारवाड़ द्वारा आवेदक की उम्मीदवारी को अवैध ठहराया जा सकता है.

14. **कोई दायित्व नहीं:** प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 के अनुरूप, नौसेना डॉकयार्ड, कारवाड़/नेवल एअरक्राफ्ट यार्ड (गोवा), डाबोलिम, गोवा या किसी अन्य सरकारी एजेंसी पर प्रशिक्षुता प्रशिक्षण पूरा करने पर रोजगार उपलब्ध, कराने का दायित्व नहीं होगा.

15. **सामान्य सूचना:** उम्मीदवारों को निम्नलिखित अनुदेश ध्यानपूर्वक नोट करने की सलाह दी जाती है:-

15.1 उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि इस नामांकन के लिए किसी को भी, जो भी कोई हो, कोई धनराशि का भुगतान करना अपेक्षित नहीं है.

15.2 उम्मीदवारों के लिए समय-समय पर सूचनाएं/अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए अपना वैध मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी देना अपेक्षित है.

15.3 सभी को सलाह दी जाती है कि वे इस नामांकन के लिए किसी दलाल/कथित एजेंटों के बहकावे में न आएं.

15.4 आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी सिफारिश किए जाने से उसकी उम्मीदवारी अयोग्य हो जाएगी.

15.5 उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में छदमरूपण करने या छदमरूपण के लिए किसी अन्य व्यक्ति की सहायता लेने का प्रयास अथवा पड़ौसी उम्मीदवारों से नकल नहीं करनी चाहिए, पुस्तकों और किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग नहीं करना चाहिए.

15.6 तथ्यों को छिपाने या जाली प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी.

15.7 यदि कोई उम्मीदवार परीक्षा के दौरान किसी प्रकार के अनुचित साधनों का इस्तेमाल करते पाया गया, उम्मीदवार को सरसरी तौर पर ही प्रतिबंधित कर दिया जायेगा और भविष्य में भारतीय नौसेना द्वारा संचालित किसी परीक्षा/लिखित परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

15.8 पात्रता, किसी आवेदन की स्वीकृति/अस्वीकृति के संबंध में सभी मामलों में एडमिरल सुपरिंटेंडेंट, नौसेना डॉकयार्ड, कारवाड़ का निर्णय अंतिम और उम्मीदवार के लिए बाध्यकर होगा तथा इस संबंध में किसी पूछताछ/पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.

15.9 विनिर्दिष्ट ट्रेड अप्रेंटिसिस के विनियोजन की शर्तों और निबंधन में बाद में कोई भी परिवर्तन नियमानुसार लागू होंगे. भारतीय नौसेना के पास इस विज्ञापन के अधीन यथावश्यक और लागू नियमों के अनुरूप बाद में कोई भी परिवर्तन/संशोधन/विस्तार शामिल करने का अधिकार सुरक्षित है.

15.10 लिखित परीक्षा के लिए आवेदन कर रहे उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे परीक्षा के लिए प्रवेश हेतु सभी पात्रता मानदंड पूरा करते हैं. परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश पूरी तरह अनंतिम, उनके निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करने के विषयाधीन होगा. यदि लिखित परीक्षा से पहले या बाद में किसी भी समय दस्तावेजों के सत्यापन में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार

(शेष पृष्ठ 45 पर)

(पृष्ठ 44 का शेष)

कोई भी पात्रता शर्तें पूरी नहीं करता है तो परीक्षा के लिए उसकी उम्मीदवारी भारतीय नौसेना/एडमिरल सुपरिंटेंडेंट, नौसेना डॉकयार्ड, कारवाड़ द्वारा निरस्त कर दी जाएगी.

15.11 किसी दलाल/एजेंट/नामांकन के लिए राशि की मांग करने वाले किसी भी व्यक्ति के संबंध में शिकायत प्रभारी अधिकारी, डॉकयार्ड अप्रेंटिस स्कूल, नौसेना डॉकयार्ड, कारवाड़ को संगत प्रमाण के साथ ई-मेल **oicdas-kar@navy.gov.in** पर सूचित किया जा सकता है. उम्मीदवार और मामले की पूर्ण गोपनीयता बनाए रखी जाएगी. किसी गुमनाम शिकायतों पर विचार नहीं किया जायेगा.

CBC 10702/11/0049/2627 EN 28/93

फल एवं बागवानी प्रौद्योगिकी संभाग
भाकृअनुप–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
नई दिल्ली-110012

FHT/NMHYS/IFFCO/NPTGCP/2026-27

प्रत्यक्ष साक्षात्कार

फल एवं बागवानी प्रौद्योगिकी संभाग, भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली-110012 में **यंग प्रोफेशनल-II (YP-II)** के दो (02) पदों और **यंग प्रोफेशनल-I (YP-I)** के एक (01) पद के लिए निम्नलिखित विवरण के अनुसार प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा:

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	परियोजना का विवरण	दिनांक एवं समय
1	यंग प्रोफेशनल-II (YP-II)	1	उच्च उपज वाले बीजों पर राष्ट्रीय मिशन (NMHYS), पपीता	15.10.2026, प्रातः 9:30 बजे
2	यंग प्रोफेशनल-II (YP-II)	1	आम और किन्नू के फलों की गुणवत्ता एवं उपज पर IFFCO नैनो उर्वरकों का मूल्यांकन	15.10.2026, प्रातः 9:30 बजे
3	यंग प्रोफेशनल-I (YP-I)	1	फसली पौधों (आम) में ट्रांसलेशनल जीनोमिक्स पर भाकृअनुप नेटवर्क परियोजना	15.10.2026, पूर्वाह्न 11:00 बजे

ये पद पूर्णतः संविदात्मक हैं और संबंधित परियोजना की समाप्ति के साथ स्वतः समाप्त हो जाएंगे। पारिश्रमिक, अनिवार्य योग्यताओं, निबंधन एवं शर्तों, आवेदन-प्रपत्र आदि से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट **http://www.iari.res.in** देखें.

EN 28/50 सहायक प्रशासनिक अधिकारी

मुख्य अभियंता

इंजीनियरिंग विभाग, संघ राज्य क्षेत्र, चंडीगढ़
प्रथम तल, डीलक्स भवन, सेक्टर-9-डी, चंडीगढ़-160009
दूरभाष संख्या: 0172-2740091, 2740192, फैक्स: 0172-2740276
ई-मेल आईडी: ce-chd@nic.in

रिक्ति परिपत्र

इंजीनियरिंग विभाग, संघ राज्य क्षेत्र, चंडीगढ़, अधिसूचित भर्ती नियम दिनांक 27.11.2017, जो दिनांक 30.05.2022 की अधिसूचना द्वारा संशोधित किए गए हैं, में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुसार निम्नलिखित अपेक्षित रिक्तियों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरना चाहता है. नियुक्ति की अवधि एक वर्ष होगी, जिसे उक्त नियमों के प्रावधानों के अनुसार सामान्यतः चार वर्ष से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा. इन पदों के लिए केंद्र सरकार/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों/अर्ध-सरकारी संगठनों/स्वायत्त निकायों/सांविधिक संगठनों के अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	पे मैट्रिक्स	समूह
1.	कार्यकारी अभियंता (जन स्वास्थ्य)	01	7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार लेवल-11 (रुपये 67,700–2,08,700)	समूह-क

अधिसूचित भर्ती नियमों के अनुसार विस्तृत पात्रता मानदंड तथा प्रतिनियुक्ति के आधार पर उक्त पद के लिए आवेदन करने के लिए आवेदन-पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज की सूची (अनुलग्नक-I) चंडीगढ़ प्रशासन की वेबसाइट अर्थात् **Chandigarh.gov.in/Public Notice** पर देखी जा सकती है.

पात्र एवं इच्छुक अधिकारियों, जिन्हें तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता है, के आवेदन निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-क) में उचित माध्यम से उपर्युक्त पते पर इस प्रकार भेजे जाएं कि वे रोजगार समाचार में विज्ञापन के अगले प्रकाशन की तारीख (अर्थात् 10.10.2026-16.10.2026) से **45वें दिन** पड़ने वाली तारीख को या उससे पहले प्राप्त हो जाएं. आवेदन-पत्र के साथ पिछले पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की फोटो प्रतियाँ भी संलग्न की जाएं, जो कम से कम अवर सचिव या समकक्ष पद के अधिकारी द्वारा विधिवत् सत्यापित की गई हों. आवेदन अग्रेषित करते समय यह प्रमाणित किया जाए कि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत विवरण सही हैं तथा अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक अथवा सतर्कता संबंधी मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है. साथ ही, नियोक्ता/कैडर नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित की जाए (अनुलग्नक-II). यह भी पुष्टि की जाए कि संबंधित अधिकारी का चयन होने की स्थिति में उसे उसके वर्तमान कर्तव्यों से कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

उम्मीदवारों द्वारा दावा की गई शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के समर्थन में प्रमाण-पत्र/दस्तावेज संलग्न न होने की स्थिति में, ऐसे आवेदन-पत्रों पर उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारित करने के लिए विचार नहीं किया जाएगा. अर्थात्, अपूर्ण आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे और उन्हें तत्काल अस्वीकृत कर दिया जाएगा.

आवेदकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए निर्णायक तिथि रोजगार समाचार में रिक्ति/पद के प्रकाशन की प्रथम तिथि को छोड़कर निर्धारित की जाएगी. अर्थात्, **10.10.2026** को रोजगार समाचार में प्रकाशित रिक्ति के लिए निर्णायक तिथि की गणना 11.10.2026 से की जाएगी (प्रकाशन की प्रथम तिथि को छोड़कर). उक्त पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि **24.11.2026** है.

यह ध्यान दिया जाए कि प्रतिनियुक्ति के आधार पर पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(मोहित सिंगल)
कार्यकारी अभियंता (डब्ल्यू एंड ई),
मुख्य अभियंता कार्यालय, संघ राज्य क्षेत्र, चंडीगढ़
मोबाइल नं. 9815666007

EN 28/64

भारत का सर्वोच्च न्यायालय
संख्या: एफ.6/2026-एससी (आरसी)
नई दिल्ली, दिनांक: 30 सितंबर, 2026

1 सितंबर, 2026 को निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले भारतीय नागरिकों से **जूनियर कोर्ट असिस्टेंट** (समूह-ख अराजपत्रित पद) के **250 संभावित रिक्त पदों** को भरने हेतु उपयुक्त उम्मीदवारों का पैनल तैयार करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह पद पे मैट्रिक्स के लेवल-6 में है, जिसमें रुपये 35,400/- के प्रारंभिक मूल वेतन के साथ नियमानुसार भत्ते देय होंगे.

जूनियर कोर्ट असिस्टेंट के पदों की संख्या प्रशासनिक आवश्यकताओं और/या रजिस्ट्री की आवश्यकता के कारण परिवर्तित की जा सकती है. रजिस्ट्री, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से इस प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है. रजिस्ट्री आवश्यकता पड़ने पर बिना किसी सूचना के चयन प्रक्रिया को रद्द करने, सीमित करने, विस्तारित करने, संशोधित करने अथवा उसमें परिवर्तन करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है. चयन प्रक्रिया से संबंधित सभी अधिकार सक्षम प्राधिकारी के पास सुरक्षित रहेंगे.

योग्यता

- भारत में किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री.
- कंप्यूटर संचालन का ज्ञान तथा कंप्यूटर पर 35 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति.

आयु सीमा

1 सितंबर, 2026 को उम्मीदवार की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए. उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष है. अनुसूचित जाति (अजा), अनुसूचित जनजाति (अजजा), अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर), दिव्यांगजन तथा भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के उम्मीदवारों को निर्धारित आयु सीमा में भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी. स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को निर्धारित 30 वर्ष की आयु सीमा के अतिरिक्त आयु में अधिकतम 5 वर्ष तक की छूट स्वीकार्य होगी. भारत के सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री के विभागीय उम्मीदवारों के लिए कोई अधिकतम आयु सीमा नहीं होगी. अन्य सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि में कार्यरत उम्मीदवारों को आयु में कोई छूट प्रदान नहीं की जाएगी.

आरक्षण

आरक्षण का लाभ सर्वोच्च न्यायालय अधिकारी एवं कर्मचारी (सेवा शर्तें और आचरण) नियम, 1961 के नियम 4ए के अनुसार प्रदान किया जाएगा.

जूनियर कोर्ट असिस्टेंट के पद के लिए निर्धारित परीक्षा योजना एवं सामान्य निर्देशों का विवरण भारत के सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट **www.sci.gov.in** पर अपलोड किए गए विस्तृत विज्ञापन में पढ़ा जा सकता है.

ऑनलाइन आवेदन शुरू होने/समाप्त होने की तिथि:

ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण की प्रारंभिक तिथि 7 अक्टूबर, 2026 है तथा **आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 28 अक्टूबर, 2026 को रात्रि 11:55 बजे तक है.**

(महाबीर सिंह)
उप रजिस्ट्रार (भर्ती)

EN 28/79

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
एनएच-62, नागौर रोड, करवड़, जोधपुर, राजस्थान-342030

विज्ञापन सं.: IITJ/OR(NF)/2026-27/64

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर में विभिन्न गैर-संकाय पदों के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

ऑनलाइन आवेदन लिंक
https://erponline.iitj.ac.in/CAREER/auth/careerOpening.htm

महत्वपूर्ण तिथियां
आवेदन प्रारंभ होने की तिथि: 01.10.2026
आवेदन की अंतिम तिथि: 30.10.2026

अधिक जानकारी के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट **https://iitj.ac.in** देखें.

अधिष्ठाता (प्रशासन)

CBC 21305/11/0003/2627 EN 28/88



योजना
विकास को समर्पित मासिक
(हिंदी, अंग्रेज़ी, उर्दू व 10 अन्य भारतीय भाषाओं में)

प्रकाशन विभाग
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार

कुरुक्षेत्र
ग्रामीण विकास पर मासिक
(हिंदी और अंग्रेज़ी)

आजकल
साहित्य एवं संस्कृति का मासिक
(हिंदी तथा उर्दू)

बाल भारती
बच्चों की मासिक पत्रिका
(हिंदी)

घर पर हमारी पत्रिकाएं मंगाना है काफी आसान...

आपको सिर्फ नीचे दिए गए 'भारत कोष' के लिंक पर जा कर पत्रिका के लिए ऑनलाइन डिजिटल भुगतान करना है-
https://bharatkosh.gov.in/Product/Product

सदस्यता दरें

प्लान	योजना या कुरुक्षेत्र या आजकल		बाल भारती	
वर्ष	ट्रैकिंग सुविधा के बिना	ट्रैकिंग सुविधा के साथ	ट्रैकिंग सुविधा के बिना	ट्रैकिंग सुविधा के साथ
1	₹ 350	₹ 434	₹ 280	₹ 364

ऑनलाइन के अलावा आप डाक द्वारा डिमांड ड्राफ्ट, भारतीय पोस्टल आर्डर या मनीआर्डर से भी प्लान के अनुसार निर्धारित राशि भेज सकते हैं। डिमांड ड्राफ्ट, भारतीय पोस्टल ऑडर या मनीआर्डर **"अपर महानिदेशक, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय"** के पक्ष में **नई दिल्ली** में देय होना चाहिए।

अपने डीडी, पोस्टल आर्डर या मनीआर्डर के साथ नीचे दिया गया "सदस्यता कूपन" या उसकी फोटो कॉपी में सभी विवरण भरकर हमें भेजें। भेजने का पता है-
संपादक, सर्कुलेशन (प्रसार) एकांश, प्रकाशन विभाग, कक्ष सं. 779, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

अधिक जानकारी के लिए ईमेल करें- sec-circulation-moib@gov.in

हमसे संपर्क करें- **फोन : 011-24367453** (सोमवार से शुक्रवार सभी कार्य दिवस पर प्रात: साढ़े नौ बजे से शाम छह बजे तक)

कृपया नोट करें कि सदस्यता शुल्क प्राप्त होने के बाद सदस्यता शुरू होने में कम से कम आठ सप्ताह लगते हैं। कृपया इतने समय प्रतीक्षा करें और पत्रिका न मिलने की शिकायत इस अवधि के बाद करें।

सदस्यता कूपन (नई सदस्यता/नवीकरण/पते में परिवर्तन)

कृपया मुझे 1 वर्ष के प्लान के तहत ..... पत्रिका ..... भाषा में भेजें।

नाम (साफ व बड़े अक्षरों में) .....

पता : .....

..... ज़िला ..... पिन .....

ईमेल ..... मोबाइल नं. .....

डीडी/पीओ/एमओ सं. ..... दिनांक ..... सदस्यता सं. .....

Publications Division

Ministry of Information & Broadcasting
Government of India

ASSOCIATE YOURSELF WITH THE GOVERNMENT'S LARGEST PUBLISHING HOUSE

Grab the opportunity for ATTRACTIVE REGULAR INCOME by becoming a distributor of our popular periodicals and Employment News

GETTING DISTRIBUTORSHIP ENSURES

- Guaranteed profit
- 100 % secure investment
- Instant income
- Association with established brand
- Minimum investment – Maximum profit

Benefits for Employment News Distributors

No. of Copies	Discount in sale price
20–1000	25%
1001–2000	35%
2001–More	40%

Benefits for Periodical Distributors

No. of Copies	Discount in sale price
20–250	25%
251-1000	40%
1001–More	45%



EASY TO BECOME A DISTRIBUTOR

- Educational qualifications NOT REQUIRED
- Business experience NOT REQUIRED
- Minimum investment – three times the amount of initial purchase (for periodicals)







Contact

Employment News

Phone No.: 24044000/01
E-mail: en-support@gov.in

Periodicals Unit

Phone No.: 24044000/01
E-mail: sec-circulation-moib@gov.in

Address: Room No. 779, 7th Floor, Soochna Bhawan, Lodhi Road, New Delhi-110003

समाचार सारांश

राष्ट्रीय

■ डिजिटल बैंकिंग रिकॉर्ड को साक्ष्य के रूप में मान्यता



'बैंकर्स बुक्स एविडेंस एक्ट, 2026', पहली अक्टूबर, 2026 से लागू हो गया है। इसने वर्ष 1891 के बैंकर्स बुक्स एविडेंस एक्ट का स्थान लिया है। नया कानून बैंकिंग रिकॉर्ड को साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल करने से संबंधित कानूनी ढांचे को मौजूदा डिजिटल बैंकिंग व्यवस्था के अनुरूप बनाता है। इसमें भौतिक, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड को शामिल करते हुए प्रौद्योगिकी-निरपेक्ष व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। निर्धारित प्रमाणीकरण और सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने पर बैंक रिकॉर्ड की प्रमाणित प्रतियों को अदालती कार्यवाही, मध्यस्थता, जांच और वैधानिक पड़ताल में साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जा सकेगा। इस सुधार से प्रक्रियागत देरी कम होने और साक्ष्य व्यवस्था को तेजी से डिजिटल हो रहे वित्तीय क्षेत्र के अधिक अनुकूल बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

■ ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर 3.0 को मंत्रिमंडल की मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश की राष्ट्रीय विद्युत प्रणाली में बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा को शामिल करने के लिए ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर कार्यक्रम के तीसरे चरण को मंजूरी दी है। सौर और पवन ऊर्जा क्षमता के विस्तार के साथ, इस योजना के तहत उत्पादन केंद्रों से उपभोक्ताओं तक बिजली पहुंचाने के लिए आवश्यक पारेषण और भंडारण बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा। एक लाख 86 हजार 405 करोड़ रुपये की इस योजना से राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में अंतर्राज्यीय पारेषण नेटवर्क मजबूत होगा और 135 गीगावाट तक नवीकरणीय बिजली की निकासी संभव हो सकेगी। इससे नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में उत्पादित बिजली को प्रभावी ढंग से ग्रिड तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। योजना में 50 गीगावाट घंटा क्षमता वाली बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों का भी प्रावधान है। ये प्रणालियां अधिक उत्पादन के दौरान अतिरिक्त नवीकरणीय बिजली का भंडारण करेंगी और अधिक मांग, सौर ऊर्जा उपलब्ध न होने या कम पवन ऊर्जा उत्पादन की अवधि में इसकी आपूर्ति करेंगी। इससे नवीकरणीय ऊर्जा की अनियमित उपलब्धता से जुड़ी चुनौती से निपटने, ग्रिड पर दबाव कम करने और बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता एवं स्थिरता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

■ 'प्रगति-50' के तहत स्वच्छता के मॉडल बनेंगे 50 शहर

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने 24 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 50 शहरों को स्वच्छता के मॉडल शहर के रूप में विकसित करने के लिए 'प्रगति-50' पहल शुरू की है। चयनित शहरों में प्रमुख प्रशासनिक और आर्थिक केंद्रों के साथ सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर, तीर्थ स्थल और प्रमुख पर्यटन स्थल शामिल हैं। स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत इन शहरों में प्रत्यक्ष स्वच्छता, ठोस कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन, इस्तेमाल किए गए पानी के प्रबंधन, साफ़-सफाई और जनभागीदारी में मापने योग्य सुधार पर काम किया जाएगा। प्रगति-50 में स्वच्छता को केवल समय-समय पर चलाए जाने वाले अभियान के बजाय व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। प्रत्येक शहर निर्धारित प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर लक्षित कार्रवाई करेगा। इसकी प्रौद्योगिकी आधारित गहन निगरानी और समय-समय पर समीक्षा की जाएगी। पहल का उद्देश्य चयनित शहरों को कचरा-मुक्त बनाने के साथ ऐसी कार्यप्रणालियां विकसित करना है, जिन्हें देश के अन्य शहर भी अपना सकें।

■ भगोड़ों की वापसी में तेजी के लिए नया प्रत्यर्पण पोर्टल

विदेशों से भगोड़ों को भारत वापस लाने की प्रक्रिया में तेजी और केंद्रीय एजेंसियों तथा राज्य पुलिस बलों के बीच बेहतर समन्वय के लिए नया प्रत्यर्पण पोर्टल शुरू किया गया है। यह पोर्टल प्रत्यर्पण से जुड़े मामलों के लिए समन्वित व्यवस्था उपलब्ध कराएगा और विभिन्न प्राधिकरणों के बीच बिखरे संचार के कारण होने वाली देरी को कम करने में मदद करेगा। पोर्टल की शुरुआत करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने राज्य पुलिस बलों से समर्पित टीमें गठित करने को कहा है। ये टीमें भगोड़ों का पता लगाने, मामले तैयार करने और निर्धारित अंतरराष्ट्रीय प्रक्रियाओं के माध्यम से उनकी वापसी के प्रयासों में केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम करेंगी। पोर्टल से आतंकवादी घटनाओं के निरंतर विश्लेषण, एजेंसियों के बीच त्वरित कार्रवाई और आतंकवाद तथा अंतरराष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्क से निपटने के लिए समन्वित दीर्घकालिक रणनीति बनाने में भी मदद मिलेगी।

अर्थव्यवस्था

■ राष्ट्रीय तटीय मिशन 2.0 के क्रियान्वयन का रास्ता साफ



राष्ट्रीय तटीय मिशन 2.0 के दिशानिर्देश जारी होने के साथ ही यह मिशन अब क्रियान्वयन के चरण में प्रवेश करेगा। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने 30 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली में इसके दिशानिर्देश जारी किए। मिशन के तहत तटीय क्षेत्रों की संवेदनशीलता का आकलन, पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली, प्रदूषण प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण, सतत पर्यटन, स्थानिक योजना, अनुसंधान और क्षमता निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। दिशानिर्देशों से नौ तटीय राज्यों और चार केंद्रशासित प्रदेशों को एक साझा ढांचे के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में मदद मिलेगी। 767 करोड़ रुपये की यह केंद्रीय क्षेत्र की योजना वर्ष 2030-31 तक लागू की जाएगी। मिशन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक विकास को जोड़ते हुए मत्स्य पालन, पर्यटन और अन्य समुद्री गतिविधियों सहित भारत की ब्लू इकोनॉमी की संभावनाओं का उपयोग करना है।

■ राष्ट्रीय पशुधन बीमा पोर्टल शुरू

पशुपालन और डेयरी विभाग ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत पशुधन बीमा के लिए एकीकृत डिजिटल पोर्टल शुरू किया है। इस मंच का उद्देश्य देशभर के पशुपालकों तक बीमा सुरक्षा पहुंचाने की प्रक्रिया को सरल बनाना है। एकीकृत प्रणाली के माध्यम से बीमा पॉलिसी जारी करने, दावों के निपटान, कार्यक्रमों की निगरानी और रिपोर्टिंग की सुविधा मिलेगी। अधिकारी बेहतर समन्वय, पर्यवेक्षण और आंकड़ों पर आधारित पशुधन बीमा कार्यक्रमों के प्रबंधन के लिए वास्तविक समय की जानकारी का भी उपयोग कर सकेंगे। अधिक लोगों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पोर्टल हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 11 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है।

अंतरराष्ट्रीय

■ इराक में अमरीका का 'ऑपरेशन इनहेरेंट रिजॉल्व' समाप्त



अमरीका ने इराक से अपने शेष सैनिकों और सैन्य उपकरणों की वापसी पूरी कर ली है। इसके साथ ही आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से मुकाबले के लिए वर्ष 2014 में शुरू किए गए 'ऑपरेशन इनहेरेंट रिजॉल्व' का इराक-केंद्रित चरण औपचारिक रूप से समाप्त हो गया। अंतिम सैन्य टुकड़ी 30 सितंबर, 2026 को एरबिल एयर बेस से रवाना हुई। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सैनिकों की वापसी को अमेरिका और इराक की जीत तथा आईएसआईएस पर निर्णायक विजय बताया। अमरीकी सेना के अनुसार, 12 वर्ष के अभियान ने इराक में एक संगठित सैन्य खतरे के रूप में आईएसआईएस की स्थिति समाप्त कर दी और कुर्द पेशमर्गा सहित इराकी सुरक्षा बलों को देश की सुरक्षा की मुख्य जिम्मेदारी संभालने में सक्षम बनाया। सैनिकों की वापसी वाशिंगटन और बगदाद के बीच वर्ष 2024 में बनी संक्रमण योजना के तहत की गई। इसके साथ ही युद्धकालीन गठबंधन मिशन से अधिक पारंपरिक द्विपक्षीय सुरक्षा संबंधों की ओर बदलाव हुआ है। अमरीका की ओर से इराकी सुरक्षा बलों को लक्षित प्रशिक्षण और खुफिया सहायता जारी रहने की उम्मीद है।

■ भारतीय नागरिकों को रूसी सेना में शामिल न होने की सलाह

विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों के लिए नया परामर्श जारी कर उनसे रूसी सशस्त्र बलों में शामिल होने के प्रस्ताव स्वीकार न करने को कहा है। मंत्रालय ने आगाह किया है कि ऐसी भर्ती लोगों को जानलेवा खतरों में डाल सकती है। यह परामर्श एजेंटों, स्वयंसेवी समूहों और अन्य गैर-सार्वजनिक संगठनों के माध्यम से भारतीयों की भर्ती की लगातार मिल रही खबरों के बाद जारी किया गया है। रोज़गार के लिए रूस जाने वाले भारतीय नागरिकों को नौकरी के प्रस्तावों की सावधानीपूर्वक जांच करने और अपंजीकृत भर्ती एजेंटों अथवा आकर्षक वित्तीय लाभ का वादा करने वाले लोगों से बचने की सलाह दी गई है। मंत्रालय के अनुसार, कुछ मामलों में लोगों ने कथित तौर पर भारतीय नागरिकता छोड़ने, रूसी पासपोर्ट हासिल करने और उसके बाद रूसी सशस्त्र बलों में शामिल होने का प्रयास किया। सरकार ने नागरिकों को संघर्ष क्षेत्र में तैनाती से जुड़े जानलेवा खतरों के साथ ऐसे निर्णयों के गंभीर और संभावित रूपसे अपरिवर्तनीय कानूनी तथा व्यक्तिगत परिणामों पर भी विचार करने की सलाह दी है।

खेल

■ एशियाई खेलों में भारत का शानदार पदक अभियान



जापान के आइची-नागोया में चल रहे एशियाई खेलों में 25 सितंबर से 1 अक्टूबर, 2026 के बीच भारत ने एथलेटिक्स, तीरंदाजी, निशानेबाजी, कबड्डी, स्क्वैश, मुक्केबाजी, कुश्ती और नौकायन सहित कई खेलों में पदक जीते। एथलेटिक्स में गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10 हजार मीटर और 1,500 मीटर स्पर्धाओं में रजत तथा 5,000 मीटर में कांस्य पदक जीता। सावन बरवाल ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ मैराथन में रजत पदक जीता। यह इस स्पर्धा में 44 वर्ष बाद भारत का पहला एशियाई खेल पदक और भारत के बाहर पहला पदक है। यशवीर सिंह ने भाला फेंक में रजत पदक और रोहित यादव ने कांस्य पदक जीता। मुरली श्रीशंकर ने पुरुष लंबी कूद, सर्वेश कुशारे ने पुरुष ऊंची कूद और एंसी सोजन ने महिला लंबी कूद में रजत पदक हासिल किया। भारत की महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने स्वर्ण पदक जीता। विथ्या रामराज, पारुल चौधरी, तेजस्विन शंकर, हरिता भद्रा, पूजा सिंह, प्राची और पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी पदक हासिल किए।

बारानिका एलंगोवन ने महिला पोल वॉल्ट में भारत को एशियाई खेलों का पहला पदक दिलाया। कंपाउंड तीरंदाजी में भारत ने तीनों टीम खिताब अपने नाम किए। ज्योति सुरेखा वेन्नम, चिकिता तनीपर्थी और पृथिका प्रदीप ने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले 238 अंकों के साथ महिला टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। चिकिता और साहिल जाधव ने मिश्रित टीम खिताब जीतने के साथ भारत के लिए एलए 28 ओलंपिक के दो कोटा स्थान भी हासिल किए। कुशल दलाल, साहिल जाधव और गणेश मणि रत्नम थिरुमुरु ने पुरुष टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। गणेश ने बाद में व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक भी हासिल किया। निशानेबाजी में कमलजीत सिंह और सुरुचि सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि ईशा सिंह ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। नीरू ढांडा व्यक्तिगत एशियाई खेल ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उन्होंने आशिमा अहलावत और मनीषा कीर के साथ महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक भी जीता। इसके बाद नीरू और काइनन चेनाई ने एशियाई खेल रिकॉर्ड 34 के स्कोर के साथ मिश्रित टीम ट्रैप स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। भारत ने पुरुष और महिला दोनों कबड्डी फाइनल में ईरान को हराकर अपने खिताब बरकरार रखे। स्क्वैश में अनाहत सिंह और अभय सिंह ने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में रजत पदक जीते, जबकि जोशना चिनप्पा और वेलावन सेंथिलकुमार ने मिश्रित युगल में कांस्य पदक हासिल किया। मुक्केबाजी में प्रिया घांघस, कपिल पोखरिया और नरेंद्र बेरवाल ने कांस्य पदक जीते, जबकि ग्रीको-रोमन कुश्ती में सुनील कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। लवलीना बोरगोहेन, परवीन हुड्डा और अंकुश पंघाल ने मुक्केबाजी के फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही लवलीना लगातार दो एशियाई खेलों के मुक्केबाजी फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

नौकायन की पुरुष स्किफ स्पर्धा में मनु फ्रांसिस और प्रिंस नोबल ने रजत पदक जीता। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को 124 रन से हराकर पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में जगह बनाई, जबकि महिला हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को 2-0 से हराकर चीन के खिलाफ स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया। **(संकलन- ईएन टीम)**

दिल्ली पोस्टल पंजीकरण संख्या डीएल(एस)-01/3558/2026-28 यू(सी)107/2026-28 (पूर्व भुगतान के बिना डाक से भेजने की अनुमति) पीआरजीआई 28729/1976
MAGAZINE POST NO. DL(DS)-78/MP/2024-25-26 पोस्टिंग की तारीख : 6 तथा 7 अक्तूबर 2026 प्रकाशन तिथि : 5 अक्तूबर 2026
डॉ. धीरज काकड़िया, महानिदेशक, प्रकाशन विभाग द्वारा सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, के लिए सूचना भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 से प्रकाशित और मुद्रक पृथ्विस दास द्वारा डीबी कॉर्प. प्लॉट सं. 42-43, सेक्टर-29, फेज-II, पानीपत (हरियाणा)- 132103 से मुद्रित। संपादक : रहीसुद्दीन रिहान